

केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत, भाजपा ने कहा निवेशकों के लिए भरोसे का केंद्र -12



भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे -12



दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल, संसदीय समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार -13



एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ शुरुआत करने उतरेगा भारत -14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.48
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी 09:59 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 11 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 172, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो अब बाबरी मस्जिद कभी नहीं बनेगी : योगी

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को बाराबंकी से दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में दोबारा बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो। कयामत का दिन कभी आने वाला नहीं है, जो लोग इसका सपना देख रहे हैं, सड़-गल जाएंगे। हिंदुस्तान में कायदे में रहने वाले फायदे में रहेंगे। अगर कोई कानून तोड़कर जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम की तरफ जाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हिंद केसरी ब्रह्मलीन महंत बाबा हरिशंकर दास की पुण्य स्मृति में श्रीराम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर कुटी (बाराबंकी) में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्री रामार्चा पूजन में सम्मिलित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जो बोलती है, वह करके दिखाती है और जितना करती है, उतना ही बोलती है। हमने कहा कि रामलला आएंगे...। अब मंदिर भी बन गया है। हम विरासत को सम्मान देते हुए भारत व सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखेंगे। पीएम मोदी ने 25 नवंबर को अयोध्या में सनातन के प्रतीक श्रीराम मंदिर में भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण किया था, यह ध्वज सदा भारत व सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएगा।

योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष पश्चात यह गौरवशाली क्षण आया। इतने वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आए। वर्ष 1952 के बाद से अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी से मन में यह नहीं आया कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या पर भव्य मंदिर निर्माण हो। रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और रामकाज में बाधक रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है। बाबरी ढांचे का सपना देखने वालों को योगी ने चेताया कि कयामत का दिन कभी नहीं आने वाला। कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। यहां का कानून मानो, कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।



बाराबंकी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा भेंटकर अभिवादन करते सभा के सदस्य।

- बोले- ये सपना नहीं होगा पूरा, कोई कानून तोड़ जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम जाएगा

### भारत-भारतीयता पर हो रहे प्रहार : सीएम

योगी ने कहा कि वर्तमान में दुनिया भर से सनातन, भारत-भारतीयता पर प्रहार हो रहे हैं। अंदर-बाहर से होने वाले इन प्रहारों से सचेत रहना होगा। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही है, वे लोग साजिश में लगे हैं। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं, कुछ लोग साजिश का शिकार हो रहे हैं और कुछ लोग साजिश के लिए बिक कर कार्य कर रहे हैं। हमें यह दुष्प्रवृत्ति रोकनी होगी।

# लापता बच्चों पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा इसके पीछे देशव्यापी गिरोह तो नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। उसने केंद्र को सभी राज्यों से आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अपना डेटा साझा नहीं किया है। भाटी ने दलील दी कि विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र सरकार को पूरा डेटा हासिल हो जाए। उन्होंने कहा, हम जानना चाहते हैं कि बच्चों के लापता होने की इन घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है? क्या इन घटनाओं के पीछे एक विशिष्ट पैटर्न है या ये महज आकस्मिक घटनाए हैं? शीर्ष अदालत ने भाटी को सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से बात की जानी चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है।



- केंद्र से कहा- यह पता लगाना जरूरी कि घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं

### कोर्ट ने जताई थी चिंता

कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 को मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए चिंता जाहिर की थी कि भारत में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। कहा था कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने को कहा था। कहा था कि गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है, इसलिए उल्लंघन होना तय है और बच्चे पाने के लिए अवैध साधनों का सहारा लेते हैं।

### आंकड़े नहीं देने वाले राज्यों की आलोचना की

पीठ ने उन राज्यों की आलोचना की जिन्होंने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह कड़े आदेश पारित कर सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहल की है और सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। पीठ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'गुड़िया स्वयं सेवी संस्थान' की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई राज्यों में लापता बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को रेखांकित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नौ दिसंबर को केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल का राष्ट्रव्यापी डेटा उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक समर्पित अधिकारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 तक भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करेंगे।

### अनुपम खेर ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** अभिनेता अनुपम खेर ने उनके नाम से बनाए गए कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सतर्क किया है और उनसे ऐसे प्रोफाइल से आने वाले किसी भी अनुरोध को अनदेखा करने की अपील की है। खेर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कहा कि कुछ लोग उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उनकी तस्वीरों एवं वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं और उपयोगकर्ताओं को संदेश एवं अनुरोध भेज रहे हैं।

# बिरला को हटाने के लिए विपक्ष का नोटिस, पद के दुरुपयोग का आरोप

- 120 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए, दो बार स्थगन के बाद बजट पर चर्चा शुरू
- बिरला ने मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठने का लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है।



लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान से बात करतीं महिला कांग्रेस सांसद।

### भाजपा महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ की सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** बिरला के समर्थन में भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को चार फरवरी की घटना को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले विपक्ष की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट को घेर लिया था। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक बताते हुए कहा कि इससे संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गयी तो यह एक खतरनाक मिसाल बनेगी।

# यूपी का बजट आज, संकल्प पत्र के वादों पर होगा फोकस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजनीति के लिए बुधवार का दिन बेहद ऐतिहासिक होने जा रहा है। विकास के साथ-साथ लोक-लुभावन घोषणाओं का संतुलन देखने को मिल सकता है। मेधावी बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में बृद्धि, मुफ्त बिजली, नई पेंशन योजनाओं के जरिए योगी सरकार ''संकल्प पत्र'' के वादों को पूरा करने की बड़ी कोशिश कर सकती है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण और संभवतः अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने जा रही है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी'' बनाने की दिशा में बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा बुधवार को विधानसभा में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का आकार करीब नौ लाख करोड़ रुपये के करीब होने का अनुमान है। वर्ष 2027 के विस चुनावों से ठीक पहले आने वाला यह बजट सरकार के संकल्प पत्र के अधूरे वादों को पूरा करने की आखिरी बड़ी कोशिश माना जा रहा है। बजट की चर्चित व प्रतीक्षित घोषणा मुफ्त स्कूटी योजना हो सकती है। भाजपा ने चुनावी संकल्प पत्र में मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया था।



- मुफ्त बिजली के साथ नई पेंशन पर भी उम्मीदें बरकरार
- बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में बृद्धि पर नजर

### मानदेय में वृद्धि के संकेत

सरकार करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों और हजारों अनुदेशकों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। वर्तमान में मिल रहे 10 हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 17 से 20 हजार रुपये तक किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया रुख के बाद अनुदेशकों के मानदेय में भी वृद्धि का रास्ता साफ हो गया है।

### योजनाओं को प्राथमिकता

इस 10वें बजट में भत्ते ही नहीं, प्रदेश की सूरत बदलने वाली योजनाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क और पुलों के निर्माण के लिए भारी आवंटन संभव है। वृद्धावस्था और अन्य सामाजिक पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की उम्मीद है। युवाओं व रोजगार पर विशेष नजर युवाओं को साधने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण का बजट बढ़ाया जा सकता है।

### बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में 62 वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो भाई-भाई एंटरप्राइज के मालिक थे। त्रिशाल पुलिस थाने के प्रमुख मोहम्मद फिरोज ने बताया कि हमलावरों ने सरकार पर हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी।

# निकांत जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला रद्द

- सोलर पावर परियोजना से जुड़े मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक अहम फैसला देते हुए कारोबारी निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहे पूरे आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। यह आपराधिक मामला प्रस्तावित सोलर पावर परियोजना से जुड़ा हुआ था।

यह आदेश माननीय न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने निकांत जैन की याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि मामले में भारतीय न्याय संहिता तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई अपराध प्रथम दृष्टया बनता ही नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने 15 मई 2025 को दाखिल चार्ज शीट तथा 17 मई 2025 के तलबी आदेश को भी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि शिकायतकर्ता ने स्वयं स्वीकार किया है कि शिकायत गलतफहमी के आधार पर दर्ज कराई थी। मामले की एफआईआर 20 मार्च 2025 को गोमती नगर थाने में दर्ज की गई थी, जो एक कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत पर आधारित थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सोलर मैन्युफैक्चरिंग परियोजना की मंजूरी के लिए परियोजना लागत के पांच प्रतिशत की रिश्वत मांगी गई। निकांत जैन की ओर से दलील गई दी कि आरोप अस्पष्ट, साक्ष्य विहीन और कारोबारी प्रतिद्वंद्विता व प्रशासनिक भ्रम का नतीजा हैं। यह भी तर्क दिया गया कि न तो कोई धनराशि दी गई, न कोई संपत्ति या मूल्यवान प्रतिभू सौंपी गई और न ही किसी प्रकार की धमकी देने की बात सामने आई है। यह भी कहा गया कि विवेचना के दौरान नक्शा-नजरी नहीं बनाया गया और कथित एक करोड़ रुपये नकद की कोई बरामदगी भी नहीं हुई है। कोर्ट ने भी पाया कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह साबित हो कि अभियुक्त ने किसी लोक सेवक को अनुचित लाभ देने की पेशकश की हो।

# अनुज चौधरी समेत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**संभल हिंसा मामला**

- रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश देने वाले सीजेएम का सुल्तानपुर कर दिया गया था तबादला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में नवंबर 2024 को हुई हिंसा से जुड़े मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा पारित उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिसमें डीएसपी अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने संभल सर्कल अधिकारी अनुज और संभल कोतवाली के पूर्व प्रभारी अनुज तोमर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मूल शिकायतकर्ता को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस अवधि के दौरान स्थगन आदेश प्रभावी रहेगा, साथ ही कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि प्रति-शपथपत्र दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई योग्यता के प्रश्न पर विचार करने का अधिकार कोर्ट के पास सुरक्षित रहेगा। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने तर्क दिया कि मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस के तहत निर्धारित अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी की और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आरोपों पर अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, जिससे आदेश कानून की सीमाओं से परे है। वहीं, दूसरी ओर शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने अधीन कार्यरत पुलिस अधिकारियों का संरक्षण कर रही है। बता दें कि यह आक्षेपित आदेश पिछले माह संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने एक घायल युवक के पिता यामीन की अर्जी पर पारित किया था। इस आदेश के एक सप्ताह बाद ही सीजेएम विभान्शु सुधीर का तबादला सुल्तानपुर कर दिया गया।

**सख्ती** | एआई से तैयार डीपफेक सामग्री पर सरकार ने सख्त किए नियम, सरकार और अदालतों द्वारा चिह्नित वीडियो हटाने होंगे

# एआई से बने वीडियो अब नहीं बचेंगे, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा।

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिए औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में ''ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी'' और ''बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी'' को परिभाषित किया गया है, जिसमें एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित ऐसी सामग्री शामिल है जो वास्तविक या प्रामाणिक प्रतीत होती है। सामान्य संपादन, किसी सामग्री को बेहतर बनाने और नेक नीयत से किए गए शैक्षिक या डिजाइन कार्यों को इस परिभाषा से बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने अधिसूचना में कहा कि प्रमुख परिवर्तनों में बनावटी सामग्री को सूचना के रूप में मानना शामिल है। आईटी नियमों के तहत गैरकानूनी कार्यों के निर्धारण के लिए एआई-जनित सामग्री को अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा।




### पहले 36 घंटे के भीतर हटानी होती थी सामग्री

सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, उपयोगकर्ता की शिकायतों के निवारण की समयसीमा भी कम कर दी गई है। नियमों के तहत एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है। बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंच को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल लगाया जाए। जहां तकनीकी रूप से संभव हो, वहां इसे स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि मध्यवर्ती (इंटरमीडियरीज) एक बार एआई लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद उन्हें हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।

अमृत विचार कानपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026 प्रदेश

## न्यूज ब्रीफ

### सहायक चकबंदी अधिकारी निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ:** चकबंदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में संतकबीरनगर के सहायक चकबंदी अधिकारी रामदरश को निलंबित कर दिया गया है। चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की। मामला संतकबीरनगर की तहसील धनघटा के ग्राम संठी से जुड़ा है, जहां चकबंदी के दौरान मृतक प्रभुनाथ प्रजापति के परिजनों के मूल गाटा नंबर नियम विरुद्ध तरीके से बदलकर 'उड़ान चक' में दर्ज कर दिए गए। साथ ही, समय रहते उनकी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण भी नहीं किया गया। इस प्रकरण में संबंधित लेखपाल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितता सामने आने पर सहायक चकबंदी अधिकारी पर भी कार्रवाई की गई है।

### अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी, 10 तमंचे बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ:** एसटीएफ ने अवैध हथियारों को बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया है। एसटीएफ के प्रवक्ता के मुताबिक पिछले कुछ समय से लखनऊ और अयोध्या क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी की खबर मिल रही थी। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करके मायाराम पुत्र श्रीपाल लोहार निवासी कंजा शरीफपुर तालगांव, सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 10 बने हुए तमंचे बरामद किए हैं।

### पम्पों पर मिला सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल डीजल, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** एसटीएफ ने मिलावटी ईंधन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। बायो डीजल पम्प के नाम पर मिलावटी पेट्रोल और डीजल बेचने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा चलाई जा रहीं दो पम्पों से करीब सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल-डीजल के साथ ही पम्प खोलने के लिए जारी लेटर आफ इंटेक्ट भी बरामद किए हैं। इस खुलासे के बाद एसटीएफ ने प्रदेश भर में खोले जा रहे कथित बायो डीजल के करीब चार दर्जन पम्पों को रडार पर ले लिया है। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अधिक गाड़ियां खराब होने की शिकायतें मिलना शुरू हुईं तो छानबीन शुरू की गई। पता चला कि बायो डीजल के नाम पर कुछ पम्प खोले जा रहे हैं। इन पम्पों से मिलावटी पेट्रोल और डीजल भरा जा रहा है। एसटीएफ ने जब जाल बिछाया तो एटा जिले के सलेमपुर- अवागढ़ स्थित एक पेट्रोल पम्प पर छापा मारा गया

# फार्म-7 को निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी पार्टी ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कई जिलों में बड़ी संख्या में जमा किए गए फार्म-7 को निरस्त करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फतेहपुर, सहारनपुर, बलिया, सोनभद्र, आगरा, सम्भल, मिर्जापुर, बुलंदशहर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद और बांदा समेत कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर फार्म-7 भरकर मतदाताओं के नाम सूची से कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि इन फार्मों में समाजवादी पार्टी समर्थक, विशेषकर मुस्लिम समुदाय और पीडीए वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सपा ने कहा कि कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति द्वारा बड़ी संख्या में फार्म-7 जमा किए गए हैं और संबंधित अधिकारियों पर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

# अब ओटीपी देने पर होगा कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


- प्रदेश में 15 फरवरी से पशुओं का टीकाकरण और 1 अप्रैल से एआई में अनिवार्य
- भारत पशुधन एप पर फीड होंगे छूटे आधार व मोबाइल नंबर

**अमृत विचार:** प्रदेश में गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (एआई) कराने में मनमानी और पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी। 1 अप्रैल से पशुपालकों को एआई कराने के लिए चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी या फिर पैरावेट को मोबाइल ओटीपी देना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद पारदर्शिता, वास्तविक आकलन और सहूलियत के लिए यह व्यवस्था लागू कर रहा है।

सबसे पहले ''भारत पशुधन एप'' पर पशुपालकों का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और पशुओं का ईयर टैग नंबर 100 फीसद फीड किए जाएंगे। दर्ज मोबाइल नंबर अपडेट रखना होगा। इससे एप पर कृत्रिम गर्भाधान, किसी भी पशु का टीकाकरण, पशुधन बीमा आदि कार्य व योजनाओं का विवरण सत्यापित होकर मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इस आधार पर कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण किया जाएगा। इसकी मौके पर एप पर फीडिंग की जाएगी तभी प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

इसके अलावा पुरानी व्यवस्था में बिना ओटीपी के एप पर गांव और पशुपालकों का विवरण खुलने पर मनमानी फीडिंग की जाती है। इसे रोकने के लिए साफ्टवेयर अपडेट किया गया है। जो बिना ओटीपी के नहीं खुलेगा।

### ज्यादातर के टैग, आधार और मोबाइल नंबर नहीं



- अब तक की व्यवस्था में ज्यादातर पशुओं के ईयर टैग न ही पालकों का आधार व मोबाइल नंबर फीड है। कई के मोबाइल नंबर गलत, अधूरे व बंद हैं। जिनके दर्ज हैं वह मौके पर नहीं मिलते हैं। ऐसी स्थिति में बिना ओटीपी का विकल्प अपनाकर एआई व टीकाकरण करने के बाद एक साथ मनमानी फीडिंग कर दी जाती है। खासकर पैरावेट निशुल्क सरकारी की बजाय पैसे लेकर निजी एआई करते हैं। अब पैरावेट को मौके पर ओटीपी और फीडिंग के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।

> केंद्र सरकार ने यह अनिवार्यता की है। इससे मनमानी नहीं चलेगी। बल्कि पारदर्शिता आने से वास्तविक आकलन होगा और इसी आधार पर आगे का लक्ष्य निर्धारित करके लाभान्वित करेंगे।
>
> **-डॉ. पीके सिंह,** सीईओ, उप्र पशुधन विकास परिषद।

साथ ही कितने पशु लाभान्वित हुए कितने छूटे यह ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज रहेगा।

22 जनवरी से 10 मार्च तक चलने वाले खुरपका-मुंहपका विशेष टीकाकरण अभियान में 15 फरवरी से ओटीपी अनिवार्य रूप से देना होगा। इसकी मौके पर ही फीडिंग की जाएगी। टीकाकरण के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा और डुप्लीकेसी नहीं होगी।

# आरक्षण और शिक्षकों के वेतन पर हंगामा

## विधान परिषद में कार्यस्थगन प्रस्तावों पर विरोध, नारेबाजी के बीच कुछ देर के लिए स्थगित हुई कार्यवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार को प्रश्नकाल, कार्यस्थगन प्रस्तावों और राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बीच हंगामेदार रही। सपा सदस्यों ने आरक्षण और भर्ती में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सदन में नारेबाजी की, जिसके चलते कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी।

प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण का मुद्दा उठाया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अधिग्रहण की कार्रवाई शीघ्र शुरू कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान आशुतोष सिन्हा ने नियम 223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए वाराणसी में पुलिस कार्रवाई को मुद्दा बनाया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से साक्ष्य उपलब्ध कराकर पुलिस महानिदेशक से जांच कराने के निर्देश दिए।

नियम 105 के तहत सपा के कई सदस्यों ने आरक्षण नियमों के पालन और भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्य बेल में आ गए और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सदन में अव्यवस्था बढ़ने पर कार्यवाही दोपहर 1:20 बजे 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।



विधान परिषद में विपक्ष के सवालों का जवाब देते नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने का मुद्दा उठाया। इस पर भी कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भोजनावकाश के बाद अपराह्न 3:30 बजे अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में कार्यवाही फिर शुरू हुई। कार्यसूची की मदें निपटाई गईं और याचिकाओं को समिति को भेजा गया। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्यपाल सिंह और उमेश द्विवेदी ने चर्चा की, जबकि सपा के लाल बिहारी यादव ने विरोध में अपने विचार रखे। अंत में अधिष्ठाता ने शाम 5 बजे सदन की कार्यवाही 11 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### भर्ती में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन होगा: केशव मौर्य

- विधान परिषद के बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी भर्तियों में आरक्षण नीति का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आरक्षण प्रावधानों को लागू करने के संकल्प को सरकार दोहराती है और किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण का ब्यौरा देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित नहीं होती, बल्कि सभी वर्गों के अभ्यर्थी इसमें प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों के कड़ाई से पालन के लिए कार्मिक विभाग ने 30 दिसंबर 2025 को शासनादेश जारी किया है। उन्होंने 7994 लेखपाल पदों की भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि विज्ञापन में हुई त्रुटि को ठीक कर 3205 पद अनारक्षित, 1679 एससी, 160 एसटी, 2158 ओबीसी और 792 ईडब्ल्यूएस के लिए निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती माफिया पर सख्त कार्रवाई और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सदन में मंत्रियों के जवाब

### दिव्यांगों की पेंशन तीन गुना बढ़ी, लाभ में पारदर्शिता सुनिश्चित: नरेन्द्र कश्यप



- पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विधान परिषद में कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन और दलाल-मुक्त प्रणाली के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल रही है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर अब 1,000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यूडीआईडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किए जाते हैं। सिद्धार्थनगर जिले में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिला है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता, निर्धारित आय सीमा और अन्य पेंशन न लेने की शर्त पूरी करने वाले व्यक्ति को पेंशन मिलती है। आवेदन ऑनलाइन होता है और सत्यापन के बाद राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार या शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश में 16,478 परियोजनाएं शुरु, 12.10 लाख करोड़ रुपये का हुआ निवेश: नंदी



- औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विधान परिषद में बताया कि इन्वेस्टर समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश धरातल पर उतरा है। अब तक 16,478 औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जिनमें लगभग 12.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है और राज्य "उत्तम प्रदेश" के संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018 की इन्वेस्टर समिट में 1,045 इकाइयों ने 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए थे, जबकि 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 19,250 इकाइयों ने 33.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों में कुल 16,478 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन का निर्माण जल्द शुरू होगा। भूमि उपलब्ध होने के बाद इस कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है और अनुबंध के बाद नौ माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसान विरोधी: सुनील सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तथाकथित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह से किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है। यह समझौता देशहित में नहीं, बल्कि दबाव में आई केन्द्र सरकार की राजनीतिक मजबूरी का परिणाम है। इस दौरान चेतावनी दी गई कि यदि समझौता रद्द नहीं हुआ तो फिर किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। लोकदल ने मंगलवार को लखनऊ में माल एवेन्यू स्थित कार्यालय पर किसान संगठनों के साथ बैठक की। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि को तबाह करने की एक सोची-समझी साज़िश है। एक ओर जहाँ अमेरिका में एक किसान को हर साल 60 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की सरकारी सब्सिडी, आधुनिक तकनीक, सस्ती बिजली, सस्ता डीज़ल और पूरी सरकारी सुरक्षा मिलती है, वहीं भारत का किसान महंगे बीज, महंगी खाद, महंगे डीज़ल, कर्ज़ और बिना एमएसपी की कानूनी गारंटी के इंतजार में खड़ा है।



चौधरी सुनील सिंह व अन्य।

# प्रदेश ने खोए जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## विधानसभा

- सत्ता व विपक्ष ने विधानसभा में प्रो. श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह गौड़ दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में बरेली के फरीदपुर से विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल और सोनभद्र की दुद्धी से विधायक विजय सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सभी दलों के नेताओं ने दोनों दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी और कुछ क्षण मौन रखकर नमन किया। योगी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता खोए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए सदन में कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रो. श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हो गया। वह दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। वे मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वह इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के वरष्ठ सदस्य विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने सदन को बताया कि समाजवादी पार्टी से विधायक विजय सिंह का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हो गया था। वह आठवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ था। उन्होंने सर्वप्रथम वर्ष 1980, फिर 1985, 1989, 1991, 1993, 1996, 2002 में चुनाव जीता था। वर्ष 2024 के उप चुनाव में वह दुद्धी विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। वह जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे।

### राजनीतिक चमक दमक से दूर थे विजय सिंह

- नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी के निधन से विधानसभा उनके ज्ञान और अनुभव से वंचित हो गई है। उन्होंने विजय सिंह को याद करते हुए कहा कि वह 1980 में सदन में चुनकर आए थे और राजनीतिक चमक-दमक से दूर रहते थे। अपना दल के राम निवास वर्मा ने दोनों विधायकों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। रालोद के राजपाल सिंह बालियान ने अपूरणीय क्षति बताया है। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि दोनों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज ने भी श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पूरा सदन शोकाकुल है और सदन की ओर से दोनों परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रेषित की जाएंगी। शोक प्रकट करने के साथ ही विधान सभा बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।



विधानसभा में शोक प्रस्ताव रखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रिंग बजने पर भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल जब्त

- बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने फतेहपुर सीकरी के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल फोन बजने पर नाराजगी जताई। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देते समय इनका मोबाइल बजा था। विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल सुरक्षा कर्मी को बुलाकर विधायक का मोबाइल जब्त कराया। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद माफी मांगने पर अध्यक्ष ने उनका मोबाइल फोन वापस कराया।

# समृद्ध योजना से स्टार्टअप हब बनने की ओर यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र की पहल में मजबूत भागीदारी, 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'समृद्ध' योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। इस योजना के तहत चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई नीतियों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। केंद्र की योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है, जिससे स्टार्टअप्स को फंडिंग के साथ-साथ मेंटरशिप और बाजार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। समृद्ध योजना के तहत उत्तर प्रदेश से 10 एक्सेलेरेटरों ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था, जिनमें से 4 का चयन किया गया। इन एक्सेलेरेटरों के माध्यम से प्रदेश के 35 स्टार्टअप्स को एक्सेलेरेशन सपोर्ट मिला, जिनमें से 27 स्टार्टअप्स फंडिंग हासिल करने में सफल रहे। योजना के तहत प्रदेश के स्टार्टअप्स को 9.91 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई, जिसका उपयोग उत्पाद विकास, तकनीकी मजबूती और बाजार विस्तार के लिए किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की इस योजना में प्रत्येक स्टार्टअप को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान है, जबकि एक्सेलेरेटरों को भी स्टार्टअप्स को मेंटरशिप और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रदेश सरकार का मानना है कि स्टार्टअप नीति, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा, आधुनिक अवसंरचना और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पहलों ने युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है।

### समृद्ध योजना में यूपी की प्रमुख उपलब्धियां

- 10 एक्सेलेरेटरों ने किया प्रदेश सेआवेदन
- 4 एक्सेलेरेटरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन
- 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट
- 27 स्टार्टअप्स को मिली फंडिंग
- 9.91 करोड़ की राशि वितरित
- हेल्थटेक, एजुटेक, एग्रीटेक, फिनटेक समेत कई क्षेत्रों को मिला लाभ
- 40 लाख तक अधिकतम प्रति स्टार्टअप की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान

## तैयारी

100 साल पुराने विधानभवन की जगह पर बनेगा आधुनिक सत्ता केंद्र

# सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा नया विधानभवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से मिलेगी राहत
- शासन ने एलडीए को सौंपी जिम्मेदारी, कंसल्टेंट तय कर जल्द बनेगी डीपीआर

**अमृत विचार:** नया विधानभवन गोमतीनगर के विपुल खंड स्थित सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा। शासन के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने परियोजना के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो भवन का डिजाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करेगा।100 साल पुराने विधानभवन की जगह इस आधुनिक सत्ता केंद्र से रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से भी निजात मिलेगी।

सहारा शहर परिसर की यह जमीन अब पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में आ चुकी है। इसमें करीब 75 एकड़ जमीन एलडीए और 170 एकड़ जमीन नगर निगम ने अपने कब्जे में ली है। जमीन की पैमाइश पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। उच्च स्तर पर नए विधानभवन के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति भी मिल चुकी है। वर्तमान विधानभवन करीब एक सदी पुराना है और राजधानी के अत्यंत व्यस्त इलाके में स्थित है। समय के साथ विधायकों की संख्या, प्रशासनिक इकाइयों और सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भवन का ढांचा सीमित ही रहा। पार्किंग की कमी, वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम और बरसात में जलभराव जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। नई विधानसभा के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। सहारा शहर का इलाका चौड़ी सड़कों, बेहतर कनेक्टिविटी और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं के कारण इस परियोजना के लिए उपयुक्त माना जा रहा है।

### कंसल्टेंट तैयार करेगा पूरा खाका

- एलडीए अधिकारियों के अनुसार, चयनित कंसल्टेंट पूरे प्रोजेक्ट का तकनीकी आधार तैयार करेगा। इसके तहत कॉन्सेप्ट प्लानिंग, मास्टर प्लान, आर्किटेक्चरल डिजाइन, भवन की ऊंचाई, सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं का खाका बनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक, पार्किंग, जल निकासी, बिजली व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन भी किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत, चरणबद्ध निर्माण योजना और समय-सीमा तय कर शासन को डीपीआर सौंपी जाएगी।

### कंसल्टेंट बनाएगा नए विधान भवन का नक्शा

- नए विधान भवन बनाने के लिए एलडीए कंसल्टेंट नियुक्त करेगा। कंसल्टेंट मानचित्र से स्ट्रेक्चर का खाका तैयार करके एलडीए को देगा। इसका प्रस्ताव एलडीए शासन को भेजेगा और अनुमति मिलने पर निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्टर रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई तैयार की जाएगी।

### भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर होगा निर्माण

- नई विधानसभा को केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित न रखकर आने वाले दशकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा दक्ष भवन, हरित क्षेत्र, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली और बड़े पार्किंग जोन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का कहना है कि कंसल्टेंट के चयन के बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर शासन को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। नया विधानभवन न केवल प्रदेश की सत्ता का आधुनिक केंद्र बनेगा, बल्कि गोमतीनगर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति देगा।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
•MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में ग्रामीण को घेर कर पीटा

**कन्नौज।** पुरानी रंजिश में ग्रामीण को रास्ते में घेर कर पिटाई करदी गई। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव मिश्रीपुर हाल निवासी शहर के मोहल्ला विलोचीपुरा रामचेला पुत्र राधा कृष्ण ने मिश्रीपुर गांव के ही निवासी बब्लू पुत्र गजराज, राम लडैते पुत्र सोने लाल, जदुवीर पुत्र छोटे लाल, प्रदीप पुत्र गया राम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उक्त लोगों से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है।09 फवरी को वह 09 बजे गांव के अपने घर जा रहा था उसी समय उक्त लोगों ने घेर कर पीटा। इससे उसके चोटें आईं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### उमरा पर जा रहे दंपति को माला पहनाकर विदाई

**तिर्वा।** कस्बा के अन्नपूर्णा नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता नईमुद्दीन तथा उनकी पत्नी उमरा करने जा रहे हैं। मंगलवार को जन एकता वेलफेयर समिति के कार्यालय पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष डा. सदाकत हुसैन व सदस्यों और पदाधिकारियों ने फूल मालाएं से पहनाकर विदाई दी। इस अवसर को रफाकत हुसैन (एडवोकेट), पूर्व प्रधानाचार्य रामऔतार यादव, जे. पी. यादव, बीरेंद्र दिबाकर गोलू, आदि लोग मौजूद रहे।

### 15 को होगा हज यात्रियों का टीकाकरण

**कन्नौज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शहर के मदरसा अरबियाहाजी इलाही बख्श, हाजीगंज में हज यात्रियों का टीकाकरण 15 फरवरी को होगा। चयनित 58यात्रियों का मेडिकल स्क्रीनिंग, वैक्सीनेशन व मेडिकल एक्जामिनेशन कराया जाना है।

### नाबालिग को भगा ले गया युवक

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी नाबालिग घर में अकेली थी। इसी दौरान 07 फरवरी को 12 बजे दिन में तिर्वा गंज कस्बे के साई मंदिर के पास का निवासी देवांश पुत्र छोटे लाल जो रिस्तेदार है वह भगा ले गया। घर पहुंचने पर इस की जानकारी हुई।गांव के कई लोगों ने पुत्री को देवांश के साथ जाते देखा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्जकर जांच शुरू की है।

### डॉ.जहीर अहमद बने कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

**गुरसहायगंज।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद वेग ने प्रदेश कार्यकारिणी में डा. जहीर अहमद को प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। मंगलवार को नगर पंचायत समधन में पूर्व जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मो. तारिक बशीर ने पदाधिकारियों के साथ उनके आवास पर पहुंच कर फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# ऐसे तो आरटीई में सीट ही नहीं फीस दें तो नर्सरी में भी प्रवेश तय

## जरूरतमंद बच्चों के हक पर डाका डाल रहे कॉन्वेंट स्कूल, जिम्मेदार बने अनजान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तिर्वा में आरटीई में महज 15 स्कूल मैप्ड, 11 में प्रवेश नहीं अफसर नहीं कर रहे कार्रवाई



सरस्वती शिशु मंदिर तिर्वा में नर्सरी की कक्षाएं चलतीं लेकिन आरटीई का लाभ नहीं मिलता।

**अमृत विचार।** भले ही शासन जरूरतमंदों के लिए तमाम योजनाएं चला दे लेकिन उसका लाभ तब तक नहीं मिल सकता जब तक अधिकारी न चाहें। जिले के कई नामीगिरामी स्कूल गरीब बच्चों के हक पर डाका डाल रहे हैं। उनको निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 का लाभ नहीं मिल रहा है। पोर्टल में आवेदन करते समय बच्चे को सीट नहीं मिलेगी, लेकिन फीस देकर लाडले को पढ़ाना चाहते हैं तो सभी कक्षाओं में एडमीशन मिलना तय है।

बात अगर तिर्वा नगर पंचायत क्षेत्र की हो तो यहां आरटीई में महज 15 स्कूल मैप्ड हैं और पिछले साल 11 संस्थाओं में प्रवेश ही नहीं दिए गए। नगर पंचायत इलाके में कुल 15 वार्ड व इतने ही मोहल्ले हैं। सवाल खड़े करने के लिए आरटीई में मैप्ड 15 स्कूलों का आंकड़ा ही काफी है। इसमें कुछ स्कूलों ने नर्सरी/ पीजी, एलकेजी व यूकेजी की कक्षाएं तो छिपाई ही हैं कइयों ने तो निर्धारित सीटों की संख्या भी कम कर दी है। इससे जरूरतमंदों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। अपर मुख्य सचिव पार्थ नाथ सारथी ने बच्चों को आरटीई में प्रवेश देने के लिए उम्र के हिसाब से कक्षाओं का निर्धारण किया है। इसका शासनादेश भी 08 जनवरी को जारी हुआ है। इसमें 03 से 04 साल तक के बच्चे को नर्सरी, 04 से 05 वर्ष तक के बच्चे को एलकेजी व 05 से 06 साल तक के बेटे को यूकेजी में प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 01 में एडमीशन लेने के लिए उम्र 06 साल से अधिक होनी चाहिए। अगर कोई इच्छुक व्यक्ति आरटीई का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करता है तो बच्चे की उम्र के हिसाब से उसे कक्षा अपने आप एलॉट हो जाती है लेकिन शिक्षा माफियाओं ने कक्षाओं को पोर्टल पर दिखाया नहीं है जिस वजह से पात्र होते हुए भी कई बच्चे निशुल्क शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**केस 01** तिर्वा स्थित रामदुलारी गहोई सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षाएं नर्सरी से चल रहीं हैं लेकिन आरटीई के पोर्टल पर कक्षा 01 में ही प्रवेश दिया जाना बताया जा रहा है। इस वजह से छोटे बच्चे इससे वंचित हो रहे हैं।

**केस 02** ओमशिव पब्लिक स्कूल मंडी बाजार तिर्वा में कक्षा 01 में कुल 40 सीटें दिखाई गई हैं। 25 फीसदी कोटे के हिसाब से यहां 10 आरटीई में हैं लेकिन पिछले वर्ष एक भी जरूरतमंद को लाभ नहीं मिल सका था।

### आरटीई में यहां नहीं मिला एक भी बच्चे को प्रवेश

- आदर्श कृष्ण बाल विद्या मंदिर, रानी अवंतीबाई नगर
- हाई क्यू एकेडमी, बौद्धनगर
- प्रीमियर एजूकेशन सेंटर, बौद्धनगर
- माडर्न मालती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बौद्धनगर
- एसएन मिशन स्कूल, जवाहर नगर
- रामश्री विद्यालय, कालिका नगर
- एसएल एजूकेशन सेंटर, अंबेडकरनगर
- गायत्री शिक्षा निकेतन, इंद्रानगर

## तीन जोनल, 15 सेक्टर व हर केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेंगी। कुल 96 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षाओं के लिए जनपद को तीन जोन में बांटा गया है। एसडीएम को जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। साथ ही सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे

डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं नकलविहीन, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएंगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े 08 से और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 02 बजे से शुरू होगी। प्रत्येक पाली का इम्तिहान सवा तीन घंटे का होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा के दौरान जनपद में धारा 144 प्रभावी रहेगी। इसके उल्लंघन पर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कोई भी जोनल/ सेक्टर/ स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा समाप्ति तिथि तक बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगा, अन्यथा संबंधित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि हाईस्कूल में 25,058 व इंटरमीडिएट के 22,447 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 12 फरवरी को बैठक में सभी केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट शामिल होंगे।


कलक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय को ज्ञापन सौंपते सभासद। अमृत विचार

# उदासीनता पर सभासदों ने ईओ के खिलाफ खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- डीएम को शिकायती पत्र सौंप कर स्थानांतरण की मांग

**अमृत विचार।** ईओ नगर पालिका के खिलाफ सभासदों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मनमानी और जनता की समस्याओं के प्रति उदासीनता बरतने के गंभीर आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की है।

मंगलवार को सभासदों के का प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा। यहां पालिका अध्यक्ष के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नवनीता राय को सौंपा। इसमें आरोप लगाया है कि ईओ कार्यालय से अक्सर नदारद रहते हैं। वे न तो नियमित रूप से कार्यालय में बैठते हैं और न ही नगर की समस्याओं को जानने के लिए कभी क्षेत्रों का भ्रमण करते हैं। नगर की सफाई, जलभराव और प्रकाश जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर जनता परेशान है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ज्ञापन में कहा है कि जब उनसे बात की जाती है तो डीएम के यहां मीटिंग का हवाला देकर नहीं मिलते। ज्ञापन देने के बाद सभासद जिलाधिकारी से भी मिले। मांग की है कि नगर के विकास और सुचारु व्यवस्था के लिए किसी कर्मठ अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ज्ञापन में पवन कुमार दुबे, विभा यादव, मनोज कुमार, सरिता, सुनीता यादव, प्रभात वाजपेई, भूरा खां, कलावती समेत अधिकतर सभासदों ने हस्ताक्षर किये हैं।

# महिला सचिवों ने मांगी कन्नौज छिबरामऊ व उमर्दा में तैनाती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मनमाने तरीके से असुरक्षित ब्लॉक क्षेत्रों में तैनाती देने का लगाया आरोप
- उत्पीड़न की बात कहते हुए जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार।** महिला ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों (सचिवों) ने सुरक्षा के लिहाज से विकास खंड कन्नौज, छिबरामऊ व उमर्दा इलाके में तैनाती मांगी है। ब्लॉक मुख्यालय से सटे क्लस्टर ही आवंटित करने को कहा है। आरोप लगाया है कि उत्पीड़न करने के लिए दूर व असुरक्षित क्षेत्रों में तैनाती दी गई है।

मंगलवार को महिला सचिवों ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को ज्ञापन देकर बात रखी। कहा, महिलाओं के लिए निवास करने, सुरक्षा के लिए तीन ब्लॉक क्षेत्र ही तैनाती के लिए सही हैं। जानबूझकर महिला सचिवों का मानसिक शोषण करने के लिए असुरक्षित ब्लॉक व दूर के क्लस्टर में भेजा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि 18 महिला सचिव में 13 विवाहित हैं। इसमें 09 सचिवों के 01 से 05 साल तक के बच्चे हैं। साथ ही महिलाओं को दूर के क्लस्टर से आने जाने में रात हो जाती है। कई बार महिला सचिव ने लिखित एवं मौखिक तरीकों से उच्चाधिकारियों से निकट तैनाती की मांग रखी। उस पर विचार नहीं किया गया। ज्ञापन में प्रियंका सिंह, नीलम शर्मा लक्ष्मी सिंह आदि रहीं।

### प्रियंका सिंह को मिली गुगरापुर में तैनाती

सूत्रों के मुताबिक ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका सिंह को जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के अनौगी व नदसिया ग्राम पंचायतों का क्लस्टर मिला था। नवंबर 2025 में उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि इस ब्लॉक क्षेत्र में उनके तीन साल पूरे हो गए हैं और उनका तबादला कहीं और कर दिया जाए। इसके बाद उनको विकास खंड गुगरापुर में स्थानांतरित कर दिया गया। बताया गया है कि वहां तैनात महिला सचिव नीलम शर्मा मातृत्व अवकाश पर जा रहीं हैं। इस वजह से प्रियंका को तैनाती दी गई है। इससे पहले प्रियंका सिंह मेडिकल अवकाश पर चल रहीं थीं।

# सीबीएसई की परीक्षाओं के लिए चार केंद्र बने

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कुल 16 विद्यालयों के 2509 परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे
- हाईस्कूल के 1246 , इंटर के 1263 छात्र-छात्राएं पंजीकृत

**अमृत विचार।** सीबीएसई की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। इसके लिए जिले में चार केंद्र बनाए गए हैं। कुल 16 विद्यालयों के 2509 परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे, जिसमें कक्षा 10 के 1246 व इंटर में 1263 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।


जितेंद्र यादव,प्रभारी प्रधानाचार्य।

जिला मुख्यालय से करीब 04 किमी दूर स्थित राजकीय अभिनव विद्यालय, गंगधरापुर के प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने बताया कि कुल चार परीक्षा केंद्र बने हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में हाईस्कूल के 237 व इंटरमीडिएट में 183 कुल 420 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सेंट पॉल स्कूल छिबरामऊ में हाईस्कूल के 411 व इंटरमीडिएट के 327 कुल 738 परीक्षार्थी, शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल में हाईस्कूल के 174 व इंटरमीडिएट के 170 कुल 344 और जेपी स्कूल में हाईस्कूल के 424 व इंटरमीडिएट के 583 कुल 1007 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रभारी प्रधानाचार्य ने बताया कि विषय के हिसाब से परीक्षाएं मार्च तक चलेंगी।

## 19 से माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले में बनाए गए दो परीक्षा केंद्र, पहला तिर्वा व दूसरा गुरसहायगंज में निर्धारित

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 19 फरवरी से शुरू हो जाएंगी जो 28 तारीख तक चलेंगी। इम्तिहान दो पालियों में चलेगा।


पप्पू सरोज, डीआईओएस।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि तिर्वा स्थित स्वामी प्रेमाश्रम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और गुरसहायगंज के राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें सात संस्कृत विद्यालयों के कुल 400 परीक्षार्थी शामिल होंगे। तिर्वा में 130 और गुरसहायगंज केंद्र पर 270 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। डीआईओएस का कहना है कि पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े 08 से 11.45 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 02 से शाम सवा 05 बजे तक संपन्न होगी। सुबह पूर्व मध्यमा द्वितीय और उत्तर मध्यमा प्रथम की परीक्षाएं चलेंगी। दूसरी पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय के इम्तिहान होंगे। 19 से 28 फरवरी तक कुल 09 दिन में इम्तिहान समाप्त हो जाएंगे।

## परमात्मा का अक्षर स्वरूप है श्रीमद् भागवत कथा

**गुरसहायगंज।** श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित प्राचीन काली देवी मंदिर के पास श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इससे पहले भक्तों ने कलश यात्रा निकाली। कथा व्यास ने कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया। वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है।


नगर पालिका में प्रदर्शन करते नागरिक। अमृत विचार

## जलभराव व गड्ढे से लोग परेशान

**गुरसहायगंज।** नाली खुदाई के बाद मिट्टी और मलवा वैसा ही पड़ा है। इसको लेकर मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका में प्रदर्शन किया और ईओ को ज्ञापन दिया।

नगर की चकोर गली में नगर पालिका परिषद के द्वारा लाइन डाली जा रही है। इसमें लाइन खुदाई के बाद वैसी ही रोड को छोड़ दिया गया। इससे गली में जगह-जगह पर जलभराव व गड्ढे हो गए हैं। इससे आवागमन दुश्वार हो गया है। इसको लेकर मंगलवार को लोगों ने प्रदर्शन किया। अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित को ज्ञापन देकर चकोर गली को सही कराए जाने की मांग की है। ईओ ने समस्या का जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया है।

## कार ने ग्रामीण को मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** कानपुर नगर जनपद के गांव मदारपुर देवहा बिल्हौर निवासी अभिमन्यू पुत्र सियाराम ने ओमनी के अज्ञात चालक के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उनका भतीजा आर्यन उर्फ सब्बर 05 फरवरी को शाम 04:30 मानीमऊ क्रासिंग पर वाहन की तलाशमें खड़े थे।

इसी दौरान कानपुर की ओर से आ रही ओमनी कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिला अस्पताल के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

संवाददाता जलालाबाद,जसोदा

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में वार्षिकोत्सव समारोह व पुरस्कार वितरण, कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता, विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

मंगलवार को कार्यक्रम मुख्य अतिथि भाजपा जिला संयोजक महिला मोर्चा डॉ. प्राची गुप्ता, विशिष्ट अतिथि स्वदेशी जागरण मंच (प्रांत सह महिला प्रमुख) व भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक की मौजूदगी में हुआ।प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता व शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. प्राची गुप्ता ने मेधावी छात्र, छात्राओं, राज्य स्तरीय, राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता, कला व सांस्कृतिक प्रतियोगिता तथा सामुदायिक सहभागिता में विशेष योगदान देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सस्मित कुमार द्विवेदी, संदीप कुमार शर्मा, रचना वर्मा, राजकुमार, आकाश गुप्ता, अंकुर भट्ट, गीता देवी, संदीप, अरविंद, मनोज व शोभित ने अपने विचार व्यक्त किए।



छात्रा को प्रशस्ति पत्र देतीं डॉ. प्राची गुप्ता व गीता पाठक। अमृत विचार

जागरूकता रैली निकाली | राष्ट्रीय कृमि दिवस पर सभी स्कूलों में बच्चों ने खाई दवा

# राष्ट्रीय कृमि दिवस पर सभी स्कूलों में बच्चों ने खाई दवा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/ तिर्वा/जलालाबाद

**अमृत विचार।** जिले भर में राष्ट्रीय कृमि दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों को पेट में कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजॉल का सेवन कराया गया। इसके साथ ही जागरूक भी किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कन्हैया लाल सरस्वती इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कर बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी, आरकेएसके नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरशाद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ब्रजेश शुक्ला, डॉ. अजहर सिद्दीकी, डॉ. सुधांशु, अपर शोध अधिकारी वाई.के. मंजुल, डॉ. पवन, आरकेएसके कंसल्टेंट रागिनी सचान, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बताया गया कि जिले भर में कुल 9,25,616 लक्ष्य के सापेक्ष 6,29,418 बच्चों को दवा खिलाई जा चुकी है।


तिर्वा में जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

तिर्वा संवाददाता के अनुसार मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजन शर्मा ने एक बच्चे को कृमि की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। कहा, जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 13 फरवरी को दवा खिलाई जाएगी।


कन्नौज में बच्चे को एल्बेंडाजॉल देते सीडीओ रामकृपाल चौधरी। अमृत विचार

जलालाबाद संवाददाता के अनुसार पीएचसी पछायेपुरवा अनौगी में कैंप लगाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. माजिद ने बताया कि 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के लोगों को एल्बेंडाजोल की ख़ुराक दी जाएगी। खाली पेट दवा नहीं खानी है। छोटे बच्चों व गर्भवती, स्तनपान करा रही महिलाओं व गंभीर मरीजों को एल्बेंडाजोल की खुराक नहीं लेनी चाहिए। इस दौरान ओंकार सिंह, मुकेश कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## कई महीनों से बाबू गायब, नोटिस जारी

**कन्नौज।** जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने बताया कि कार्यालय के वरिष्ठ सहायक आशुतोष कुमार 15 से 17 मई 2025, 24 से 31 मई, 01 से 10 जून और 13 जून 2025 से अब तक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित चले आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बारे में कार्यालय से 05 बार पत्र जारी किए गए हैं। स्पष्टीकरण भी मांगा गया लेकिन आशुतोष कुमार ने आज तक कार्यालय में उपस्थित होकर कोई जवाब नहीं दिया है और न ही किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध कराई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यह अंतिम नोटिस है अगर आशुतोष कुमार एक सप्ताह के भीतर जिला कृषि अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तो कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# 606 सुपरवाइजर, 4243 प्रगणक करेंगे जनगणना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलाधिकारी बोले, पूरी तरह से डिजिटाइज प्रक्रिया में लोग स्वगणना भी कर सकेंगे

**अमृत विचार।** मई-जून में जनगणना-2027 की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए जिले में 606 सुपरवाइजर, 4243 प्रगणक कर्मिक लगाए जाएंगे।

यह जानकारी जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जनगणना-2027 के कार्यन्वयन एवं संचालन संबंधित समीति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बताया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना- मई-जून, 2026 में 30 दिनों में होगी। इसमें घर पर सूचीकरण में सभी भवनों, घरों, झुग्गियों की सूचीबद्धता, प्रत्येक घर में रहने वाले परिवारो का विवरण लिया जायेगा तथा डिजिटल सग्रहण में गणनाकर्ता मोबाइल एप पर डाटा दर्ज करेंगें तथा नागरिक स्वत भी गणना कर सकेंगे। दूसरे चरण में जनसंख्या और जाति की गणना 9 से 28 फरवरी, 2027 तक होगी। पहली बार जनगणना पूरी तरह से डिजिटल मोड में होगी। इसके अतिरिक्त, दूसरे चरण के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की जाति से सम्बन्धित डेटा भी एकत्र किया जायेगा। कहा कि डिजिटल घर सूचीकरण में नागरिक मोबाइल एप द्वारा परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकेंगें। कहा कि भारत में जनगणना प्रत्येक दस वर्षों में की जाती है। यह स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंहसमेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### वैश्य समाज को एकजुट करने के लिए निकली पदयात्रा

**छिबरामऊ।** वैश्य समाज को जागृत करने और एकजुट करने के उद्देश्य से निकाली गई पदयात्रा में वैश्य गोपाल गुप्ता और योगेंद्र गुप्ता ने नेतृत्व किया। नेतृत्व कर रहे गोपाल गुप्ता ने समाज के नाम संदेश देते हुए कहा, 356 उपजातियों में बंटे जैन, वैश्य, लाला, बनिया मिलकर बदलो अपनी दुनिया। उपजाति की दीवारों को तोड़ो, विदाई करो इन उपजातियों को, हम सब वैश्य बनिया भाई-भाई हैं। इस दौरान शैलेंद्र गुप्ता लालू, आनंद गुप्ता महिंद्रा, शिवम गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना दाल वाले, आनंद गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, रामदत्त गुप्ता, बृजेश चंद्र गुप्ता, रिंकू गुप्ता, अवली गुप्ता, तथा राहुल मोंटी गुप्ता आदि रहे।

### सद्गुरु संसार को दे रहे अमन का सन्देश

**छिबरामऊ।** पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में स्थानीय शाखा के मुखी परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता ने अपने अनमोल वचनों में कहा सदगुरू पूरे संसार को अमन का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा आज के समय में परमात्मा को पाना सदगुरु की कृपा से सरल हो गया है। एक बार जैसे ही मनुष्य सदगुरु की शरण गया तो समझो उसने परमात्मा को पा लिया।

### दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**सौरिख।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जनपद मैनपुरी के दीवानी रोड नया नगला निवासी अनिल कुमार पुत्र राजकुमार (27) पड़ोस के ही प्रांशु पुत्र अशोक कुमार (16) के साथ सोमवार समय लगभग 9 बजे अपनी बाइक से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। उनकी बाइक सौरिख कुसमरा मार्ग पर पहुंची ही थी कि तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां से दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### लक्ष्मी और अफरोज बने महाविद्यालय क्रीड़ा चैंपियन

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में चल रही दो दिवसीय 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। छात्रा वर्ग में लक्ष्मी बीए द्वितीय वर्ष और छात्र वर्ग में अफरोज बीए प्रथम वर्ष चैंपियन बने। सोयल बीए प्रथम वर्ष भारोत्तोलन चैंपियन बने। सभी विजयी प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल, प्रशस्ति पत्र और उपहार दिए गए। अंतिम दिन छात्रा वर्ग 400 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्रथम, काजल बानो द्वितीय, चांदनी तृतीय स्थान पर रहीं। म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में आमिनी यादव प्रथम, रोशनी सैनी द्वितीय, नव्या बाजपेई तृतीय स्थान पर आईं। लंबी कूद में लक्ष्मी, अंशिका और लक्ष्मी जबकि ऊंची कूद में पहले तीन स्थानों पर जाह्नवी, पारुल जोशी व निधि रहीं। रस्साकसी में काजल बानो की टीम विजयी रही। छात्र वर्ग में 400 मीटर दौड़ में अफरोज, अमन, सचिन जबकि 1500 मीटर दौड़ में अफरोज, सचिन, फैसल अली पहले तीन स्थान पर रहे। लंबी कूद में अमन प्रथम, सुमित द्वितीय और अभय तृतीय स्थान पर रहे।

### संजय दीक्षित ने कांग्रेस नेताओं से की मुलाकात

**छिबरामऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस वार रूम के प्रदेश चेयरमैन संजय दीक्षित बेवर जाते समय छिबरामऊ के पश्चिमी बाईपास स्थित गेस्ट हाउस में स्थानीय कांग्रेस नेताओं से मिले। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### ट्रक-कार की टक्कर में कार चालक घायल

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के चाचुपुर में मंगलवार को इटावा-बरेली हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक और ईको कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ईको कार स्कूली बच्चों को लेने जा रही थी। जानकारी के अनुसार, हरदोई के थाना हरपालपुर के ग्राम केखाई निवासी अवनीश कुमार पुत्र रामकुमार रामनिवास महाविद्यालय में लगी ईको कार नंबर यूपी 76 एवी 1410चला रहे थे। वह चाचूपुर से बच्चों को लेने जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर जमापुर के आगे मध्यप्रदेश नंबर के एक डंपर डंपर नंबर एमपी07एएच 3611 ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस जांच कर रही है।

# अनजान लिंक, संदिग्ध कॉल, मैसेज अथवा एप पर न करें भरोसा

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर जागरूकता अभियान शुरू, जागरूकता को निकली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जनपद में डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, किंतु इसके दुरुपयोग से साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी एवं डिजिटल फ्रॉड की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में नागरिकों को, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अनजान लिंक, संदिग्ध कॉल, मैसेज अथवा ऐप पर विश्वास न करे। अपनी व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, बैंक विवरण, पासवर्ड आदि किसी भी परिस्थिति में किसी के साथ साझा न करें। कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे सशक्त उपाय है। बाइक रैली के माध्यम से जनपदवासियों को सुरक्षित इंटरनेट व्यवहार अपनाने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एडीएम देवेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हिमांशु शेखर सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।



साइबर अपराध जागरूकता बाइक रैली को हरी झंड़ी दिखाते डीएम व अन्य अधिकारी।

### सावधान रह कर करें इंटरनेट का उपयोग

**कन्नौज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेहरिन में एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया। बताया गया कि आज इंटरनेट शिक्षा, संचार एवं सूचना का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है, साथ ही साइबर धोखाधड़ी, पहचान चोरी, फर्जी लिंक एवं ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। ऐसे में इंटरनेट का उपयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाना आवश्यक है। साइबर अपराध की स्थिति में भारत सरकार की साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया।

# समय से पहले पहुंच गए मंत्री ठठिया आलू मंडी में हड़कंप


आलू मंडी में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का स्वागत करते मंडी समिति के सचिव।

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** उद्यान, कृषि मंत्री, स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह निर्धारित समय से दो घंटे ठठिया स्थित विशिष्ट आलू मंडी पहुंचने से हड़कंप की स्थिति बन गई। यहां मंत्री ने एक कमरे में अधिकरियों को अव्यवस्था को लेकर फटाकर लगाई। साथ ही धान खरीद की लिखित शिकायत पर सचिव पर नाराजगी जताई।

मंत्री ने खाली पड़ी जमीन पर 11 करोड़ रुपये लागत से प्रस्तावित कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई। मंडी सचिव रघुराज प्रताप सिंह से जानकारी मांगी तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। किसान ब्रजेश कुमार सिंह ने मंत्री से शिकायत की और बताया कि धान क्रय केंद्र पर बिचौलियों का बोलबाला है। क्षेत्र के आम किसानों का धान समय पर नहीं खरीदा जा रहा है। भूमिहीन लोगो के नाम से फर्जी पंजीकरण पर धान खरीदी गई है। दलालों की धान बड़ी मात्रा खरीदी जा रही है। इसी दौरान केंद्र प्रभारी नदारद मिले जिसको लेकर मंडी सचिव को कारवाई का निर्देश दिया।

### किंडरगार्डन डे पर बच्चों ने किया धमाल

**छिबरामऊ।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी के तरंग मंच पर आयोजित किंडरगार्टन सेरेमनी में यूकेजी पास कर कक्षा एक में पहुंचे छात्र छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना, प्रबंधक हिमांशु सक्सेना, लक्ष्मी शर्मा व प्रधानाचार्या अलका गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकमों से अपने सपनों को प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री व अन्य सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इनमें लिटिल जेंटलमैन रुहान को, सुपर रीडर अभ्यान्शः को, डांसिंग स्टार मिस्टी को, काइंडनेस चैंपियन अंशी को अवाड्र्स प्रदान किए गए। इस अवसर पर अलका गुप्ता ने कहा कि यह एक नई शुरुआत का प्रतीक है जो उनके स्कूली जीवन में नए आयाम जोड़ता है। चेयरपर्सन विभारानी सक्सेना ने दीक्षांत भाषण में स्नातकों की उपलब्धियों पर बधाई दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोहग मौजूद रहे।

# भविष्य संवारने की राह दिखाएगी 'उम्मीद' पत्रिका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राजकीय हाई स्कूल, मित्रसेनपुर में वार्षिकोत्सव, विदाई, पत्रिका विमोचन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ।

अतिथियों ने हाईस्कूल के विद्यार्थियों का मोटिवेशन किया। कॅरियर गाइडेंस पत्रिका 'उम्मीद' का अनावरण किया गया। विद्यार्थियों को वर्षभर के शैक्षणिक, वॉलीबॉल, कैरम, बैडमिंटन, खो-खो आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विशेष अतिथि आबकारी निरीक्षक अब्दुल साबिर एवं डीआईओएस पप्पू सरोज ने अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा को लेकर सहयोग करते रहने की बात कही।



पत्रिका का विमोचन करतीं प्रिया शाक्य व डीआईओएस पप्पू सरोज।

# पहल:डाक विभाग ने शुरू की दिल्ली के लिए विशेष पार्सल सेवा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** डाक विभाग द्वारा प्रतिदिन कोरियर डाक सेवा की बस दिल्ली के लिए 9 फरवरी को प्रारम्भ की गई है। जिसमें जरदोजी व्यवसायियों का माल पार्सल के माध्यम से फर्रुखाबाद से दिल्ली विशेष मेल मोटर द्वारा प्रेषण की सुविधा प्रदान की गई है।

यह जानकारी जरदोजी व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन रहमानी के प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार वार्ता में डाक अधीक्षक राम सागर शर्मा ने दी। जरदोजी व्यवसायियों के लिए डाक विभाग की नई पहल का व्यापार मंडल ने स्वागत किया और कहा कि व्यापारियों के लिए डाक विभाग काम मील का पत्थर साबित होगा। इस नई व्यवस्था से डाक विभाग द्वारा जरदोजी व्यवसायियों द्वारा प्रेषित किए जाने वाली सामाग्री को सुरक्षित एवं गति शील रूप से दिल्ली प्रेषित किया जाना अब ज्यादा आसान हो गया है। अधीक्षक डाकघर फतेहगढ़ मण्डल राम सागर शर्मा ने कहा कि विशेष डाक वाहन प्रति दिन 11.00 बजे रात्रि को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने यह भी बताया की डाक विभाग पिछले लगभग 150 वर्षों से डाक का आदान प्रदान पूर्ण निष्ठा एवं गति शीलता से करने हेतु जाना जाता है। बैठक में व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, मुजफ्फर हुसैन रहमानी रहे।


पत्रकार वार्ता में डॉक अधीक्षक राम सागर शर्मा एवं व्यापारी नेता। अमृत विचार

# नागरिकों से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य

संवाददाता फर्रुखाबाद

- जिलाधिकारी ने नगर पंचायत नवाबगंज का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय नवाबगंज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता अनिवार्य है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कार्यालय अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, जिलाधिकारी द्वारा निष्प्रयोज्य मशीनरी का मूल्यांकन कराकर नीलामी कराने, कूड़ा गाडियों की मरम्मत कराने, जलकर व गृहकर की वसूली में तेजी लाने, सभी ग्रांट्स का 100 प्रतिशत उपभोग करने, के निर्देश दिये, जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में सीपेज पाये जाने पर नाराजगी जताई व सही कराने के लिये निर्देशित किया।

# बाबू सिंह दद्दूजी शीतगृह के नवीन भंडारण सत्र का हुआ शुभारंभ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर के बेवर रोड स्थित बाबू सिंह दद्दू जी कोल्डस्टोरेज का मंगलवार को आलू भंडारण सत्र 2026 का वेदमंत्रों एवं हवन पूजन के साथ शुभारंभ सम्पन्न हुआ। शिक्षाविद एवं शीतगृह के संरक्षक डॉ बाबू सिंह यादव दद्दू जी, मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव, शीतगृह स्वामी एवं विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ अंचल सिंह ने विधि विधान से हवन सम्पन्न कराया एवं मशीनों का पूजन कर विधिवत आलू भंडारण सत्र का शुभारंभ किया।

बेवर रोड बघार पर मेडिकल कॉलेज के सामने स्तिथ शीतगृह में सम्पन्न हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर एस डी सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं शीतगृह संरक्षक डॉ अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव, शीतगृह स्वामी एवं विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ अंचल सिंह ने सर्वप्रथम बालाजी मंदिर में विधिविधान से पूजन कराया। तत्पश्चात शीतगृह परिसर में हवन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

हवन में संरक्षक एवं शिक्षाविद डॉ बाबू सिंह यादव दद्दू जी सहित अन्य परिवारजनों ने पवित्र अग्नि में आहुतियां देकर सफल भंडारण सत्र की कामना की। हवन एवं महाआरती के पश्चात शीतगृह स्वामी डॉ अंचल सिंह ने विधि विधान से मशीनों का पूजन किया बटन दबाकर भण्डारण सत्र की शुरूआत की


हवन में आहुतियां डालते डॉ .अनार सिंह यादव, डॉ .अनीता यादव, डॉ .अंचल यादव ।

### डग्गामार बस और ओवरलोड ट्रक सीज

**फर्रुखाबाद।** एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा टीएसआई सतेन्द्र कुमार के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें एक ओवरलोड ट्रक व एक डग्गामार बस सीज की गयी।

जानकारी के अनुसार एक डग्गामार बस, जिसमें 72 सवारियां ले जाई जा रहीं थीं को एआरटीओ ने सीज कर दिया। उस पर 36 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त मैनपुरी जनपद के मार्ग पर संचालित होने वाली एक बस को बिना परमिट मेरापुर से फर्रुखाबाद तक बारात ढोने के अभियोग में चालान किया गया है तथा उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक ओवरलोड ट्रक भी पकड़ा गया तथा इस पर परिवहन विभाग द्वारा 47 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। आज की कार्यवाही में परिवहन विभाग द्वारा 1.13 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के विधि छात्रों को बांटे गए टैबलेट

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरित किए गए। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डॉ. अनिल चौहान, कुलसचिव रणजीत सिंह एवं विधि संकाय के डीन डॉ. राजपाल सिंह द्वारा 163 विधि विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि डिजिटल संसाधन आधुनिक शिक्षा की रीढ़ हैं। टैबलेट के माध्यम से विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन, ई-लाइब्रेरी, शोध कार्य एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को और सशक्त बना सकेंगे। कार्यक्रम में उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह चौहान, विधि संकाय के डॉ. विनय कटियार, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. उदित अग्निहोत्री, अंशिका यादव, शैली बब्बर, ज्योति सिंह एवं निधि चौहान सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


विधि विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करते कुलपति डॉ अनिल चौहान व कुलसचिव रणजीत सिंह। अमृत विचार

- 163 विधि विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए गए।

उठे सवाल — राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान शुरू होने से पहले ही स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां सवालों के घेरे में आ गई हैं

# एल्बेंडाजोल खाकर दर्जनों बच्चे बीमार, डीएम ने जाना हाल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान शुरू होने से पहले ही स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां सवालों के घेरे में आ गई हैं।

कमालगंज क्षेत्र के राठौरा मोहद्दीनपुर में एल्बेंडाजोलदवा खिलाए जाने के बाद दर्जनों बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। घटना के बाद प्रशासनिक अमले में हडक़ंप मच गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व सीएमओ डॉ. अवनीन्द्र कुमार ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर बच्चों के हालचाल लिए तथा चिकित्सकों को लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार कमालगंज ब्लाक के जवाहरलाल प्रेमा देवी जूनियर हाई स्कूल राठौरा मोहद्दीनपुर में दवा दिए जाने के कुछ ही समय बाद करीब दर्जनों बच्चों को उल्टी, चक्कर, तेज पेट दर्द और बेहोशी की शिकायत होने लगी। बच्चों की तबीयत बिगड़ते ही स्कूल परिसरों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही घबराए परिजन बड़ी संख्या में स्कूल पहुंच गए और अफरा-तफरी मच गयी। पांच एम्बुलेंसों की मदद से बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज व मोहम्मदाबाद ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना जैसे ही प्रशासन तक पहुंची हडक़ंप मच गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचे और स्वयं उपचार की कमान संभाली। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हालचाल लिया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि कोई भी बच्चा गंभीर रूप से बीमार नहीं हैं। सभी स्वस्थ हो रहे हैं।

गौरतलब है कि जिले में 10 फरवरी को कृमि मुक्ति अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 9,07,820 बच्चों और किशोरों को पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया था। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज समेत 11 विभागों को जोड़ा गया था। एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दिए जाने के दावे भी किए गए थे। अभियान के दूसरे चरण (13 से 15 फरवरी) में छूटे बच्चों को दवा देने की योजना थी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अवनींद्र कुमार नें बताया कि सभी स्कूलों में दवा खिलायी गयी थी। इस स्कूल में बच्चों कों सिर दर्द व उल्टी की शिकायत हुई, अब सभी की हालत ठीक है।


अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चे। अमृत विचार

# समस्याओं को लेकर भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने मंगलवार को फर्रुखाबाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रज्ञापन में मुख्य रूप से अघोषित विद्युत कटौती का मुद्दा उठाया गया। कायमगंज, अमृतपुर, राजेपुर और शमशाबाद विकास खंडों के गांवों में बिजली कटौती से किसान परेशान हैं। कंपिल, कढ़री, नरैनामऊ और भुडिया जैसे कई गांवों में पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण सिंचाई में बाधा आ रही है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने कायमगंज तहसील क्षेत्र में बिना सहमति के कार्य कराए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा संचालित चकबंदी प्रक्रिया में भी अनियमितताओं का उल्लेख किया। किसानों की सहमति के बिना चकबंदी किए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष है।

ग्रामीण क्षेत्रों में गहराते पेयजल संकट पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। राजेपुर और अमृतपुर ब्लॉक के कई गांवों में हैंडपंप और नलकूप खराब पड़े हैं, जिसके कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज जाना पड़ रहा है। गौशालाओं की दयनीय स्थिति पर भी किसानों ने चिंता व्यक्त की। कंपिल, शमशाबाद और मोहम्मदाबाद क्षेत्र की गौशालाओं में गौवंश के लिए चारा, पानी और उपचार की पर्याप्त व्यवस्था न होने की शिकायत की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** पुलिस ने ग्राम पाठकपुरा स्थित जूनियर स्कूल के पास से एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उनि. शिव शंकर सिंह और उनि. शुभम वर्मा बीती रात सोमवार को करीब नौ बजे संदिग्ध युवक की सूचना पर उक्त स्थान पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम बंसी मोहन उर्फ बंटू पुत्र स्व. हृदय राम निवासी नगला डंवर बताया। तलाशी में उसकी जेब से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

### 13 को लगेगा दिव्यांग रोजगार मेला

**इटावा।** जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई ने बताया कि जनपद में 13 फरवरी को प्रात: 10 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर सैफई रोड में दिव्यांग रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। दिव्यांग रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले बेरोजगार दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को उनकी कौशल क्षमता के अनुसार रोजगार/स्व-रोजगार मिल सकेगा। 13 फरवरी को प्रात: 10 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर में दिव्यांगजन रोजगार मेले में प्रतिभागी अपने साथ बायोडाटा, दो पासपोर्ट साइज फोटो शैक्षिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति लेकर प्रतिभाग करें।

### रोजगार मेला आज

**इटावा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, मॉडल करियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु 11 फरवरी को विधि महाविद्यालय इकदिल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में 6 कम्पनियां विभिन्न रिक्तियों के साथ प्रतिभाग करेंगी। मेले में कक्षा 8 से स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, योग्यताधारी अभ्यर्थी मेले में हेल्पर, आईटीआई सभी ट्रेड, शटर ऑपरेटर, वेल्डर, सुपरवाइजर, आदि पदों पर 18 से 48 वर्ष आयु के पुरुष एवं महिला उम्मीदवार, मेले में भाग लेकर 15 हजार से 35 हजार वेतन प्रतिमाह प्राप्त कर सकते हैं।

### कक्षा 10 की छात्राओं को दी विदाई

**महेवा।** स्थानीय कस्बा स्थित सुखदेवी कन्या माध्यमिक विद्यालय में यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाली दसवीं की छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा भव्य विदाई दी गई। वहीं दूसरी ओर सभी छात्राओं को परीक्षा किट भी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अमिता यादव ने सभी छात्राओं को परीक्षा को बिना किसी दवाब एवं तनाव के तैयारी करने, परीक्षा में नियमित रूप से विद्यालय गणवेश में जाने आधार कार्ड व प्रवेश पत्र साथ में ले जाने की सलाह दी। इस अवसर शिक्षिका स्नेहलता, दिव्या पोरवाल, रीमा, संध्या यादव, शिववीर, रेनू, रेशू, कमल दुबे सहित विद्यालय की अनुष्का, प्रज्ञा, दीप्ति, गीतांजलि, अर्चना, मानवी, श्वेता सहित सभी छात्राएं मौजूद रहीं।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**भरथना।** कस्बे की रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार दोपहर को एक वृद्ध महिला ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई थी। महिला की शिनाख्त थाना इकदिल के कल्याणपुर, मुगलपुर नरैनी निवासी कमला देवी के रूप में हुई। उसके पुत्र जिलेदार पुत्र ज्ञान सिंह ने अपनी मां के रूप में की। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के पुत्र ने बताया कि मेरी मां मेरी बहन के यहां 2 दिन पूर्व गई हुई थी। तभी ये दुखद घटना हुई है।

### राष्ट्रीय पशु प्रदर्शनी में जमना पारी बकरी भी होंगी शामिल

**इटावा।** महाराष्ट्र के परली बीड में आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय पशु प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए इटावा से जमुना पारी बकरी के अलावा अन्य पशुओं को पशुपालन विभाग द्वारा रवाना किया गया। मंगलवार को उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा हरिश्चंद्र ने रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र के परली बाड में 13, 14 व 15 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जमुना पारी बकरी के अलावा अन्य पशुओं को भेजा गया है। पशुओं को ले जाने वाले गाडी को हरी झंडी दिखाकर रवना किया गया। इस अवसर पर डा डीके पांडे, अखिलेश यादव तथा पशु पालक उपस्थित रहे।

# आईआईटी चौराहे से विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर हटाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- डीएम ने दिए निर्देश, आईटीआई चौराहे पर रोड की जाएगी चौड़ी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईआईटी चौराहे के रोड चौड़ीकरण एवं सुधार संबंधी बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आईआईटी चौराहे से आगरा की ओर जाने के लिए हाईवे पर चढ़ने से पूर्व एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ है तथा बिजली का खंबा लगा है उसको हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी शहर के मुख्य चौराहे पर इलेक्ट्रिक खंबे नहीं होते यह मेजर प्रॉब्लम है इसलिए लाइन को वहां से हटाया जाए। उन्होंने बिजली विभाग को सख्त निर्देश दिए कि वहां से ट्रांसफार्मर, खंभा और तार को हटाया जाए।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि कानपुर की ओर से हाईवे से लिंक मार्ग पर उतरते समय आईआईटी चौराहे की मोड पर एक पाकड़ का पेड़ खड़ा है जिसे वन विभाग को काटने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पेड़ काटकर सड़क को और चौड़ा करने हेतु निर्देश दिए जिससे वहां का प्रेशर कम होगा। उन्होंने कहा कि जहां से वाहन उतरते हैं वहां मार्किंग कि जाए और लेन डिसिप्लिन किया जाए। उन्होंने कहा कि मैनपुरी की ओर से आईआईटी चौराहे से कानपुर रोड पर चढ़ने के लिए लिंग मार्ग के मोड पर बने नाले को पीछे करके सड़क चौड़ी कि जाए एवं नाला कहां से आ रहा है कहां तक जा रहा है इसका कोई विकल्प खोज कर नाले को हटाया जाए जिससे रोड चौड़ी हो सके।

उन्होंने आमजन की सुरक्षा के लिए निर्देशित किया तथा लेबलिंग करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आईआईटी चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल को ठीक करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सीओ सिटी अभय राय, टीएसआई सूबेदार सिंह, विद्युत विभाग, एनएचआई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान बागवानी के लिए उठाएं योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि जनपद में मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम ने जिला उद्यान अधिकारी को योजना के संचालन हेतु निर्देशित किया। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इस योजना में जनपद को 50 हेक्टेयर शाकभाजी, 1800 मीटर फेंसिंग तथा 3 एचडीपीई वर्मीबेड का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिन किसानों ने राष्ट्रीय बागवानी विकास मिशन योजना में लाभ नहीं लिया है वे किसान बेवसाइट पर अपना पंजीकरण करा कर उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत चितभवन गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार सुभावती पत्नी जयवीर सिंह निवासी चितभवन ने किसी विवाद के चलते फांसी लगाकर घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना से परिवार में हड़कम्प मच गया। परिजनों द्वारा महिला को आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पति की हत्या के आरोप में महिला और प्रेमी गिरफ्तार

## आरोपियों से बाइक, खून से सनी शर्ट व अन्य सामान बरामद

संवाददाता, भरथना (इटावा)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव पड़ियापुरा में रविवार की रात हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी और प्रेमी को गिरफ्तार किया है। तलाशी में पुलिस को उनके पास से बाइक के अलावा एटीएम कार्ड, दो मोबाइल व खून से सनी शर्ट बरामद हुई है। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि प्रेम संबंध में बाधक बनने के चलते उसकी हत्या कुल्हाड़ी से उसकी हत्या की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के गांव पड़िया पुरा निवासी रणवीर सिंह की रविवार की रात को कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई प्रदीप कुमार ने रणवीर सिंह की पत्नी पूजा व उसके प्रेमी अर्पित पुत्र सर्वेश कुमार व सर्वेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए हत्या के आरोपी प्रेमी-प्रेमिका। अमृत विचार

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम पडियापुर में हत्या करने के आरोपी कहीं भागने के फिराक में भरथना की ओर से आ रहें है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को अनहैया नदी पुल के पास से पूजा व उसके प्रेमी अर्पित को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों के पास से मोटर साइकिल, दो मोबाइल, एक पर्स, एक एटीएम कार्ड, एक रक्त रंजित शर्ट बरामद की गई।

बताया गया कि हम दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं, हम दोनों के मिलने से मेरे पति रणवीर सिंह एतराज करता था। इसलिए हम दोनों ने मिलकर रणवीर सिंह की कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी। बरामद मोटरसाइकिल को एमवीएक्ट की धारा 207 में सीज किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पकडे.गए दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

### बाजार जा रहे अधेड़ को मधुमक्खियों ने किया घायल

**बसरेहर।** थाना क्षेत्र के गांव चकवा बुजुर्ग के पास उड रही मधुमक्खियां की चपेट में आए 50 वर्षीय व्यक्ति जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मुकुट सिंह पुत्र कालीचरण निवासी लटूपुरा थाना सैफई जनपद अपने गांव से बसरेहर की तरफ जा रहा था तभी रास्ते में चकवा बुजुर्ग के समीप रोड के किनारे पहले से मधुमक्खियां का झुंड उड़ रहा था। तब तक वह कुछ समझ पाता तब तक मधुमक्खियां ने अपनी चपेट में ले लिया। और मधुमक्खियां के डंक के जहर से बेहोश हो गया। वह रोड के किनारे गिर पड़ा तभी रास्ते से निकले रहे कुछ लोगों ने उसे मधुमक्खियां के चुंगल से बचाया और एंबुलेंस की मदद से बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# खेल में हार जीत नहीं उत्साह के साथ भाग लेना रखता है मायने

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** केके कालेज में मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक इनडोर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के मंत्री ओमकार नाथ वर्मा ने प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह के साथ बैडमिंटन खेलकर किया। इस अवसर पर मंत्री प्रबंध समिति ओंकारनाथ वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी को अपने जीवन में खेल को आत्मसात करना चाहिए। खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जब हमारा शरीर निरोग रहेगा तो हम अपने दैनिक जीवन के कार्य बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने कहा भाग ले रहे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र जीवन से ही शतरंज में विश्वनाथन आनंद, बैडमिंटन में पी वी संधू, साइना नेहवाल ने देश का नाम विश्व पटल में रोशन कर नई इबारत लिखी है। विद्यार्थियों को इन से प्रेरणा लेकर खेल भावना के साथ खेल में भाग लेना चाहिए। महत्वपूर्ण खेल में भाग लेना होता है, जीत हार कोई मायने नहीं रखती है, आप किस उत्साह से भाग लेते हैं, वह मायने रखता है। आयोजन सचिव लेफ्टिनेंट प्रो सुनील सिंह सेंगर ने आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए संपन्न होने वाले महिला एवं पुरुष वर्ग के बैडमिंटन, टीटी, शतरंज प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मंत्री प्रबंध समिति ओमकार नाथ वर्मा, प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह एवं अन्य अतिथियों का शिक्षकों व कर्मचारियों ने बुके, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रो.ओमकुमारी, प्रो मनोज गुप्ता, प्रो. पदमा त्रिपाठी, , डॉ.रमाशंकर यादव, प्रो. राजवीर सिंह, डॉ.सुजीत कुमार, डॉ. मिथलेश सिंह, डॉ. सुशील वर्मा, डॉ. हिमांशु कुमार, प्रो. अनिल त्रिपाठी, मुरली कुमार, अजय कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ.अंकुर वर्मा, डॉ. सनोज यादव सहित सभी शिक्षक, कार्यालय अधीक्षक मधुसूदन सिंह, लेखाकार अखिलेश वर्मा, पवन वर्मा, आशीष पटेल, बंटू, हरिओम, दीपांशुसहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



खिलाड़ियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह। अमृत विचार

- केके कालेज में दो दिवसीय वार्षिक इनडोर खेलकूद स्पर्धा शुरू

# राम कथा में सुनाया राम सीता विवाह का प्रसंग

**बकेवर।** क्षेत्र के ग्राम बेरीखेड़ा में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में व्यासपीठ श्यामजी भैया ने चौथे दिन की कथा में राम-सीता विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि कैसे अयोध्या से बारात मिथिला आई और भरत का मांडवी से, लक्ष्मण का उर्मिला से और शत्रुघ्न का श्रुति कीर्ति से विवाह सम्पन्न हुआ। जानकी की विदाई पर मिथिलावासी और पशु-पक्षी भी रो पड़े, इस दौरान उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए। तत्पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

सभी भक्त राम के भजनों पर झूमते-गाते नजर आए और उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कथा के दौरान उन्होंने भक्तों को क्रोध पर नियंत्रण रखने की सीख दी और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का उदाहरण देते हुए वाणी की मधुरता का महत्व समझाया। कई बार श्रद्धालु नाच गान के साथ आनंद विभोर हो गए। परीक्षित रामकुमार कुशवाहा व सुनीता ने बताया कि मंगलवार की रात कथा पंडाल में जागरण रोहित कश्यप देबी जागरण ग्रुप द्वारा आयोजित होगा। जिसमें सभी ग्राम व क्षेत्रवासियों से देवी जागरण को सुनने की अपील की है।



कथा का श्रवण करते भक्तगण।

# सारिका, विमल शर्मा ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जाइंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 के जाइंट्स ग्रुप ऑफ इटावा मैत्री तथा इटावा सहेली ने संयुक्त रूप से अधिष्ठापन समारोह फेडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय समिति सदस्य डॉ. शिवराज सिंह यादव, विशेष समिति सदस्य ऊषा यादव तथा फेडरेशन 5 अध्यक्ष एडवोकेट विपिन मित्तल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जाइंट्स प्रार्थना और सरस्वती पूजन के बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। सभी पदाधिकारियों का तिलक वंदन तथा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। जाइंट्स मैत्री ग्रुप की अध्यक्ष ने सभी लोगों का स्वागत किया। नवीन सदस्यों को फेडरेशन 5 अध्यक्ष एडवोकेट विपिन मित्तल द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। जाइंट्स मैत्री ग्रुप की सारिका तथा जाइंट्स सहेली ग्रुप की अध्यक्ष विमल शर्मा तथा नई कार्यकारिणी के सदस्यों को यूनिट निदेशक प्रेरणा जैन द्वारा पद एवं उत्तरदायित्व के बोध हेतु शपथ दिलाई गई। अधिष्ठापन कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व वरिष्ठ अध्यक्ष जनो को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफीसर संगीता अग्रवाल, डॉ तृप्ती यादव, यूनिट एक निदेशक नीतू पुरवार, फेडरेशन कोऑर्डिनेटर आशा अवस्थी, स्मिता यादव, क्षमा, फेडरेशन 5 वित्त सचिव अपर्णा सिंह, फेडरेशन 5 सचिव नितिन वर्मा और पूर्व फेडरेशन 5 अध्यक्ष एनसीएफ सदस्य प्रो. आरके अग्रवाल की उपस्थित रहे।



नवनियुक्त अध्यक्ष सारिका व विमल शर्मा को सम्मानित करते डॉ. शिवराज सिंह यादव।

- जाइंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह आयोजित

# बाइक खडे टैंकर में घुसी, तीन घायल

संवाददाता, महेवा

**अमृत विचार।** बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा महेवा में हाइवे पर शाह पंप के निकट सड़क किनारे खड़े टैंकर में बाइक सवार के घुसने से तीन लोग घायल हो गए।

कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गहवा निवासी आधा दर्जन लोग दो बाईकों पर सवार होकर भरथना किसी बारात में शामिल होने जा रहे थे। महेवा में शाह पेट्रोल पंप के निकट सड़क किनारे खड़े टैंकर में एक बाइक सीधी तेज रफ्तार में घुस गई। इस हादसे में अरविंद पुत्र सूरजवली, सूरज पुत्र करन, रामजी पुत्र करन गंभीर घायल हो गए, जिन्हें लोगों ने महेवा सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर थाना प्रभारी विपिन मलिक, चौकी प्रभारी महेवा निर्मल सिंह मय फोर्स के पहुंचे तथा उचित इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कराया।

### दुर्घटनाओं में तीन घायल

**इटावा।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत नगला शुक्ल निवासी राम किशोर पुत्र राम नरेश को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। थाना फ्रेंड्स कालोनी के मुलायम नगर के पास कार की टक्कर लगने से मासूम बच्चा जिगर 5 वर्ष पुत्र विमलेश निवासी रामनगर घायल हो गया। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत नई मंडी के दूसरे गेट के पास स्कार्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे मनोज यादव पुत्र कृपाल सिंह घायल हो गया।

आयोजन

जयोत्री एकेडमी भरथना में विक्ट्री एडवेंचर कार्यक्रम

# विद्यालय जीवन जीने की कला सिखाने का स्थान

संवाददाता, भरथना (इटावा)

**अमृत विचार।** जयोत्री एकेडमी परिसर में कक्षा 2 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए 'विक्ट्री एडवेंचर प्रोग्राम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, एकाग्रता तथा सामाजिक कौशल का विकास करना था। आयोजन में रोमांच, उत्साह और अनुशासन का समन्वय देखने को मिला।

विद्यालय के निदेशक डॉ. नितिन पोरवाल तथा प्रधानाचार्य योगेंद्र नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, थाना प्रभारी भरथना विक्रम सिंह का अभिनंदन किया। इसके उपरांत श्री सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर कहा ऐसे साहसिक और रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल और रोमांच के माध्यम से बच्चे न केवल अपने डर पर विजय पाते हैं, बल्कि सहयोग और नेतृत्व जैसे गुण भी सीखते हैं, जो जीवनभर उनके काम आते हैं।

कार्यक्रम के दौरान भरथना के पूर्व चेयरमैन एवं जयोत्री एकेडमी के संस्थापक मनोज पोरवाल ने कहा विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने का स्थान है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, साहसी और जिम्मेदार बनाते हैं। विद्यार्थियों का समूह विभाजन एवं ब्रीफिंग की गई। इसके पश्चात साहसिक गतिविधियां प्रारंभ हुईं। इसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यार्थियों ने बाउंसी, रनिंग बंजी, स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग, ज़िप लाइन, कमांडो क्रॉल, हॉरिज़ॉन्टल क्रॉल, टग ऑफ वॉर, आर्चरी, ट्रैम्पोलिन, डबल रोप ब्रिज, बर्मा ब्रिज, कमांडो नेट, हिप्पिटी हॉप रेस, रोलर ज़ॉर्ब आदि रोमांचक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के संगीत प्रशिक्षक अनुज कुमार का वादन एवं नृत्य प्रशिक्षक अदनान का गायन कार्यक्रम के आकर्षण बढ़ा रहा था। कार्यक्रम में स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह साथ में मनोज पोरवाल।

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने ने युवक की मौत, एक घायल

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सराय जलाल में घर की छत पर काम करते समय वहां से निकलने वाली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसे बचाने के प्रयास में उसके ताऊ को भी जोरदार करंट लगा, जिसस वह गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। युवक की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी प्रमोद पुत्र रामलाल के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। काम कराने के लिए उसका भतीजा प्रांशु 18 वर्ष पुत्र उदय भान भी काम करवा रहा था। उसके मकान के ऊपर से हाईटेंशन की लाइन गुजरी है। काम करते समय अचानक प्रांशु का हाथ हाईटेंशन लाइन के तार से छू गया। जिससे उसे जोरदार करंट लग गया। प्रांशू को करंट से बचाने के लिए प्रमोद आगे आया और बचाने का प्रयास किया तो उन्हें भी जोरदार करंट लग गया। करंट लगने से दोनों गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार व आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने प्रांशू का मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रमोद की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया है।

- मकान पर काम करते समय वहां से निकलने वाली लाइन से हुआ हादसा

### गैस सिलेंडर का पाइप फटने से महिला की मौत

**इटावा।** थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिपहरी में गैस सिलेंडर का पाइप फटने से एक महिला की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शिवानी शाक्य 23 वर्ष पत्नी सुशील कुमार निवासी ग्राम सिपहरी वैदपुरा घर मे खाना बना रही थी तभी गैस सिलेंडर का पाइप फट गया जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गई और उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर थाना वैदपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे लेकर शव विच्छेदन ग्रह भेजा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

## न्यूज ब्रीफ

### आग लगने से घरेलू सामान जलकर राख

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 10 :30 बजे अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में आग लग गई। आग की चपेट में आकर झोपड़ी में रखा सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रवि कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगने से झोपड़ी में रखा दो कुंतल जीन पाइप (खेत की सिंचाई में प्रयोग होने वाला), रजाई, खटिया व गद्दा पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आपसी सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, कोहराम

**जालौन।** बाइक से घर लौट रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी की। ग्राम बम्होरा निवासी रामदेव चौहान सोमवार को किसी काम के चलते बाइक से उरई गए थे। उरई में काम निपटाकर वह देर रात वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वह बाइक लेकर औंता और ककहरा के बीच पहुंचे। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी की। वहीं, रामदेव की मौत की खबर सुनकर परिजन रो रोकर बेहाल हैं।

### हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वावधान में सुंदरकांड

**फफूंद, औरैया।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में शुक्रवार को चौदहवां सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हिंदू युवा मोर्चा संघ प्रदेश कार्यालय दिबियापुर रोड राधा रमण विद्यालय के पास प्रांगण में सम्पन्न हुआ। आयोजक हिंदू युवा मोर्चा संघ परिवार के आह्वान पर सुंदरकांड का आयोजन सम्पन्न किया गया। जिसमें हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सभी पदाधिकारी, सदस्य व पूरे फफूंद नगर व समस्त क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे। सुंदरकांड पाठ समय का दो बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर बाल कृष्ण मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष( हिन्दू युवा मोर्चा संघ) गौरव श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री, गोपाल अवस्थी नगर सह संयोजक ,शिव कुमार, विवेकानंद त्रिपाठी, अशोक कुमार शर्मा, राकेश कुमार राठौर, विनोद तिवारी, अरविंद राठौर, रामदास , पन्ना लाल, अखिलेश कुमार, सत्यपाल सिंह, राजीव मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे।

### फर्जी वोटों की जांच को कमेटी गठित

**अछल्दा, औरैया।** विकास खंड की ग्राम पंचायत बैसोली बड़ी संख्या में नाम मतदाता सूची में फर्जी वोट बनाने की शिकायत हुई थी। जिस पर अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य ने सोमवार को दलीपपुर गांव पंचायत घर में जनसुनवाई के दौरान फर्जी वोट का मामला आने पर पूरी पंचायत की मतदाता सूची का दुबारा स्थलीय सत्यापन परीक्षण हेतु आदेश पर ब्लाक स्तरीय चार सदस्यीय टीम का मंगलवार को गठन कर जांच शुरू। अछल्दा निवासी भुवनेश कुमार पुत्र जोर सिंह और गांव नगला खगा निवासी राहुल पुत्र जयवीर सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत-बैसोंली ग्रामीण में बीएलओ द्वारा फर्जी वोट बनाये जाने सम्बन्धी शिकायत की जांच हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अविनाश चंद्र मौर्य 9 फरवरी सोमवार को गांव दलीपपुर पंचायत भवन पर जनसुनवाई की गयी जिसमें प्रकाश में आया कि ग्राम पंचायत में काफी बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत से बाहर के निवासियों के नाम फर्जी तरह से मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं जिस पर उन्होंने जांच के निर्देश दिए कि आवश्यक है कि ग्राम पंचायत बैसोंली की मतदाता सूची का पुन: सत्यापन किया जाये। ग्राम पंचायत बैसोंली की मतदाता सूची का स्थलीय सत्यापन हेतु विकास खण्ड स्तरीय जांच समिति का गठन हुआ। डीडीओ सतीश पांडेय ने बताया कि में टीम गठित कर दी गई जो जांच कर रिपोर्ट देगी।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**कुदरकोट, औरैया।** कस्बा कुदरकोट में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं रासलीला का आरम्भ मंगलवार कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा में पीले वस्त्र धारण की हुई कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगलगीत गाती चल रही थीं। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कस्बा कुदरकोट में स्थित श्री रुक्मिणी धाम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

# भयानकनाथ मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया



कस्बा में बना भयानकनाथ मंदिर। अमृत विचार

- करीब पांच हजार वर्ष पुराने मंदिर में महाशिवरात्रि को लगती है भीड़
- भक्तों की मान्यता है कि पूजा पाठ करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं

**अमृत विचार।** जिले के कुदरकोट गांव में स्थित भयानकनाथ मंदिर भगवान शिव के भयानक रूप को समर्पित है। भयानकनाथ मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। करीब पांच हजार वर्ष पुराने इस प्राचीन शिवालय में जलाभिषेक से मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। फाल्गुन की महाशिवरात्रि और सावन की शिवरात्रि पर हरिद्वार व सिंघीरामपुर से कांवड़ में जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस वर्ष भी महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

कुदरकोट चौराहे से भयानकनाथ मंदिर जाने के लिए दो प्रमुख रास्ते हैं। दोनों ही रास्तों की दूरी लगभग बराबर है। एक भरथना-बिधूना राज्यमार्ग पर थाने के पास से भयानकनाथ मंदिर के लिए रास्ता गया है। वहीं दूसरा रास्ता कुदरकोट-एरवाकटरा मार्ग से बल्लूपुर गांव के लिए गया है। दोनों रास्तों से दूर लगभग बराबर ही पड़ती है। भयानकनाथ शिव मंदिर का इतिहास बेहद रोचक और आस्था से जुड़ा है। मान्यता है कि यहां भगवान श्रीकृष्ण की ससुराल है। यहीं से भगवान श्री कृष्ण द्वारा रुक्मणी के हरण करने के प्रमाण मिलते हैं।

लोग बताते हैं कि कुदरकोट गांव कभी कुंडिनपुर बाद में कुंदनपुर के नाम से जाना जाता था। यह द्वापर में राजा भीष्मक की राजधानी हुआ करती थी। रुक्मणी के पिता महाराज भीष्मक द्वारा आज से लगभग पांच हजार साल पूर्व पुरहा नदी के तट के पास एक शिवलिंग की स्थापना की थी। यह कालांतर में भगवान भयानक नाथ मंदिर के नाम से जाना गया। यह वही स्थान है जहां पांडवों ने अपने अज्ञातवास के समय पांडव युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल व सहदेव अपनी मां कुन्ती के साथ यहां पर कुछ समय के लिए रुके थे। इस दौरान उनके द्वारा इस शिवलिंग का रुद्राभिषेक के साथ पूजा की गई थी। इसके बाद पांडव यहां से अज्ञात स्थान के लिए रवाना हो गए थे। माता रुक्मिणी श्रावण मास में इस मंदिर में पूजा अर्चना करती थीं।

इसी कारण इस मंदिर को विशेष धार्मिक मान्यता प्राप्त है, इसके बाद क्षेत्रवासियों ने यहां शिव मंदिर का सुंदरीकरण कराया। वर्तमान में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

### पुलिस की निगरानी में रहता है मंदिर

- साल 2018 में 15 अगस्त को इसी मंदिर परिसर में तीन साधुओं की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा के लिए पीएसी की तैनाती की गई थी, जो अब हटा ली गई है। वर्तमान में कुदरकोट थाने की पुलिस निगरानी रख रही है।

### श्रद्धालुओं का महाशिवरात्रि पर लगा रहता है तांता

- पुजारी राम कुमार चौरसिया का कहना है कि भगवान शिव सर्वोपरि हैं, भयानकनाथ मंदिर में शिव विराजमान हैं यहां हर समय लोग उनकी पूजा करने पहुंचते हैं। सुबह और शाम के समय गांव व शहर के लोग पूजा करने पहुंचते हैं और घंटो यहां बैठते हैं। जिससे उनका मन और चित शांत रह सके। समय-समय पर यहां पर भंडारे का आयोजन होता है। मंदिर में महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं।

# बेड़ियां बाबा मंदिर के पास जंगल में लगी आग

संवाददाता कुसमिलिया (जालौन)

**अमृत विचार।** उरई राठ रोड पर बेड़ियां बाबा मंदिर के पास मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग धीरे-धीरे जंगल में फैलने लगी। बेड़ियां बाबा पर चल रहे यज्ञ में मौजूद लोगों ने आग की लपटें और धुआं उठते देख हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए पानी डाला और कुछ झाड़ से आग बुझाने में लग गए मौजूद लोगों ने ही आग को काबू में कर लिया।

जानकारी के अनुसार जहां दोपहर के वक्त अचानक जंगल में आग लग गई। उस समय बेड़ियां बाबा मंदिर पर यज्ञ का भंडारा चल रहा था और सामूहिक कार्यक्रम भी हो रहा था । जिससे काफी संख्या में लोग वहां मौजूद थे।जिससे आग पर ग्रामीणों ने ही काबू करने का प्रयास किया, इससे इलाके में हड़कंप मच गया, इसके बाद ग्रामीणों ने डकोर कोतवाली को सूचना दी और मौजूद लोगों ने ही आग को काबू में कर लिया। धुआं और लपटों को देख ग्रामीणों के चेहरों पर भी खौफ नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल इसी तरह जंगल मे आग लगती हैं। वो तो गनीमत रही कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए मौके पर लोग मौजूद थे। इसलिए आग ने ज्यादा विकराल रूप नहीं लिया । नहीं तो कोई बड़ी घटना भी हो सकती थी। क्योंकि बड़ी संख्या में मेले में दुकानें भी थीं।



जंगल में लगी आग।

# दुष्कर्म में दोषी को 20 साल के कारावास की सजा

## अदालत ने दोषी पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता औरैया



**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के साढ़े पांच वर्ष पुराने दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने दोषी शरद कुमार को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोषी पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्र ने बताया कि वादी ने यह मुकदमा दिबियापुर थाने में दर्ज कराया था। शिकायत के अनुसार, वादी की साढ़े पंद्रह वर्षीय पुत्री 10 जुलाई 2020 की शाम करीब पांच बजे अपने नाना के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान अवावर सराय निवासी शरद कुमार पुत्र कौशल किशोर बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया। घटना के बाद वादी और उसके रिश्तेदारों ने लड़की की कई जगह तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो कोर्ट में हुई। अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए कठोर दंड सुनाया। कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी सजा समाज में निवारक प्रभाव डालने के लिए आवश्यक है।

## भाजपा की प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत का स्वागत

**कालपी।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत का बुन्देलखण्ड के प्रवेश द्वार कालपी में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा फूल मालाओं के साथ स्वागत किया ।

मंगलवार की दोपहर लखनऊ से चलकर उरई के राजकीय मेडिकल आंडिटोरियम में महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल होने जा रही भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत का पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन की मौजूदगी में भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया ।इस दौरान अरविन्द सोनी, मन्टू विश्नोई, मनोज गुप्ता, प्रीतू सिंह, उदय प्रताप सिंह, विनोद खत्री, बाबू सिंह यादव, संजय सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** ओजस्वी फाउंडेशन के तत्वावधान में कस्बे के फक्कड़पुर गांव में स्थित मां सरस्वती शिक्षा निकेतन में हवन-पूजन के साथ हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। साथ ही 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और कॉपी व पेन देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में ओजस्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष अपर्णा सिंह, सोशल डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, कमेटी के जिला अध्यक्ष सारिक खान एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश पाल ने शिक्षकों को भी शॉल ओढ़ाकर, बुकलेट व डायरी भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ परीक्षा में शामिल हों। पढ़ाई पर की गई मेहनत और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। फाउंडेशन सदैव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयासरत रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर रामसेवक, विजय सिंह, धीर सिंह, दीपक,अनूप कुमार, रौनक,चेतना कुमारी, मुस्कान सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



प्रमाण पत्र देते संगठन के लोग। अमृत विचार



भागवत कथा में उपस्थित भक्त। अमृत विचार

## भागवत कथा सुनने को उमड़े भक्त

**जालौन।** भगवान भक्त के वश में हैं, भक्त जैसा चाहे भगवान वैसा करते हैं ''हरि नाम अति मीठा, कोई गा के देख ले। आ जाते हैं हरि, कोई बुलाकर के देख ले।।'' यह पंक्तियां श्रीबीर बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन आचार्य पंडित अंकित पचौरी ने उपस्थित भगवद् प्रेमियों के समक्ष कही।

उरई रोड स्थित श्रीबीर बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित श्रीसीताराम नवकुंडीय महायज्ञ व सप्ताहिक श्रीमद्भगवद् ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भगवताचार्य पंडित अंकित पचौरी ने श्रोताओं को बताया कि पूजा में स्वच्छता व शुद्धता के साथ भाव की बहुत महत्ता है। भगवान् के भक्त बनकर तो देखो वह सदैव तुम्हारे हितार्थ तत्पर रहेंगे। प्रभु श्रीराम की संगति में पशु भी अपना पशुवत व्यवहार छोड़ देता है, वहीं रावण की संगति में मानव भी पशुवत् व्यवहार अपना लेता है। राम-रावण, कृष्ण-कंस तथा द्रोपदी-दुर्योधन की राशि एक होने के बाद भी उनके कर्म अलग-अलग होने से उनके चरित्रों में काफी असमानताऐं रहीं। व्यक्ति जैसे कर्म करता है, वैसा ही फल उसे प्राप्त होता है। सुबह यज्ञाचार्य रामबाबू त्रिपाठी ने सीताराम नव कुंडीय महायज्ञ में नौ कुंडियों पर बैठे भक्तों को विधि-विधान से आहूति दिलायी।

## मेडिकल स्टोर पर नारकोटिक्स विभाग की छापेमारी

**दिबियापुर, औरैया।** सोमवार की रात लखनऊ से आई नारकोटिक्स विभाग की टीम ने कस्बा के ओवरब्रिज स्थित रामकृष्ण नगर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद पोरवाल के मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर जांच की। टीम के पहुंचने पर मेडिकल स्टोर बंद मिला, जिसके बाद टीम ने संचालक के आवास पर जाकर जानकारी ली। इस दौरान संचालक की ओर से सभी आवश्यक दस्तावेज टीम को उपलब्ध कराए गए। जांच को रुटीन चेकिंग बताया गया।

टीम के पहुंचने की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और टीम प्रभारी से पूरे प्रकरण की जानकारी ली।बताया गया कि नारकोटिक्स टीम सोमवार रात करीब 9 बजे दिबियापुर पहुंची थी और लगभग दो घंटे तक जांच की। अरविंद पोरवाल ने बताया कि यह पूरी तरह रुटीन जांच थी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



अपनी बात रखतीं राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य। अमृत विचार

## राज्यसभा सदस्य ने उठाया अछल्दा, फफूंद व कंचौसी में ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा

**औरैया।** मंगलवार को राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने संसद के माध्यम से औरैया जनपद के अछल्दा, फफूंद एवं कंचौसी रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान इन स्टेशनों पर कई ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था, जो आज तक बहाल नहीं हो सका है।

गीता शाक्य ने बताया कि इन क्षेत्रों के यात्रियों को रेल सुविधाओं के अभाव में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक यात्रियों, छात्रों, व्यापारियों एवं नौकरीपेशा लोगों को लंबी दूरी तय कर अन्य स्टेशनों से ट्रेन पकड़ने को मजबूर होना पड़ता है। गीता शाक्य ने कहा कि वह इस समस्या को लेकर पूर्व में भी रेल मंत्री को ज्ञापन सौंप चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने रेल मंत्रालय से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए कोरोना काल से बंद ट्रेनों का ठहराव अछल्दा, फफूंद एवं कंचौसी स्टेशनों पर शीघ्र बहाल किया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रेल मंत्रालय समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगा।

# छापेमारी कर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया

संवाददाता कालपी

**अमृत विचार।** सोमवार शाम पुलिस ने सोहरापुर के जंगल में संचालित जुएं के अड्डे पर छापामारी कर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह फड विगत एक वर्ष से चल रही थी।

जुएं का खेल इस क्षेत्र में नया नहीं है बल्कि कई लोग इसे रोजगार मान बैठे हैं जिसके चलते कमोबेश यहां प्रतिदिन स्थान बदल बदल कर फड लगते रहते हैं। हालांकि कभी कभार इन पर पुलिस की भी नजर पड़ जाती है तो गिरफ्तार भी किया जाता है लेकिन यह अनवरत जारी है । सोमवार को भी कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली थी कि मदारीपुर रोड स्थित सोहरापुर के जंगल में बडी संख्या में जुंआरी हार जीत की बाजी लगा रहे हैं जिसमें कई पेशेवर शामिल हैं जिसके चलते कोतवाली प्रभारी अजय ब्रम्हा तिवारी ने भारी पुलिस के साथ चिन्हित स्थान पर छापा मारा तो 9 जुंआरी पुलिस के हत्थे चढ गये थे। हालांकि जंगल का फायदा उठाकर कई शातिर मौके से फरार हो गये थे।

### काफी दिनों से संचालित हो रहा था अड्डा

सोमवार शाम को सोहरापुर के जंगल में पकडा गया यह जुंआ का अड्डा नया नहीं है बल्कि यह विगत एक वर्ष से चल रहा था। हालांकि इससे पहले भी इस क्षेत्र में जुंए के अड्डे संचालित होते रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इस अड्डे का संचालन क्षेत्रीय दबंग करा रहे थे। हालांकि इसमें कोतवाली मे पदस्थ एक दरोगा की भूमिका भी सन्देह के दायरे में है।

### अन्य स्थानों पर भी सजती है जुंआरियों की महफ़िल

सोहरापुर के जंगल में पकडा गया जुंआ का अड्डा क्षेत्र में कोई अकेला नहीं है बल्कि कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मगरौल क्षेत्र, बरही बम्बा क्षेत्र के अलावा नगर के हरीगंज सहित अन्य हिस्सो मे भी जुंआरियो की महफ़िल सजती है लेकिन पुलिस उन तक नहीं पहुंच पा रही है जबकि सब कुछ खुलेआम चल रहा है।

**कामयाबी** | सस्ती पर्यटन यात्रा का झांसा देकर लोगों को ठगता था

# साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** साइबर थाना औरैया की टीम ने सस्ती और लुभावनी पर्यटन यात्रा का झांसा देकर देश के विभिन्न राज्यों के लोगों से साइबर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी औरैया सदर कोतवाली क्षेत्र से की गई।

सदर कोतवाली में मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह पहले एक ट्रैवल्स कंपनी में कार्य करता था, जहां से उसने ट्रैवल टूर पैकेज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की थी।

इसके बाद आरोपी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर "वी वांट ट्रिप" नाम से एक पेज बनाया। इस पेज के माध्यम से वह सस्ते और आकर्षक पर्यटन ऑफर डालकर लोगों को लुभाता था। इच्छुक लोग पेज पर दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क करते थे, जिसके बाद आरोपी धोखाधड़ी और जालसाजी के माध्यम से उन्हें अपने बताए गए बैंक खातों में रुपये जमा करने के लिए प्रेरित करता था। रुपये प्राप्त होते ही वह पीड़ितों से संपर्क तोड़ देता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ ओमजी, पुत्र इंद्रपाल सिंह, निवासी ग्राम रुस्कुआ सांफर, थाना अजीतमल, जनपद औरैया के रूप में हुई है।

साइबर थाना औरैया की टीम 10 फरवरी 2026 को एनसीआरपी एवं प्रतिबंधित पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में जांच कर रही थी। इन शिकायतों में गुजरात के भरूच, तेलंगाना, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), नई दिल्ली और मुंबई से जुड़े साइबर ठगी के मामले शामिल थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सस्ती पर्यटन यात्रा का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति जिला संयुक्त चिकित्सालय (100 शैय्या अस्पताल) के पास मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए साइबर थाना टीम ने सोमवार देर रात करीब 2:50 बजे बताए गए स्थान से आरोपी प्रवेंद्र प्रताप सिंह को धर दबोचा। गिरफ्तारी के समय आरोपी के कब्जे से 1,19,400 रुपये नकद, 02 लैपटॉप, 10 एटीएम कार्ड, 01 मोबाइल फोन तथा एक ट्रेवल्स कार्ड (टूर एंड ट्रेवल्स) बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी प्रवेंद्र प्रताप सिंह को न्यायालय में प्रस्तुत किया।




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

# नागिन बनने का नाटक कर घर से भागी युवती, गांव में मचा हड़कंप

संवाददाता औरैया

- बिस्तर पर सांप की केंचुल रख रची फिल्मी कहानी, युवती प्रेमी संग फरार
- तीन महीने से फरारी की प्लानिंग, सांप की केंचुल से परिजनों को किया गुमराह

**अमृत विचार।** फफूंद थाना क्षेत्र के सिंगनपुर गांव में सोमवार सुबह एक अजीबोगरीब मामला सामने आया, जब एक 21 वर्षीय युवती अपने बिस्तर पर सांप की केंचुल रखकर घर से भाग गई। युवती की इस हरकत से गांव में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार सिंगनपुर गांव निवासी राकेश वाल्मीकि की पांच बेटियां और दो बेटे हैं। चार बेटियों की शादी हो चुकी है। सबसे छोटी बेटी रीना (21) रविवार रात करीब तीन बजे घर से अचानक गायब हो गई। सोमवार सुबह जब परिजन उसे जगाने उसके कमरे में पहुंचे तो बिस्तर पर करीब पांच फीट लंबे सांप की केंचुल, एक अंगूठी, गले का धागा और चूड़ियां रखी मिलीं। परिजनों ने बताया कि रीना कुछ समय से मंदिर से शेषनाग की मूर्ति लेकर आई थी और परिवार वालों से कहा करती थी कि उसे सपने में सांप दिखाई देता है और वह उसके साथ लेटता है। घरवाले उसकी शादी कराना चाहते थे, लेकिन वह तैयार नहीं थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवती ने घर से भागने की योजना करीब तीन महीने पहले ही बना ली थी और लोगों को भ्रमित करने के लिए यह पूरा ड्रामा रचा।

पुलिस के मुताबिक जांच में यह भी सामने आया है कि रीना की गांव के ही एक युवक से दोस्ती थी उससे वह शादी करना चाहती थी। परिजन उसकी शादी कहीं और तय कर रहे थे। इसी से नाराज होकर युवती ने घर छोड़ने का फैसला किया। युवती के पास अपना मोबाइल नहीं था, वह अपनी मां के कीपैड फोन से युवक से बात करती थी। पुलिस ने उस नंबर को सर्विलांस पर लगाया है और संबंधित युवक की तलाश की जा रही है। वहीं युवती के पिता ने अज्ञात के खिलाफ बहला-फुसलाकर बेटी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है और गांव के ही एक युवक पर शक जताया है। पुलिस का कहना है कि 'नागिन बनने' जैसी बातें महज अफवाह हैं। युवती की बरामदगी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पार्किंग में खड़ा कराएं ई-रिक्शा

कुरारा। कस्बे में भौली रोड, बेरी रोड में ई रिक्शा चालक व्यवस्थित रूप से खड़ा नहीं कर रहे हैं। जिससे जाम की समस्या रहती है। राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने थानाध्यक्ष को पत्राचार कर सभी ई रिक्शा चालकों को पार्किंग में खड़ा कराए जाने की बात कही है। जिससे आम लोगों को जाम के झाम से निजात मिल सकेगी।

### बूथों पर शिविर लगा नोटिसों की हुई सुनवाई

सुमेरपुर। मंगलवार को कस्बे के सभी बूथों में शिविर लगाकर मतदाताओं को जारी की गई नोटिसो का समाधान किया गया। कस्बे में करीब चार सौ नोटिसों की सुनवाई की गई। कस्बे के श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सहित सभी बूथों में मतदाताओं को जारी की गई नोटिसों का शिविर लगाकर समाधान किया गया। कस्बे में शाम पांच बजे तक करीब चार सौ नोटिसों पर सुनवाई करके कार्यवाही की गई। इस मौके पर सभी बूथों पर सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ मौजूद रहे।

### बाजार के मध्य हाईवे पर डंपर खराब, लगा भीषण जाम

हमीरपुर। मंगलवार को सुमेरपुर कस्बे के मुख्य बाजार में नगर पंचायत के समीप हाईवे में ट्रक खराब होने से भीषण जाम लग गया। जाम में अधिकारियों की गाड़ियां, एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसों के साथ सैकड़ों की तादाद में वाहन फंस रहे। दोपहर करीब एक बजे नगर पंचायत के सामने हाईवे पर एक डंपर खराब हो गया। हाईवे पर दोनों तरफ अतिक्रमण होने के कारण बाजार में भीषण जाम लग गया। जाम में हाईवे से गुजर रहे डीआईजी की गाड़ी फंस गई। उनके सुरक्षा कर्मी गाड़ी को निकालने के लिए हलाकान रहे। जाम में एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसों के साथ सैकड़ों वाहन फंस गए। करीब तीन घंटे तक वाहन रेंगते रहे। तीन बजे के बाद खराब डंपर को हाईवे से हटाने के बाद स्थित सामान्य हो सकी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने कहा कि स्थाई अतिक्रमण हटाना उनकी जिम्मेदारी है।

### जेठ पर अभद्रता का आरोप

बिवार (हमीरपुर)। छानीखुर्द गांव की सीमा पत्नी वरन वर्मा ने थाने में तहरीर दी। बताया कि जेठ बब्बी वर्मा आए दिन शराब के नशे में अभद्रता कर परेशान कर रहा है। सुबह वह अपने घर के बाहर नाली की सफाई कर रही थी। तभी नशे में जेठ अभद्रता करने लगा।

### हमीरपुर के 3 शातिर धरे गए, 4 लाख का माल बरामद

कानपुर। सजेती पुलिस ने दक्षिण जोन में केबल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे चार लाख माल बरामद हुआ। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि सजेती व साढ़ क्षेत्रों में लगातार केबल चोरी की घटनाएं हो रही थीं। अभी हाल में 18 जनवरी को दर्ज हुए मुकदमे में जांच से पता चला कि शातिर क्षेत्र में ही हैं। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर बरीपाल क्रॉसिंग से आनूपुर मोड़ के बीच जॉल बिछाकर तीनों को माल समेत पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सियापाल, सत्येंद्र और शमशाद निवासी हमीरपुर के भरुआसुमेरपुर इमलिया बताया। पुलिस के अनुसार शमशाद पहली बार आया था।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 78 वाहनों का ई-चालान किया

## शांति एवं कानून व्यवस्था के उद्देश्य से पुलिस ने पैदल गश्त अभियान भी चलाया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शांति एवं कानून व्यवस्था के उद्देश्य से पुलिस ने पैदल गश्त अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस बल ने मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, मुख्य मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर पैदल गश्त कर आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत की। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर 78 वाहनों का ई-चालान किया गया।

पुलिस ने आम नागरिकों से संवाद कर भरोसा दिलाया कि हर समय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है। इस दौरान जनता को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें बाइक सवारों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने की आवश्यकता, शराब पीकर वाहन न चलाने और अन्य यातायात नियमों का पालन करने के महत्व को समझाया गया। पुलिस ने नागरिकों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया और उन्हें नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 78 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### बिना प्रपत्र जा रहे ज्वार व मक्का लदे दो ट्रकों को पकड़ा मंडी परिसर में खड़ा कराया

**मौदहा (हमीरपुर)।** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के पास राठ मुस्करा मार्ग पर उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने चेकिंग के दौरान दो ट्रकों में बिना दस्तावेज ज्वार व मक्का लादे जाते पकड़ लिया। वैध प्रपत्र न दिखा पाने पर दोनों वाहनों को मंडी में खड़ा कराया गया है। ट्रक संख्या एचआर 62ए 9627 को चेक किया, जिसमें मक्का 405 क्विंटल लोड था जो बिना वैद्य प्रपत्रों के पलारी मध्य प्रदेश से पंजाब जा रहा था। वहीं शाम 6 .35 बजे दूसरा ट्रक संख्या-यूपी 25 बीटी 4946 को चेक किया। जिसमें मक्का 340 .45 क्विंटल लोड था। यह ट्रक बिना प्री-एराइवल स्लिप के जिला छिंदवाड़ा से उत्तराखंड जा रहा था। जिसमें चालक सिर्फ बिल दिखा सका। उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि वैद्य प्रपत्र न होने से दोनों वाहनों को मंडी परिसर मुस्करा में खड़ा करा दिया गया हैं। और शमन शुल्क जमा कराने की कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल जांच की जा रही हैं। चेकिंग के दौरान राघवेन्द्र कुमार चतुर्वेदी मंडी सचिव, योगेश द्विवेदी मंडी सहायक, दयाराम मंडी अभिरक्षक, शमीम कम्प्यूटर आपरेटर व आशाराम पीआरडी गार्ड उपस्थित रहे।

### मौरंग लदा ओवर लोड डंपर पकड़ा

**बिवार।** मंगलवार सुबह ओवर लोड मौरंग भरा डंपर खनिज अधिकारी ने पकड़ा है। ट्रक को पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है। ओवर लोड मौरंग लदा डंपर हमीरपुर की तरफ जा रहा था। तभी उसका टायर पंचर हो जाने पर चालक धीमी गति से ले जाने लगा। इस बीच गुजर रहे खनिज अधिकारी ने उसे बस स्टॉप के पास रोक कागजात मांगे लेकिन चालक नहीं दिखा सका। अधिकारी ने डंपर को लाकर थाना गेट के पास खड़ा कराकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# हिन्दू समाज को धर्म, संस्कृति के लिए जगाने की आवश्यकता

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- समाज में मतांतरण, धर्मांतरण जैसी अनेक घटनाएं घटित हो रही
- संघ के शताब्दी वर्ष पर मौदहा के टोलामाफ में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**अमृत विचार।** हिन्दू जगेगा, देश जगेगा को लेकर संघ के शताब्दी वर्ष पर मौदहा खण्ड के ग्राम टोलामाफ में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मन्दिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम अध्यक्ष पढ़ोरी आश्रम के महंत महेशदास व मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक धनंजय रहे।

मुख्य वक्ता जिला प्रचारक ने कहा कि आज की स्थिति को देखते हुए हिन्दू समाज को जागृत होने की विशेष आवश्यकता है। हम देख रहे हैं कि समाज में मतांतरण, धर्मांतरण जैसी अनेक घटनाएं घटित हो रही हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए जाति के विघटन को छोड़कर हिन्दू समाज को एक होना पड़ेगा। सनातन संस्कृति बढ़ाने की आवश्यकता है। कहा सनातन संस्कृति ही हमारे देश की मूल संस्कृति है। सभी हिन्दुओं को धर्म जाति के भाव को भूलकर हम सब हिन्दू भाई भाई हैं। जब ऐसा मानकर चलेंगे तभी सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन के कार्य पूरे होंगे।

संचालन उत्तम सिंह ने किया। समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। इस मौके पर आश्रम के महन्त लालदास महाराज, रंधावा सिंह, सचिन सिंह, खंड प्रचारक सुनील, रामकीरत, दिनेश सिंह, अर्जुन, दुलीचंद, पप्पू विश्वकर्मा, मातृशक्ति सुखदेवी, सुमन सहित हजारों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग एकत्र हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते आरएसएस के जिला प्रचारक धनंजय। अमृत विचार

# छात्राओं ने बताया कैंटीन का महत्व

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में मंगलवार से 14 फरवरी तक गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा कैंटीन का आयोजन किया गया है। मंगलवार को इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने स्वामी ब्रह्मानंदजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।

शुरुआत में छात्रा नेहा एवं शाहिस्ता ने कैंटीन के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। अतिथियों ने छात्राओं एवं गृह विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों के कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉ शीला सिंह, डॉ कमलेश राजपूत, डॉ शिल्पा राजपूत आदि ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को पाकशाला से संबंधित सुझाव दिए। प्राचार्य ने छात्राओं के कार्य की सराहना की, एवं उनके गुणवत्तापरक व्यंजनों को चखा और कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने बताया कि पाकशाला एक कला है। जिसे जितने ही रुचकर ढंग से किया जाए वह उतना ही अधिक लाभकारी होता है। छात्राओं ने मोमोज, फिंगर्स, मांगोड़ी, मालपुआ, पास्ता रोल आदि पारंपरिक व्यंजनों के साथ आधुनिक व्यंजन भी बनाए। इस दौरान प्राध्यापक प्रोफेसर हल्के प्रसाद, डॉ कमलेश राम, डा दशरथ सिंह, डा सरजूनारायण, डा एसजी राजपूत, डा एएन शुक्ला, डा जितेंद्र सिंह, डॉ आरबी शर्मा, रामप्रकाश एवं वीरेंद्र राजपूत आदि मौजूद रहे। छात्रा काजल, संजना, कुंती, स्नेहा, रजनी, भारती, कोमल, अंजलि, सपना आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते प्राचार्य।

- महाविद्यालय में अगले चार दिनों तक छात्राएं चलाएंगी कैंटीन

### ई-रिक्शा की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** बेरी तिराहा पर सड़क किनारे खड़े हलवाई को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होता देख जिला अस्पताल रेफर किया। कस्बा निवासी संजय कुमार (45) पुत्र रमेश चंद्र मंगलवार को जल्ला गांव से हलवाई का काम कर बाइक से कस्बा आ रहा था। वहीं कस्बे के बेरी तिराहा में बाइक खड़ी कर सड़क किनारे खड़ा हो गया। तभी एक चालक ने ई रिक्शा तेजगति से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन उपचार के लिए आनन फानन स्थानीय सीएचसी लेकर गए जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होता देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# कार के इंजन में शार्ट सर्किट से लगी आग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के शीतलपुर गांव के निकट स्कूली बच्चों को लेकर जा रही कार के इंजन में अचानक आग भड़क गई। तभी चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बच्चों को वाहन के नीचे उतार लिया। जिससे बड़ी घटना टल गई। वहीं फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

हमीरपुर कालपी फोरलेन पर कोतवाली क्षेत्र के शीतलपुर गांव के निकट मंगलवार सुबह करीब सवा नौ बजे चार पहिया वाहन के चालक ऋतिक प्रताप सिंह पुत्र स्व विजय सिंह निवासी ग्राम रिठारी थाना कुरारा अपने वाहन रेनॉल्ट लॉजी से बच्चों को जनपद कानपुर नगर के थाना सजेती के लहुरीमऊ पावर प्लांट छोड़ने जा रहे थे। तभी देवीदीन प्रजापति पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम शीतलपुर के घर के सामने जैसे ही रोड वाहन पर पहुंचा, उसके आगे बोनट में अचानक आग लग गई। इस पर बिना देरी किए ऋतिक ने वाहन रोक उसमें सवार छात्र ओम सिंह (5) एवं प्रिंस सिंह (4) पुत्र दिलीप सिंह निवासी गढ़ी मोहल्ला कुरारा सुरक्षित उतार लिया। लेकिन वाहन पूरी तरह जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।


आग से जलती कार।

### कूड़ा करकट फेंकने के विवाद में युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** कूड़ा करकट फेंकने का उलाहना देने पर पड़ोसी तीन युवकों ने युवक को डंडा फावड़ा से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का छानी सीएचसी में डाक्टरी परीक्षण कराया।

रोहारी गांव के देवनारायण कुशवाहा ने बताया कि मां सुबह कंडा पाथ रही थी। तभी शिवराज कुशवाहा की पत्नी आंगना ने वहां कूड़ा डाल दिया। मां से अभद्रता करने लगी। उलाहना देने पर आनंद उर्फ बच्चू, सोनू उर्फ राजेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र उर्फ बेटा पुत्र शिवराज अभद्रता करने लगे। तीनों ने लाठी डंडा फावड़ा से वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# सड़क चौड़ीकरण अभियान को लेकर बुलडोजर चला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के आंबेडकर चौराहे में मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के अलावा प्रशासन की संयुक्त टीम ने सड़क चौड़ीकरण और सुंदरीकरण के तहत बुलडोजर से अतिक्रमण हटा दिया।

पनवाड़ी-बिलरायां मार्ग निर्माण के तहत होने वाले सड़क चौड़ीकरण और सुंदरीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग और पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया। लोनिवि के अधिशासी अभियंता दृगपाल सिंह ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। कहा कि चौराहे पर चारों ओर 50-50 मीटर तक सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इसके बाद सड़क पर दोनों ओर 11 मीटर का अतिक्रमण हटाया जाएगा। वहीं सड़क चौड़ीकरण को लेकर शुरू अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से नगर क्षेत्र के अधिकांश लोग बेहद खुश नजर आए। लोगों का कहना है कि यहां सबसे गम्भीर समस्या जाम की है इससे निजात मिलेगी। जिन लोगों के मकान और दुकान इसकी जद में आ रहे वह तोड़फोड़ की इस कार्रवाई को गलत बता रहे हैं।


दुकान तोड़ती जेसीबी।

# चित्रकूट ने लखनऊ को 9 विकेट से हराया

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्व महाराजा नरेंद्र सिंह जूदेव की स्मृति में कस्बा स्थित खेल मैदान पर आयोजित 35वें अंतरराज्यीय सोनालिका चैलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पूल-बी का पहला मुकाबला मंगलवार को खेला गया। एकतरफा रहे इस मैच में चित्रकूट की टीम ने लखनऊ को 9 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरुआत से ही बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। चित्रकूट के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने लखनऊ की पूरी टीम 17 ओवर में मात्र 52 रन पर सिमट गई। लखनऊ का कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। चित्रकूट के कप्तान पुष्पराज ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 2 मेडन सहित 10 रन देकर 3 विकेट झटके। अभिजीत ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट, सक्षम ने 3 ओवर में 4 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं सोहेल खान ने 3 ओवर में केवल 2 रन देकर बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चित्रकूट टीम ने 53 रन का लक्ष्य महज 4.2 ओवर में हासिल कर लिया। वंश दीक्षित ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 12 गेंदों पर 30 रन की पारी खेली। जबकि भास्कर ने 11 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए चित्रकूट के कप्तान पुष्पराज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार कपिल राजपूत ने प्रदान किया। मैच की कमेंट्री धीरेंद्र राजपूत (बरदा) और रामकुमार त्रिपाठी ने की।


क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

# निःशुल्क नेत्र जांच को पहुंचे 170 मरीज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गुसियारी गांव में सद्गुरु नेत्र सेवा संस्थान ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को परामर्श देने के साथ जरूरतमंदों को दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। आयोजकों ने बताया कि गंभीर रोगियों को आगे इलाज के लिए अस्पताल रेफर किया गया।

गुसियारी स्थित पंचायत भवन में सद्गुरु सेवा संस्थान के कैंप में आंखों के मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के मकसद से निशुल्क शिविर लगाया गया। ग्राम प्रधान असरार अहमद खान ने बताया कि नेत्र शिविर में 170 मरीजों ने नामांकन कराया। जिसमें 135 मरीजों को दवा देकर आंखों के देखरेख की सलाह दी गई तथा 55 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण किए गए। इसके बाद 12 ऐसे मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद, नाखूना सहित अन्य बीमारियों के ग्रसित होने पर शिविर के माध्यम से ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर चित्रकूट धाम भेजा गया।


महिला का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक।

**निर्देश** 18 फरवरी से होने वाली माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के लिए तैनात किया जाए पर्याप्त पुलिस बल

# परंपरागत ढंग से आयोजित किए जाएं धार्मिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शिवरात्रि, रमजान व माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित जिला पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ली। कहा जुलूस, शोभा यात्राएं व अन्य कार्यक्रम परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किए जाएं। 18 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए 43 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जाए। पीआरबी 112 का रूट भी केंद्रों के आसपास निर्धारण करने को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा शिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक, कांवड़ यात्राएं व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें भीड़-भाड़ होगी। इसलिए क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम कराए जाएं। उन्होंने उपजिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित कार्यक्रम स्थलों, शोभायात्राओं व शिवालयों का निरीक्षण करें, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। सभी स्थलों पर अच्छे मजिस्ट्रेट व पुलिस कर्मी तैनात कर दिए जाएं और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। शोभायात्रा के दौरान डीजे पर किसी भी प्रकार से धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अथवा फूहड़ गाने न बजाए जाएं। पर्व पर किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो यह सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दें। आयोजक कार्यक्रम से पूर्व जिला प्रशासन से अनुमति अवश्य लें। पुलिस विभाग अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर तुरन्त कार्रवाई करे। जिलाधिकारी ने कहा 18 फरवरी से 12 मार्च तक हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं होनी है। इसके लिए 43 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास पीआरबी 112 का रूट निर्धारण किया जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध रहे। बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित तैनात किए गए सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाई जाए। जुलूस एवं शोभायात्रा के आयोजन के लिए अनुमति ली जाए। एसडीएम व सीओ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करें। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार सहित सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी, एसएचओ तथा पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक लेते डीएम घनश्याम मीना व एसपी। अमृत विचार

# लकड़ी कारोबारियों पर नहीं हुआ कार्रवाई का कोई असर

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- गैंगस्टर में सीज प्रतिष्ठान परिसर में चल रहा कारोबार

**अमृत विचार।** कस्बे के हुए लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव की घटना के बाद वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों के लकड़ी कारोबार को पूरी तरह से ठप करा दिया है। इसके बावजूद कस्बे में लकड़ी का कारोबार नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से जारी है। जबकि कारोबार करने वालों का कारखाना प्रशासन ने गैंगस्टर में वर्षों पूर्व सीज कर रखा है। इसके बाद कारोबार बदस्तूर जारी है।

गत माह कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव की घटना के बाद वन विभाग ने आरोपियों के मुख्य कारोबार लकड़ी चिरान आदि को पूरी तरह से ठप कराकर सीज करा दिया है। कस्बे के लकड़ी माफिया का कारोबार ठप होते ही दूसरे कारोबारियों की बल्ले बल्ले हो गई है। यह लोग नियमों को ताक में रखकर टैक्स की चोरी कर रात दिन धड़ल्ले से कारोबार कर रहे हैं। बताते हैं कि जलाऊ लकड़ी की आड़ में टिंबर वाली लकड़ी को टैक्स चोरी करके बाहर भेजा जा रहा है। टिंबर वाली लकड़ी में 18 प्रतिशत जीएसटी है। यह पूरा खेल अधिकारियों की मिलीभगत से खेला जा रहा है। रात होते ही लकड़ी कारोबारी सक्रिय हो जाते हैं। पूरी रात उनके वाहन हाईवे सहित सभी लिंक मार्गो में दौड़ते हैं। मौजूदा समय में बांदा महोबा छतरपुर चित्रकूट जिलों से लकड़ी कस्बे में लाकर 10 से 15 ट्रक लकड़ी बाहर भेजी जा रही है, जो लोग कारोबार कर रहे हैं। उनके प्रतिष्ठानों को गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रशासन ने सीज कर रखा है। इसके बाद यह लोग उसी जगह पर धड़ल्ले से कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। विधि विशेषज्ञों के मुताबिक यह नियम विरुद्ध है। सीज प्रतिष्ठान में कारोबार नहीं किया जा सकता है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि सीज प्रतिष्ठान परिसर में कारोबार चल रहा है, इसकी जानकारी नहीं है। अगर ऐसा किया जा रहा है, तो यह नियम विरुद्ध है। वह जांच करके दोषियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करेंगे। यह संबंध में जब वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया तो उन्होंने काल नहीं रिसीव की है।

न्यूज ब्रीफ

## सेवा योजन कार्यालय में आज लगेगा रोजगार मेला

**महोबा।** सेवायोजना विभाग कार्यालय में 11 फरवरी को सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कॅरियर सेंटर और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में तमाम प्राइवेट कंपनियों के अधिकारी प्रतिभाग करते हुए कंपनियों के रिक्त पदों के लिए बेरोजगारों का साक्षात्कार करते हुए चयन कर अभ्यर्थियों को नौकरी प्रदान करेंगे। रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा वाजपेयी ने बताया कि 11 फरवरी बुधवार को सेवायोजन कार्यालय परिसर में सुबह 10 से रोजगार मेला शुरू होगा। इस मेले में जेके टायर, ओवरड्राइव इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेट, जीनियस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेट, आरएसटी ग्रुप, एड्यू स्किल फाउंडेशन, आदि कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैं। जिनके अधिकारी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन करेंगी। चयन के लिए शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, स्नातक आदि निर्धारित की गई। अपील की कि सभी अभ्यर्थी से समय से मेला स्थल पर पहुंचकर लाभ उठाएं।

## नशीले पदार्थ से दूर रहने की दिलाई गई शपथ

**बेलाताल।** सीएचसी जैतपुर से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय रगौलिया में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान चलाया। कार्यक्रम में एक युद्ध नशे के विरुद्ध थीम के तहत विद्यार्थियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम की डॉ. आकांक्षा सोनी ने बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकता है साथ ही बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नियमित खेलकूद करने एवं नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. पीएन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देशन आयोजित किया गया, जिसे सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में संपन्न कराया गया। अंत में बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस मौके पर इस मौके पर डॉ. अमित गंगेले, संगीता, शिक्षक के अलावा तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# सूर्य महोत्सव आज से, तैयारियों को दिया अंतिम रूप


कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिले की वर्षगांठ पर सप्ताह भर चलेगा आयोजन, रात और दिन में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम
- 11 फरवरी की शाम छह बजे से शुरू होंगे कार्यक्रम, बाहरी कलाकार भी करेंगे शिरकत

**अमृत विचार।** जनपद गठन की वर्षगांठ पर शुरू होने वाले सूर्य महोत्सव की अधिकारियों ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। कलाकारों के ठहरने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था कराई गई है। आलीशान तरीके से कराए जा रहे सूर्य महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर जिले के लोगों में खासी खुशी है। मोदी ग्राउंड में एक सप्ताह तक चलने वाले सूर्य महोत्सव के लिए बाहर से आए लोगों ने पंडाल और मंच तैयार कर दिया है, जहां पर 11 फरवरी से दिन और रात में कार्यक्रम होंगे।

11 फरवरी की शाम छह बजे से साढ़े छह बजे तक आल्हा गायन की प्रस्तुति आल्हा गायक उमाशंकर सेन द्वारा दी जाएगी। 6:30 से 07 बजे तक संगीत कलाकार अबोध सोनी के निर्देशन पर गायन और नृत्य कार्यक्रम किया जाएगा। 7 से 7:30 बजे तक संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी लोक गायन की प्रस्तुति देंगे। 7:30 से 8:30 तक बुंदेली बैंड मेशप का कार्यक्रम अमित द्विवेदी ग्रुप द्वारा किया जाएगा। 8:30 बजे से राई नृत्य, 9 बजे से भजन गायन किया जाएगा। 12 फरवरी को शाम 6 बजे से आल्हा गायन, 6:30 से भजन गायन, 7 बजे से घट नृत्य, 8 बजे से लोक नृत्य, 8:30 भजन गायन अधिष्ठा और अनुष्का द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

13 फरवरी की शाम छह बजे से आल्हा गायन, 6:30 से मैजिक शो, 7 बजे से लोक गीत, 7:30 बजे से लोक गायन, 8 बजे राई नृत्य, 9 बजे से दीवान हरदौल नाटक का मंचन किया जाएगा। 14 फरवरी की शाम 6 बजे से आल्हा गायन, 6:30 बजे लोक गायन, 7 बजे से दिवारी नृत्य, 7:30 बजे अवधि लोक गायन, 8 बजे से राजस्थानी नृत्य, 8:30 से आल्हा गायन, 9 बजे हवेली दरवाजा पर आधारित नाटक होगा। 15 फरवरी की शाम 6 बजे आल्हा गायन, 6:30 से भजन गायन आदि कार्यक्रम होंगे। इसीतरह 16 फरवरी की शाम छह बजे से आल्हा गायन, साढ़े छह बजे से तबला शोलो वादन, सात बजे से लोक नृत्य, साढ़े सात बजे से लोक गायन और आठ बजे से दस बजे तक बालीवुड नाइट एवं क्रेजी होपर्स इंडिया गाट टैलेंट डांस गुरप की प्रस्तुति हर्षित सक्सेना और माधुरी डे द्वारा दी जाएगी।


कार्यक्रम के लिए सजा मंच। अमृत विचार

### सूर्य महोत्सव में झूलों का भी लेंगे आनंद

मोदी ग्राउंड में आयोजित होने वाले सूर्य महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए मेले में तमाम दुकानें लगाई गई हैं, इसके अलावा महोत्सव में आने जाने वाले लोगों के लिए झूले भी लगाए गए हैं। विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई है साथ ही दिन में कृषि विभाग के तत्वावधान में कृषि मेला, चितेरी कला कार्यशाला, उद्योग विभाग, पर्यटन विभाग प्रदर्शनी भी लगाई गई है। सूर्य महोत्सव में मुख्य अतिथि और अतिथियों के रूप जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### 26 साल बाद महोत्सव की यादें होंगी ताजा

महोबा जिला बनने के बाद पहली दफा 1996 में राजकीय पालिटेक्निक ग्राउंड में महोबा महोत्सव की शुरुआत तत्कालीन जिलाधिकारी उमेश सिन्हा ने कराई थी। महोबा महोत्सव में फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी ने कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कराया था। इसके बाद मशहूर भजन गायक अनूप जलोटा जैसे तमाम बाहरी कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिला था। 1999 में तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने और आखिरी बार तत्कालीन डीएम सुंदरम ने 2003 में महोत्सव का आयोजन कराया था। इसके बाद महोबा महोत्सव समाप्त हो जाने के बाद अब जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने एक बार फिर से जिले की वर्षगांठ पर सूर्य महोत्सव कराकर 26 साल पुरानी महोत्सव की यादें ताजा करा दी। महोत्सव के आयोजन से जिले के लोग खासा गदगद हैं।

## बिना हेलमेट के कार चलाने पर पुलिस ने किया चालान

**कुलपहाड़ (महोबा)।** वाहन चालन के नाम पर अब पुलिस महकमा भी घर बैठे वाहन चालकों के चालान कर रहा है। हालत यह है कि झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेकिंग दौरान कोतवाली कुलपहाड़ में तैनात एक दरोगा ने एक कार का चालान करके मोबाइल पर मैसेज डाल दिया। वाहन स्वामी के फोन पर आए संदेश में कार का चालान करते समय लिखा गया कि वाहन चालक हेलमेट नहीं लगाए हुए था।

कार का चालान मोबाइल पर आते ही वाहन स्वामी चौक गया। वाहन स्वामी को मिले मैसेज में वह भी हैरत में पड़ गया कि कार चालते समय कब से हेलमेट पहनने का नियम आ गया। वाहन चालक द्वारा अपने मित्रों को डाले गए मैसेज को लोग खूब लुत्फ के साथ पढ़कर पुलिस के मजे ले रहे हैं।

# पांच दिनों से पानी आपूर्ति ठप, हाहाकार

## सारे कामकाज छोड़कर लोग पहले कर रहे पानी का इंतजाम, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में किल्लत

समस्या

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में कस्बा श्रीनगर के समीप सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन की शिफ्टिंग किया जा रहा है। पाइप लाइन शिफ्ट किए जाने से जहां एक ओर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले पांच दिनों से जलपूर्ति ठप होने से लोग पानी को लेकर परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर विभाग के धीमी गति से किए जा रहे कार्य से लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। 6 फरवरी से पानी की सप्लाई ठप होने से हैंडपंपों और कुओं में पानी भरने के लिए भारी भीड़ जुट हो रही है। तमाम मोहल्लों में पालिका प्रशासन पानी के संकट को देखते हुए टेंकरों से पेयजल आपूर्ति कर रही है जो नाकाफी साबित हो रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 34 के चौड़ीकरण कार्य के चलते उर्मिल बांध में निर्मित इंटेकवेल से श्रीनगर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली राइजिंगमेन 700 मिमी. डाया पीएसी पाइप लाइन का शिफ्टिंग कार्य 6 फरवरी से चल रहा है। इस कार्य के लिए अधिशाषी अभियंता जल निगम ने दो दिन नगर की पेयजल आपूर्ति पूर्णतः बाधित होने का रोस्टर जारी किया था, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य पूरा न होने का खामियाजा नगर वासियों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। पांच दिनों से लोगों के घरों में लगे नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं आई, जिससे सर्दी के मौसम में खाली पड़े हैंडपंपों और कुओं में लोगों की खासी भीड़ जुट रही है।

नगरवासी सुबह से सारे कामकाज छोड़कर बाल्टी, केन आदि बर्तन लेकर आसपास लगे हैंडपंप और कुओं में लाइन लगाकर पानी भरकर घरों में ले जाते नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि विभाग ने दो दिन जलापूर्ति ठप होने का रोस्टर जारी किया था, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका, जिससे उनकी दिनचर्या पर असर पड़ रहा है। मंगलवार को कुछ यही हाल श्रीनगर, सिजहरी ग्रामीण क्षेत्रों का भी रहा, जहां पर पेयजल आपूर्ति न होने से पानी का संकट बढ़ गया। लोग पानी के इंतजाम में सुबह से ही जुट रहे।



हैंडपंप से पानी भरते लोग और ज्ञापन दिखाते मोहल्ले वासी। अमृत विचार

### डीएम को ज्ञापन सौंपकर बताई पानी की किल्लत

पिछले पांच दिनों से जलापूर्ति ठप होने से ऊंचाई वाले इलाके के लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे। पानी की गंभीर समस्या से नाराज मोहल्ला समदनगर के निवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पानी की समस्या का निदान कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में मोहल्ले वासियों बताया कि पानी की इस किल्लत ने उनकी पूरी दिनचर्या को बाधित कर दिया है। सुबह से शाम तक का अधिकांश समय केवल पानी का इंतजाम करने में ही बीत जाता है। स्थिति इतनी गंभीर है कि लोग अपनी दिहाड़ी और मजदूरी छोड़कर पानी भरने को मजबूर हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो रहा है। बताया कि ऊंचाई वाले इलाकों में पानी की किल्लत से हाहाकार मचा हुआ। वहीं इस इलाके के ज्यायादत हैंडपंप रीबोर की स्थिति में पहुंच कर पानी देना बंद कर दिया है और जो हैंडपंप पानी दे रहे उनमें खारा पानी आ रहा है, जिसे लोग पीने को मजबूर हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है ताकि उनकी दैनिक समस्याओं का समाधान हो सके। ज्ञापन देने वालों में गजराज सिंह, सुनील, संतोष और मनोज विश्वकर्मा सहित कई अन्य नागरिकों ने अपनी व्यथा सुनाई। स्थानीय निवासी अवधेश रैकवार और सुरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं।

## एसडीएम ने पीएचसी, आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए जाने पर दिया जोर

**अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरहरी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, सफाई व्यवस्था और स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। निरीक्षण दौरान एसडीएम ने सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने, मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने, दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने निर्देश दिए साथ ही लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरहरी के निरीक्षण दौरान उपस्थित चिकित्सक एवं स्टाफ से उपचार व्यवस्था की जानकारी ली और मरीजों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

उन्होंने निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार दिया जाए साथ ही दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कमी उन्हें पर तत्काल सूचना देकर दवाओं को मंगवाया जाए। उन्होंने कई स्थानों पर ओपीडी, दवा वितरण कक्ष आदि की साफ सफाई का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त् करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं देना है।

उपजिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र गौरहरी का निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, साफ सफाई, पोषण आहार की गुणवत्ता और रजिस्टर की गहनता से जांच की। निरीक्षण दौरान एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे पोषण आहार को स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मानकों के अनुसार भोजन तैयार करने के निर्देश दिए इसके साथ ही एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण से संबंधित रजिस्टरों की भी गहन जांच की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे के साथ बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही।



बालिका को प्रमाण पत्र देते अध्यक्ष। अमृत विचार

## बालिकाओं को दिया गया सिलाई प्रशिक्षण

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- 15 दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन बालिकाओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**अमृत विचार।** सुखनंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजनर में कबीर फाउंडेशन के तत्वावधान में बालिकाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देने के लिए 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षण लेने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण में आधा सैकड़ा बालिकाओं को सिलाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाए जाने का प्रयास किया गया। साथ ही अप्रैल माह से सिलाई प्रशिक्षण का एक और कंप्यूटर शिक्षा के दो बैच शुरू किए जाएंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में संरक्षक कालका प्रसाद जलज ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिलाई कौशल प्रशिक्षण केवल महिलाओं बालिकाओं को कपड़ा सिलना सिखाने तक सीमित नहीं है। यह उन्हें एक ऐसा आजीवन कौशल सिखाने के बारे में है जो उनकी आर्थिक स्थिति को बदल सकता है। यह उन्हें जीवन का उद्देश्य और आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग प्रदान करता है। यह एक ऐसा कौशल है जो उन्हें न केवल नौकरी देता है, बल्कि एक पेशा भी प्रदान करता है। 15 दिवसीय प्रशिक्षण दौरान बालिकाओं ने एक सिलाई मशीन और अन्य आवश्यक सामग्री को संचालित करने, शरीर का माप लेने, लेआउट और पैटर्न बनाने, कपड़े काटना और ग्राहकों की संतुष्टि को पूरा करने के लिए विभिन्न डिजाइन किए गए कपड़ों को सीने पाने जैसे बुनियादी कौशल प्राप्त किया। अंत में प्रशिक्षण लेने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र व सिंलाई किट का वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष फूलसिंह तोमर, उपप्रबंधक एस पाठक, प्राधानाचार्य अमर सिंह रहे।

## फाइनेंस कंपनी पर लगाया फर्जी लोन करने का आरोप

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** एक फाइनेंस कंपनी ने अपने एक ग्राहक के साथ धोखाधड़ी करते हुए 60 हजार रुपये का लोन निकाल लिया, जब महिला लोन लेने पहुंची तो कंपनी एप में लोन लिए होने की जानकारी का मामला उजागर हुआ। मंगलवार को महिला ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए माइक्रो फाइनेंस कंपनी के लोगों की मिलीभगत से फर्जी लोन किए जाने की शिकायत की है।

तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र के अजनर गांव निवासी रानी पत्नी नरेंद्र सिंह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 12 फरवरी 2025 को क्षेत्र की माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 60 हजार रुपये लोन लिया था, जिसका साप्ताहिक किश्त 755 रुपये निर्धारित थी। लोन 102 सप्ताह में चुकता करना था, जिस पर प्रत्येक सोमवार को सारी किश्त समय पर चुकता कर दी थी। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब वह दोबारा लोन लेने के लिए कंपनी गई तो एप पर सिविर चेक की तो जानकारी हुई कि उस पर 60 हजार रुपये का लोन है, जिसकी उसे कोई जानकारी नहीं है।

## बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन कराए जाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तरप्रदेश प्रयागराज की संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेट्रिक्स मजिस्ट्रेट, सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट को आवश्यक निर्देश दिये साथ ही शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन कर परीक्षा नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी 12 मार्च तक आयोजित की जाएगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में 29 केंद्र बनाये गये है, जिसमें राजकीय के 08 परीक्षा केन्द्र, अशासकीय सहायता प्राप्त के 08 और वित्तविहीन के 13 परीक्षा केन्द्र है, जिसमें सदर तहसील में 13, तहसील चरखारी 05 और तहसील कुलपहाड़ में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गये है। बताया कि जिले में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की संख्या शून्य है। वर्ष 2026 में हाईस्कूल के 12018 व इंटरमीडिएट के 9920 कुल 21938 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है। परीक्षाओं को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष, नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए परीक्षा केन्द्रों को 03 जोन एवं 09 सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें 03 जोनल मजिस्ट्रेट, 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 29 स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा परीक्षा केन्द्रों पर 29 केन्द्र व्यवस्थापक, 29 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक तैनात किये गये। परीक्षाओं के सतत पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए चार विभागीय सचल दलों का गठन किया गया है।


बैठक में दिशा-निर्देश देतीं डीएम। अमृत विचार

दिखाया दम-खम

साईं कालेज में शुरू हुई 19वीं तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा

# खो-खो प्रतियोगिता में याशिका की टीम रही विजेता

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** साईं कालेज ऑफ एजुकेशन डिग्री कालेज में मंगलवार से 19वां तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आयोजित खोखो, कबड्डी, रस्साकसी चम्मच दौड़ आदि खेलों में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लेकर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त कर खेलों की शुरुआत कराई। खोखो प्रतियोगिता में याशिका राठौर की टीम ए ने जीत दर्ज की। कालेज के 19वें तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के अलावा कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. एलसी अनुरागी, प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। प्रथम दिन हुई खोखो प्रतियोगिता में याशिका राठौर की कप्तानी में भाग लेने वाली टीम ए विजयी रही, जबकि अनुवंशिका राठौर की टीम बी उपविजेता रही। कुसी दौड़ में अंजना पाल ने पहला स्थान हासिल किया तो वहीं रचना द्वितीय स्थान पर रही। रस्साकसी प्रतियोगिता में आरती की कप्तानी में उतरी टीम बी ने बाजी मारी और राधा बुधौलिया की टीम डी उपविजेता रही।

प्रतियोगिता दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, मानसिक सुदृढ़ता और अनुशासन का विकास होता है। इससे आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व कौशल और समय प्रबंधन जैसे जीवन कौशल विकसित होते हैं साथ ही तनाव में कमी और दोस्ती बढ़ाने का मौका भी मिलता है। कहा कि कालेजों में ऐसे आयोजन छात्र छात्राओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होते हैं। प्राचार्य डॉ अनुरागी ने कहा कि खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब की भ्रांति को गलत सिद्ध करते हुए खेलों से संपूर्ण व्यक्तित्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर खेल प्रभारी मैराज खान, प्रवीण वाजपेयी, प्रदीप सिंह, मारुतिनंदन तिवारी, भावना साहू, रजनी पटैरिया सहित तमाम खेल प्रभारी मौजूद रहीं।



प्रतिभागी से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि व खो-खो खेलतीं छात्राएं। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यस्तरीय रैंकिंग में बढ़ी रैंकिंग

चित्रकूट। जिले को सीएम डैशबोर्ड (विकास कार्य) की राज्यस्तरीय रैंकिंग में जनवरी में 21 वां एवं राजस्व कार्यों में 31वां स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली की राज्य स्तरीय रैंकिंग में 15वां व मंडल स्तर पर पहला स्थान आया है। जिले की तीन तहसीलों मऊ, मानिकपुर एवं राजापुर को राज्य स्तरीय रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने अधिकारियों को बधाई दी तथा और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए।

### दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ेंगे

रामनगर (चित्रकूट)। परिषदीय विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों को चिह्नित करने की मंशा से विकासखंड के 79 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को बीआरसी में 14 फरवरी तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित न रहे, इसलिए प्रत्येक विद्यालय से एक-एक नोडल शिक्षक को प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्पेशल एजूकेटर संजय कुमार पांडेय एवं गुड़िया त्रिपाठी इसमें प्रशिक्षण दे रही हैं।

### जीजीआईसी में दी मेगा शिविर की जानकारी

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर से संबंधित प्री कैंप का आयोजन किया। इसमें बताया गया कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 22 फरवरी को शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्रशासनिक विभागों से समन्वय स्थापित कर शासन की कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभांन्वित किया जाएगा।

### राजकीय संप्रेक्षण गृह का किया मुआयना

चित्रकूट। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विशेष तकनीक से बाल अपचारियों को अग्रेंजी भाषा पढ़ना, लिखना एवं बोलना सिखाएं। बाल अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उनको नि :शुल्क अधिवक्ता के संबंध में बताया कि किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता उपलब्ध न हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। इस दौरान विदिषा भूषण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड, वीर सिंह संस्था प्रभारी रहे।

# छत्तीसगढ़ में पकड़ा गांजा तस्कर गिरोह, जिले के तीन युवक शामिल

## आरोपियों में एक युवती बांदा की, लगभग 40 किग्रा गांजा हुआ बरामद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


रायपुर पुलिस के शिकंजे में गांजा तस्करी के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ में गांजे की तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों में तीन आरोपी चित्रकूट जिले के हैं। एक युवती बांदा जिले की है। आरोपियों से लगभग 40 किग्रा गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग सवा 20 लाख आंकी गई है।

जानकारी के मुताबिक, मुखबिर की सूचना कि उरला क्षेत्र के नउवा तालाब के पास दो व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में हैं, रायपुर के पुलिस उपायुक्त (क्राइम एंड साइबर) स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त नार्थ जोन मयंक गुर्जर के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट उरला ने मौके पर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, पूछताछ पर दोनों ने उरला के राजेंद्रनगर मुहल्ले में किराये के मकान में रहने और गांजा छिपाने की बात कुबूली। इस पर टीम ने वहां छापा मारा तो वहां से दो युवतियों और पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से दो बालक नाबालिग थे। इनसे कुल 40.446 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत लगभग 20,22,300 रुपये बताई गई। इस मामले में पुलिस मकानमालिक की भूमिका की भी जांच कर रही है। डीसीपी क्राइम रायपुर स्मृतिक राजनाला ने बताया कि गांजा तस्करों के ओडिशा में संपर्क में आए कारोबारियों की भी पहचान की जा रही है। जल्द ही कुछ और लोग पकड़े जा सकते हैं।

### चित्रकूट और बांदा जिलों में रहने वाले हैं आरोपी

- उरला पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों में संदीप केशरवानी पुत्र सुरेश प्रसाद निवासी पहाड़ी, राजेश यादव पुत्र विजय यादव निवासी पुरानी बाजार कर्वी, अमन कुमार ठाकुर पुत्र संजय ठाकुर निवासी लक्ष्मणपुरी कर्वी शामिल हैं। साथ ही दो आरोपी नाबालिग बालक पकड़े गए हैं। इनके अलावा बांदा निवासी कोमल यादव भी आरोपियों में शामिल है। पुलिस के अनुसार, ये सभी राजेंद्रनगर उरला जिला रायपुर में किराये के मकान मे रहकर गांजे की तस्करी करते थे।

# साहब ! हम जिंदा पर लेखपाल ने हमें कागज में मृत बता दिया

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- दो भाइयों का आरोप, लेखपाल ने आरोपों को बताया गलत
- मानिकपुर तहसील के ग्राम गढ़चपा के कटहापुरवा का मामला


लेखपाल पर आरोप लगाते दोनों भाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानिकपुर तहसील अंतर्गत एक गांव निवासी दो भाइयों ने हल्का लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाया है। इनका कहना है कि लेखपाल ने खतौनी में उनको मृतक घोषित कर दिया है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र दिया गया है। हालांकि लेखपाल ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।मामला मानिकपुर तहसील के ग्राम गढ़चपा मजरा कटहापुरवा का है। यहां के निवासी अवधेश और रामनरेश पुत्रगण स्व. वासुदेव का आरोप है कि लेखपाल भानु प्रकाश द्विवेदी ने खतौनी में मृतक दर्ज कर दिया है। अवधेश का कहना है कि उन्होंने कई बार लेखपाल के पास जाकर आधार, पहचान पत्र और जीवित होने के तमाम सबूत दिखाए, इसके बाद भी अभिलेखों में कोई सुधार नहीं किया गया। इस मनमानी से उनकी जमीन और कानूनी अधिकारों पर खतरा पैदा हो गया है। ऐसे में उनकी जमीन हड़पने की गहरी साजिश भी की जा सकती है। आशंका जताई कि इसमें उनके ही कोई रिश्तेदार या परिचित भी शामिल हो सकते हैं। उधर, इस संबंध में जब लेखपाल भानु प्रकाश द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि दोनों भाई जबलपुर में रहते हैं। कई बार इनको बुलाया गया पर ये नहीं आए। अब आए तो मैं जहां था, वहां इनको आने को कहा पर ये वहां नहीं पहुंचे और अब निराधार आरोप लगा रहे हैं। लेखपाल ने दावा किया कि इनके पास अपनी बात का कोई प्रमाण नहीं है, अगर है तो वह प्रस्तुत करें, जिसमें उनको मृत घोषित किया गया है। मामले में एसडीएम मोहम्मद जसीम ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। अगर कोई ऐसा मामला है और जांच में किसी की गलती सामने आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### सामाजिक विज्ञान का शिक्षण हो प्रभावी व रोचक

चित्रकूट। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सामाजिक विज्ञान विषय अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सहभागिता ,अस्तित्व की भावना ,आलोचनात्मक चिंतन तथा जिम्मेदार नागरिकता के गुणों का विकास करता है। ये बातें डायट प्राचार्य बीके शर्मा ने कहीं।

प्राचार्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थी उस आयु वर्ग के हैं, जहां उनकी जिज्ञासा समझने पर रखने की क्षमता तथा सामाजिक व्यवहार का निर्माण तीव्र गति से होता है। गौरतलब है कि शिक्षा को अधिक अनुभवात्मक एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाने की मंशा से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया गया।

# 'व्यापार समझौते पर सरकार न करे दस्तखत'

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


विरोध-प्रदर्शन करते उप्र किसान सभा की जिला इकाई के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- किसान सभा ने जलाईं समझौते की प्रतीकात्मक प्रतियां

**अमृत विचार।** उप्र किसान सभा की जिला इकाई ने मंगलवार को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर विरोध प्रदर्शन किया। मांग की कि सरकार इस समझौते पर हस्ताक्षर न करे। प्रदेश उपाध्यक्ष रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने समझौते की प्रतीकात्मक प्रतियों को जलाया। उन्होंने बताया कि पुलिस की कड़ी चौकसी और दबाव से पुतला दहन नहीं किया जा सका।

प्रदेश उपाध्यक्ष रुद्र प्रसाद ने अमेरिका भारत व्यापार समझौते की प्रतियां जलाते हुए किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते के ढांचे में उल्लिखित प्रमुख शर्तें अमेरिकी कृषि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने पूर्ण आत्मसमर्पण को उजागर करती हैं। केंद्र सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जारी ढांचे के अनुसार, भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा। इसमें सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी), पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट तथा अन्य उत्पाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अंतरिम समझौते का ढांचा वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के दावे का पूर्ण खंडन है कि कृषि और डेयरी क्षेत्र मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर हैं और सरकार किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी। आरोप लगाया कि वाणिज्य मंत्री जानबूझकर झूठ का प्रचार कर रहे हैं और किसानों तथा पूरे देश के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा वाणिज्य मंत्री की भूमिका को गद्दारी मानता है और उनके तत्काल इस्तीफ़े की मांग करता है। साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा प्रधानमंत्री से भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर न करने की मांग करता है। ऐसा नहीं करने देशव्यापी, व्यापक और एकजुट जनआंदोलनों का सामना करना होगा। उन्होंने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों, कृषि सचिव रोलिंस ने दावा किया है कि भारत सबसे बड़ा कृषि बाज़ार है और इसके खुलने से अमेरिका के ग्रामीण इलाक़ों की आय बढ़ेगी। आरोप लगाया कि आरएसएस देश की सबसे बड़ी गरीब और वंचित आबादी को अपने विदेशी आकाओं के मुनाफ़े के लिए और अधिक अमानवीय हालात में धकेल रहा है। केंद्र सरकार भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों को भारतीय बाजारों पर थोप रही है, जबकि भारतीय कृषि पहले से ही नकारात्मक सरकारी सब्सिडी से जूझ रही है। संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों से आह्वान किया कि वे 12 फरवरी को विरोध प्रदर्शन में शामिल हों और हड़ताल कर सरकार को करारा जवाब दें।

# एआई महत्वपूर्ण पर खतरों से सतर्क रहने की आवश्यकता

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई गोष्ठी

**अमृत विचार।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में जागरूकता गोष्ठी हुई। इसमें जिला सूचना विज्ञानअधिकारी अविनाश पटेल ने बताया कि वर्तमान में एआई (आर्टीफीसियल इंटेलीजेंस) महत्वपूर्ण तो है पर इसके खतरों से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव ने की। अविनाश ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल तकनीक और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'स्मार्ट तकनीकः सुरक्षित विकल्प और सभी चीजों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोज है। उन्होंने आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। बताया कि जहां एआई शिक्षा एवं कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, वहीं इसके माध्यम से फैल रहे डीप-फेक, डेटा प्राइवेसी उल्लंघन जैसे खतरों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी एआई टूल का उपयोग करते समय व्यक्तिगत एवं संवेदनशील जानकारी साझा न करें। इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय सदैव बैंक की आधिकारिक वेबसाइट एवं सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें। सार्वजनिक वाईफाई के माध्यम से वित्तीय लेनदेन करने से बचें।


**कार्यालय ग्राम पंचायत, एरवा टीकुर विकासखंड एरवाकटरा , जनपद औरैया**

पत्रांक मैमो/केंद्रीय/राज्य वित्त दिनांक 11 फरवरी 2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड औरैया की ग्राम पंचायत एरवा टीकुर के अन्तर्गत वर्ष 2026–27 में केंद्रीय/राज्यवित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत जीएसटी धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो ईट विक्रेताओं/सप्लायर्स से (ईट, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर, गिट्टी, लोहा, सरिया, इण्टरलाकिंग ईट, रंग, इलेक्ट्रीकल/इलेक्ट्रानिक आदि) सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2026 अपराहन 2 बजे तक सीलबन्द निविदा/टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है। जो उसी दिन अपराहन 3 बजे ग्राम पंचायत एरवा टीकुर द्वारा गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक किसी भी दिवस में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत एरवा टीकुर में निविदा प्रपत्र निशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगें।

**आपूर्ति की जाने वाली सामग्री हेतु विवरण मात्रा**

| क0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत एरवा टीकुर के गौशाला में निर्माण कार्य। | 1.91 लाख |

**नियम व शर्ते–**
1. निविदादाता का पंजीकरण आयकर, वाणिज्यकर व जीएसटी विभाग में अवश्य होना चाहिए। बिना जीएसटी पिन नम्बर के निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. दिनांक 14 फरवरी 2026 को यदि किसी कारणवश निविदा के खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह सम्पन्न होगा।
3. निविदा स्वीकार एवं निरस्त करने का पूरा अधिकार समिति का होगा।
4. कार्य की मात्रा एवं लागत मौके की परिस्थितियों के अनुसार घट बढ़ सकती है।
5. नियम व शर्तो की पूर्ण जानकारी कार्यालय टेंडर क्रय करते समय प्राप्त कर लें। पूर्ण संतुष्ट होने पर ही टेंडर डालें।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत एरवा टीकुर विकासखंड एरवाकटरा, जिला – औरैया


# तीन वर्ष से अधिक से लंबित वादों का करें निपटारा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


नगर पालिका में मुआयना करते कमिश्नर अजीत कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त अजीत कुमार ने मंगलवार को तहसील कर्वी, नगर पालिका, विकासखंड कार्यालय व ग्राम रौली कल्याणपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए ।

तहसील कर्वी के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्णयों को आरसीएमएस पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने एवं राजस्व कर्मियों के कार्यों की सतत् समीक्षा करने के निर्देश दिए। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, वादकारियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने नगरपालिका में अधिशासी अधिकारी लालजी को निर्देशित किया कि नालियों एवं सड़कों की सफाई, स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव, एंटी लार्वा फॉगिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं कूड़ा संग्रहण की प्रभावी निगरानी की जाए। शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए नियमित मानीटरिंग की जाए। विकासखंड कर्वी में खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नोटिसों के निस्तारण के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाएं। कर्मचारियों के अवकाश संबंधी प्रार्थना पत्र मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से निस्तारित किए जाएं तथा सभी पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित हों, कोई भी पत्रावली भौतिक रूप से सृजित न की जाए। आगाह किया कि शासन स्तर से प्राप्त धनराशि के भुगतान में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी ।ग्राम रौली कल्याणपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में मंडलायुक्त को ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति की दिक्कत बताई। जल निगम के अधिकारी ने बताया कि पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिसका काम 20 मार्च तक पूर्ण हो जाएगा।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने मंगलवार को दवा खाकर राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत कराई। सीडीओ ने कहा कि फाइलेरिया एक घातक बीमारी है।

विकास भवन में कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीडीओ ने सभी जनपद वासियों से दवा खाने और खुद और परिवार को फाइलेरिया से प्रतिरक्षित करने की अपील की। सीडीओ ने कहा कि देश को फाइलेरिया जैसी जानलेवा घातक बीमारी से बचाने के लिए सरकार 10 फरवरी से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है। सीएमओ ने बताया कि 28 फरवरी तक अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की 680 टीमें और 129 सुपरवाइजर सात लाख 80 हजार से अधिक आबादी को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। सीएमओ ने कहा कि दवा पूरी तरह सुरक्षित है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जीआर रतमेले, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह आदि मौजूद रहे।

**काला धंधा** ग्रामीणों ने कहा, पयस्वनी की जलधारा तक को बदल दिया

# कल्याणी घाट पर धड़ल्ले से हो रहा बालू खनन, जिम्मेदार बेपरवाह

राजकुमार उपाध्याय, राजापुर (चित्रकूट)


इस तरह किया जाता है नदी में अवैध खनन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जहां एक ओर प्रदेश सरकार ने अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग तथा अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दे रखे हैं वहीं तमाम जगहों पर चोरी छिपे या दबंगई से निर्धारित इलाके से ज्यादा में अवैध खनन जारी है। ग्रामीण दबी जुबान इसका विरोध करते हैं पर पट्टाधारकों के गुर्गों की दबंगई की वजह से सामने आने की जुर्रत नहीं करते।

नाम छिपाते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राजापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरधुआ के पास पयस्वनी नदी के कल्याणी घाट में पट्टेधारक ने पर्यावरण विभाग के निर्देशों का खुल्ला उल्लंघन करते हुए नदी की पुरानी जलधारा को परिवर्तित कर दिया है। बीच नदी से बालू निकालते समय 15 से 20 फुट गहरे गहरे गड्ढे कर देने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया हैं कि पट्टेधारक ने नदी का नक्शा बदल दिया है और दबंग ठेकेदार ने खनन स्थल से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर काटा लगाया है। यहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं और उसके पहले ही ओवरलोड वाहनों के लिए रास्ता बना दिया गया है। आरोप तो यह भी है कि उन ओवरलोड वाहनों के एमएम 11 पत्रक भी नहीं दिए जाते हैं और पट्टा खनन स्थल के अलावा अन्य दूसरे क्षेत्र से रात भर अवैध खनन जोरो पर किया जा रहा है। इनका कहना है कि अवैध खनन के विरुद्ध खनिज विभाग को सूचनाएं देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंदी पर हैं, साठगांठ से अवैध खनन किया जा रहा है।

### पास जाने की किसी की हिम्मत नहीं

- ग्रामीण बताते हैं कि अवैध खनन वाली जगहों पर बाकायदा असलहाधारियों की तैनाती रहती है। ऐसे में कोई वहां जाने की जुर्रत तक नहीं करता, वहां की फोटो खींचने की बात तो बहुत दूर। हालांकि कुछ ग्रामीण हिम्मत करके वहां का वीडियो बना चुके हैं (जाहिर है, वीडियो की पुष्टि संभव नहीं और इसका फायदा खनन माफिया उठा लेते हैं।)।

### की जाएगी कड़ी कार्रवाई : उप जिलाधिकारी

- इस संबंध में उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने किसी भी जानकारी से इंकार किया। उनका कहना है कि मामले का पता नहीं है। वह खुद इसकी जानकारी करेंगे और कार्रवाई करेंगे। तहसील क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन, परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उधर, इस संबंध में खनन विभाग के अधिकारियों से बात नहीं हो सकी।


एसडीएम फूलचंद्र यादव।

### एडीएम ने दिवाकर को दिए साक्षात्कार के टिप्स

चित्रकूट। राजकीय जिला पुस्तकालय तथा अभ्युदय कोचिंग के नियमित छात्र दिवाकर सिंह ने यूपीपीसीएस की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब वह साक्षात्कार की तैयारी कर रहे हैं। उनको इसमें सफल बनाने की मंशा से जिलाधिकारी के निर्देश पर राजकीय पुस्तकालय में उनका माक इंटरव्यू एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल कुमार ने पैनल बनाकर लिया। एडीएम ने विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित प्रश्न किए और महत्वपूर्ण टिप्स दीं। साक्षात्कार पैनल में पुस्तकालय प्रभारी डा. प्रदीप शुक्ल एवं अभ्युदय कोचिंग के कोर्स कोआर्डिनेटर सीपी पांडेय रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता पंजीयन प्रमाणपत्र/ इन्रोलमेंट संख्या–1046 दिनांक 28.03.1978 वास्तव में कहीं खो गया है, यदि किसी को मिलता है तो उसकी सूचना/प्रमाणपत्र मेरे नीचे लिखे पते पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **सगीर अहमद, एडवोकेट पता–मकान नम्बर 1170, सिरवारा रोड, सिविल लाइन तार बाबू की गली, सुलतानपुर सिटी, सुलतानपुर उ0प्र0, पिन 228001, मो0नं0–** 9161698247

**सूचना**

मेरा नाम Meraj Ahmed है। आधार कार्ड नंबर 5753 6597 3209 मे मेरा नाम Meaj Ahmad है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है अब मैंने अपना नाम Meraj Ahmad रख लिया है। Meraj Ahmad s/o Siraj Ahmad निवासी ग्राम मदर बक्श लौकहवा, तहसील तुलसीपुर, जिला बलरामपुर

**सूचना**

मैं SAFATULLAH KHAN पुत्र श्री ALLAH BAX निवासी ग्राम पुरैना बुलन्द, पो0–टेड़वा नवाबाद, जिला–बलरामपुर, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर SAFATULLA ALLABAKSH KHAN कर लिया है, अतः आज से मुझे SAFATULLA ALLABAKSH KHAN के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैं **जगजीवन दास (JAGJEEVAN DAS) पुत्र जगदीश राय निवासी – मं0 नं0– 266/395, भदेवां 0,बाजार खाला राजेन्द्र नगर लखनऊ उ0 प्र0– 226004**, उपरोक्त दिये गये पते का निवासी हूँ । यह कि मैं निवास स्थान मं0 नं0– 266/395, भदेवां , बाजार खाला राजेन्द्र नगर लखनऊ उ0 प्र0– 226004 है, में स्थाई निवास करता हूँ। जिसे मेरे सभी दस्तावेजों पर संशोधन/त्रुटि सुधार के साथ दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मैने अपना नाम ABDUL AHMED ISTIYAQ AHMED से बदलकर ABDUL AHMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ISTIYAQ AHMED ADD-87 GRAM TIKAWAMAU POST-PUREDALAI,DIST-BARABANKI -225401(U.P.)



जो मन को नियंत्रित नहीं करते, मन उन्हें नियंत्रित कर लेता है और उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है।

–श्रीकृष्ण

## महज एसओपी नहीं पर्याप्त

कई राज्यों के बजट से भी अधिक के डिजिटल धोखाधड़ी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'सरासर डकैती' मानते हुए इससे बचाव के लिए केंद्र सरकार को पूरे देश में एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया अथवा एसओपी लागू करने का निर्देश स्वागत योग्य है। बेशक, बैंक यदि संदिग्ध लेनदेन पर ग्राहकों को सतर्क करते और साइबर अपराधों की पहचान तथा जांच के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत रखते तो आंकड़े अलग दिखते। डिजिटल फ्रॉड के मामलों में सिर्फ तकनीक दोषी नहीं है, बल्कि जनता की अल्पज्ञता, लोभ–लालच और भय का भी इसमें बड़ा योगदान है। जल्दी धन प्राप्ति, आसान निवेश या तत्काल लाभ के लालच में वह कई बार चेतावनी संकेतों की अनदेखी करता है। साइबर जागरूकता का अभाव भी लोगों को ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बनाता है। जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा शिक्षाएं और आम नागरिकों को साधारण फ्रॉड के तरीकों से परिचित कराना अब अत्यंत आवश्यक है।

दुर्भाग्य है कि इस खेल में बैंक भी शामिल दिखे। बैंकों को केवल लेनदेन का 'ब्रोकरेज हब' होने के बजाए ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय निगरानी और अलर्ट सिस्टम लागू करना चाहिए। यदि बैंक संदिग्ध अचानक बड़ी रकम निकासी या अनजान स्रोतों से फंड ट्रांसफर को समय पर नहीं चिन्हित करता तो यह उसकी कार्यगत विफलता है। अदालत ने भी माना कि बैंक अनजाने में अथवा मिलीभगत से ऐसे फ्रॉड को बढ़ावा दे रहे हैं। अदालत को केंद्र सरकार द्वारा एक एसओपी या एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया इसका अकसीर इलाज है, इस पर भी सवाल यह कि क्या किसी एक एसओपी के जरिये इतने बड़े और विविध स्तर पर होने वाले साइबर और डिजिटल वित्तीय अपराध को रोका जा सकता है? आरबीआई ने पहले ही इस तरह की मानकीकृत संचालन प्रक्रिया तैयार कर रखी है, पर अपराध आज भी बेशुमार हैं। नये सिरे से व्यापक एसओपी तैयार करना एक स्वागतयोग्य सकारात्मक कदम है, लेकिन इसका प्रभाव तभी होगा जब इसे तकनीकी सक्षमता और व्यवहारिक तौर पर कड़ाई से लागू किया जाए। केवल कागजी मानकीकृत संचालन प्रक्रिया बनाकर लागू करने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। इस एसओपी को वित्तीय संस्थानों, बैंक अधिकारियों, टेलीकॉम पोर्टलों और साइबर पुलिस के बीच वास्तविक समय में डेटा साझा करने और त्वरित कार्रवाई की क्षमता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। जैसा कि कोर्ट ने सुझाया है, एआई आधारित अलर्ट सिस्टम को निगरानी में शामिल करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय है।

डिजिटल साधनों के विस्तार के अनुरूप डिजिटल प्राइवेसी के उल्लंघन के खिलाफ पर्याप्त कानून और सुरक्षा ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। लाखों लोग एक ही फोन नंबर या ईमेल से कई प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं, जिससे फ्रॉड करने वालों को उपयोगकर्ता के प्रोफाइल तक आसानी से पहुंच मिल जाती है। आवश्यकता है कि डेटा सुरक्षा कानून को अधिक स्पष्ट, उपयोगकर्ता-केंद्रित और सख्त बनाया जाए और इसका पालन भी सुनिश्चित हो। एसओपी के कड़ाई से पालन से कुछ मामलों को तो रोका जा सकता है, लेकिन यह पूर्ण समाधान नहीं है।

### प्रसंगवश

## मेले के झूले: सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल

हरियाणा के सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहां मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है, जहां सुरक्षा सबसे आख़िरी प्राथमिकता बन चुकी है।

मेलों में झूले आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हंसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है, लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएं, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से 'चलने दो' कहकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जांच होती है, या फिर कुछ काग़ज़ों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ 'मैनेज' कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है। ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन, लेकिन झूलों की तकनीकी जांच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियां झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?

यह पहली बार नहीं है, जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएं घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है। जाँच के आदेश, मुआवज़े की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक।

सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना, इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहां सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूं ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी, लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जांच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हां, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ़ ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को 'अतिरिक्त खर्च' समझा जाता है और मुनाफ़े को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जांच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग। दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवज़े की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई, लेकिन क्या किसी की जान की कीमत कुछ लाख रुपये हो सकती है?

## अब व्यापारिक साझेदारी में खाड़ी देशों की बारी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

जब दुनिया के बड़े देश अपने प्रभुत्व और वर्चस्व के लिए सीमाओं के साथ व्यापार और टैरिफ युद्ध में उलझे हैं, तब भारत लगातार तेजी से अपने व्यापारिक बाजार में विविधता का रंग भरने में जुटा है। वह अब किसी एक देश या क्षेत्र पर आयात और निर्यात के लिए निर्भर नहीं रहना चाहता है। यही वजह है कि भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए-नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं। इसके लिए भारत पश्चिमी एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की कवायद में जुट गया है। दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

इससे लंबे समय से अटकी बातचीत को फिर से आगे बढ़ाने का रास्ता मिल गया है। नियम-शर्तों में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते का दायरा, बातचीत का स्वरूप और तौर-तरीका तय किया गया है। इससे यह साफ हो गया है कि व्यापार समझौते में किन सेक्टर्स को शामिल किया जाना है, फिर बातचीत उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर साल 2006 और 2008 में पहले भी दो दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन परिषद द्वारा सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ वार्ता स्थगित करने का फैसला लिए जाने के बाद तीसरा दौर नहीं हो पाया था।

भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए–नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं।

इस तरह साल 2011 से रुके हुए समझौते के लिए अब फिर से बातचीत शुरू हो रही है। यह समझौता होने से भारत और खाड़ी देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का प्रवाह तेज और आसान हो जाएगा। भारत मई 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। भारत और ओमान भी बीते वर्ष दिसंबर में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। ऐसे में खाड़ी सहयोग परिषद के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अगली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

खाड़ी देशों से व्यापारिक समझौता होने का मतलब है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे भारत विरोधी देशों की कमर और टूट जाएगी, क्योंकि खाड़ी देशों के बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच काफी आसान हो जाएगी। अभी बांग्लादेश बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों में रेडीमेड गारमेंट्स, निटवेयर, जूट उत्पाद, चमड़े के उत्पाद और कृषि उत्पादों का निर्यात करता है, तो पाकिस्तान चावल, वस्त्र, फल, सब्जियां, मांस, चमड़े के उत्पाद और खेल के सामान की आपूर्ति करता है। खाड़ी देशों के बाजारों में जहां तक भारत की पहुंच की बात है, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार 178.56 अरब डॉलर का रहा था, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 15.42 प्रतिशत है।

इसमें भारत से 56.87 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जबकि आयात 121.68 अरब डॉलर था। इसमें दो राय नहीं कि खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। भारत के कारोबारी वहां बड़े पैमाने पर चावल, वस्त्र, मशीनरी, इंजीनियरिंग साजो-सामान, रत्न और आभूषण का निर्यात करते हैं, जबकि वहां से भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स और सोने जैसी कीमती धातुएं आती हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भारत की सबसे बड़ी चिंता व्यापार घाटा कम करना है। उम्मीद की जा रही है कि इस समझौते के बाद व्यापार घाटा न सिर्फ कम होगा, बल्कि हमारे दक्ष युवाओं को वहां रोजगार और तेजी से मिलेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान लगातार कोशिश कर रहा है कि किसी तरह मुस्लिम राष्ट्रों को भारत से दूर करे, लेकिन भारतीय कूटनीति के आगे उसकी चाल कामयाब नहीं हो पा रही है। सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक 'सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता' किया था। इसके बावजूद सऊदी अरब चाहता है कि भारत से जल्द मुक्त व्यापार समझौता हो जाए, ताकि व्यापार में सुगमता हो। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भी पिछले दिनों भारत दौरे पर कहा था कि वे चाहते हैं कि दोनों देश आपसी कारोबार को 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डॉलर तक ले जाएं।

वैसे भी खाड़ी देशों में यूएई और सऊदी अरब भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। यूएई के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 100.06 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024 में 83.6 अरब डॉलर था। इसी तरह खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में कतर के साथ व्यापार 14.15 अरब डॉलर का रहा, इसके बाद ओमान के साथ 10.61 अरब डॉलर, कुवैत के साथ 10.22 अरब डॉलर और बहरीन के साथ 1.64 अरब डॉलर का व्यापार हुआ।

खाड़ी सहयोग परिषद की अध्यक्षता बहरीन के पास है। बहरीन और भारत के बीच घनिष्ठ रिश्ते हैं। बहरीन भी चाहता है कि परिषद और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो, ताकि कारोबार और सुगम हो सके। ऐसा होने से भारत के चर्म उत्पाद, वस्त्र उत्पादों का निर्यात बड़े पैमाने पर हो सकेगा। अभी वहां की मार्केट में बांग्लादेश की पहुंच अधिक है। व्यापार समझौता होने से वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाला आयात शुल्क या तो बहुत कम हो जाएंगे, अथवा खत्म हो जाएंगे। इसी तरह खाड़ी देशों की बाजार में भारतीय सामानों की लागत पाकिस्तानी और बांग्लादेशी उत्पादों की तुलना में कम होगी, जिसका बड़ा लाभ मिलेगा। वैसे भी खाड़ी देशों के पास न केवल अपार दौलत है, बल्कि भारत के युवाओं के लिए संभावनाओं का समंदर भी है।

### आमने सामने



मेरी पार्टी उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और वहां भी अपना झंडा बुलंद करेगी। मिस्टर योगी, तैयार हो जाओ, यूपी भी आ रहे हैं। इसके बाद यूपी चलते हैं। हम सभी यूपी में अपनी ताकत और अपने झंडे को गाड़ेंगे और वहां भी अपना झंडा लहराएंगे।

–अकबरुद्दीन ओवैसी
नेता, एआईएमआईएम

सीएम योगी हमेशा तैयार रहते हैं और ओवैसी साहब अगर उपद्रव करने बुलाएंगे तो उन्हें पहले तय करना होगा कि वे कहां जाना चाहते हैं, बाहर या कहीं और? असल में सपा पार्टी को चिंता करनी चाहिए कि उनका वोटर कहीं छिटक न जाए।

–केतकी सिंह
बीजेपी विधायक



## यूपी बजट: वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह न सिर्फ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने वाला बजट होगा, बल्कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉम के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करने वाला होगा। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर भारी भरकम राशि मिलने की उम्मीद है। नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया जा सकता है। सरकार का मुख्य ध्यान मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही आम लोगों की सुविधाओं पर रहेगा। एक्सप्रेस वे के निर्माण, पुलों के निर्माण के लिए भारी भरकम बजट मिलने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान पर फोकस तो होगा ही, शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे पर बड़े खर्च के एलान की संभावना है। यह बजट 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा।

प्रदेश में अभी यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा- लखनऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली और गोरखपुर एक्सप्रेसवे चालू हैं। इन एक्सप्रेसवे का निर्माण राज्य सरकार के बजट से हुआ है। मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे समेत एक दर्जन और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कवायद की जा रही है। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा एक्सप्रेसवे बनाकर यातायात को न सिर्फ गति देना है, बल्कि औद्योगिक विकास भी बढ़ाना है, ताकि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाया जा सके और यहां के निवासियों को अपने राज्य में घर के पास ही रोजगार मिल सके।

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के मुख्यमंत्री योगी के सपने को साकार करने वाला बजट होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का घर के पास ही रोजगार देने का सपना बहुत हद तक साकार भी हो रहा है, क्योंकि यहां विदेशी कंपनियां औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर चुकी हैं और कर रही हैं। स्थानीय निवेशक भी उद्योग लगा रहे हैं। बढ़ते औद्योगिक विकास की वजह है, प्रदेश में बना सुरक्षित माहौल। अब न तो कहीं उद्यमियों, चिकित्सकों व कारोबारियों से रंगदारी मांगने का मामला सामने आ रहा है न ही अपहरण का। यही वजह है कि दूसरे राज्यों से भी बड़े उद्यमी यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। रोजगार के अवसर सूबे में बढ़े हैं, लेकिन सरकार का लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

पिछले वित्तीय वर्ष में बजट लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। इस बार का बजट उससे भी ज्यादा होगा। इस बजट में लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए बजट तो मिलेगा ही कुछ नई योजनाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। रोजगार, किसानों की आर्थिक मदद और गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के लिए भारी भरकम बजट मिल सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और मजबूती देने की तैयारी है। कानून-व्यवस्था को और समृद्ध बनाने के लिए पुलिस बल को और सुविधा संपन्न करने पर जोर होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर बजट का बड़ा हिस्सा आवंटित होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति वाला माना जाता है। ऐसे में पुलिस और समृद्ध हो, इसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बजट इस महकमे को दिया जा सकता है, ताकि पुलिस महकमे को आधुनिक सुविधाओं से समृद्ध किया जा सके। जल्द ही पंचायत के चुनाव होने हैं। पंचायत चुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमिफाइनल भी माना जा रहा है। ऐसे में सरकार खजाने से धन खर्च करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने जा रही है।

वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित महिला, दिव्यांगों की पेंशन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 1,43,450 शिक्षा मित्रों के मानदेय की बढ़ोत्तरी का एलान भी हो सकता है। सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मिल सकता है, तो नए बस स्टेशनों की स्थापना, पुराने बस अड्डों को मॉडल बनाने के लिए भी बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान होगा। प्रदूषण से बचाव के लिए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का लक्ष्य भी निर्धारित होगा। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लिए भी राशि आवंटित की जा सकती है।

चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर सरकार का फोकस है। मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में तेजी आने की उम्मीद है, तो बेसिक-माध्यमिक शिक्षा के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट भी मिलेगा। माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब क्लस्टर के लिए बजट मिलेगा, तो शहरों में अवस्थापना सुविधाओं के मद में आवास विभाग को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार नई टाउनशिप बसाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना को गति देगी, तो मेट्रो परियोजनाओं को गति देने के लिए भी बजट का एलान होगा।

### सोशल फोरम

## 'उसने कहा था'...

चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' हिंदी कथा-साहित्य की वह शाश्वत रचना है, जिसने आधुनिक कहानी को न केवल रूप दिया, बल्कि भावनात्मक गहराई और नैतिक चेतना की नई भाषा भी दी। यह कथा प्रेम, कर्तव्य और बलिदान के उस त्रिकोण को स्पर्श करती है, जहां मनुष्य की आत्मा अपने सबसे बड़े नैतिक निर्णय से गुजरती है।



डॉ. उर्वशी
ब्लॉगर

हिंदी कहानी के इतिहास में 'उसने कहा था' केवल एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता का आरंभ-बिंदु है। 1915 में प्रकाशित यह कहानी, अपने समय के समाज और मनुष्य दोनों को एक नई दृष्टि से देखने का आमंत्रण देती है। गुलेरी ने प्रेम को केवल रूमानी या त्रासद अनुभव के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक और अस्तित्वगत प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। यह वही क्षण था जब हिंदी कहानी ने केवल घटनाओं से आगे बढ़कर मानव-मन की जटिलता और आत्म-संयम की सौंदर्यता को कथ्य बनाया।

कहानी के केंद्र में लहना सिंह नामक सिख सैनिक है, जो बचपन में अपनी प्रेमिका से किए गए एक वाक्य-संवाद को जीवन का व्रत बना लेता है। 'उसने कहा था'- यह तीन शब्दों का वाक्यांश कहानी के भीतर स्मृति, वचन और नियति, तीनों का प्रतीक बन जाता है। युद्ध के मैदान में जब वही स्त्री अपने पति और पुत्र के जीवन की रक्षा का आग्रह करती है, तो लहना सिंह अपने जीवन को उसी वचन के प्रति समर्पित कर देता है। इस प्रकार कहानी का प्रेम, इच्छा की परिधि से निकलकर कर्तव्य और त्याग के आध्यात्मिक आयाम में रूपांतरित हो जाता है।

'उसने कहा था' की भाव-संरचना गहरी है, पर उसका स्वर अत्यंत संयमित। गुलेरी ने प्रेम को भावुकता से मुक्त किया है और उसे आत्मसंयम की नैतिक साधना के रूप में रूपायित किया है। लहना सिंह की निष्ठा किसी व्यक्तिगत संबंध की निष्ठा नहीं, बल्कि मानवीय मर्यादा की रक्षा का संकल्प है। कहानी का प्रेम 'पाना' नहीं, बल्कि 'देना' है और इसी में उसका सौंदर्य निहित है।

यहां प्रेम का अर्थ रूमानी आकर्षण नहीं, बल्कि धर्म की अनुभूति है। यह प्रतिध्वनि प्रेम के उस ऊंचे धरातल की ओर ले जाती है जहाँ मनुष्य की व्यक्तिगत आकांक्षा समाप्त होकर कर्तव्य की सार्वभौमिकता में बदल जाती है। कहानी की घटनाएं भले ही प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि में घटती हों, पर युद्ध यहां बाहरी घटना से अधिक अंतर्मन का प्रतीक है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## खाद्य सुरक्षा पर गहराता संकट और जिम्मेदारी

आज भारत जैसे देश में जब हम खाना चुनते हैं, उसके बारे में यह सोचकर भी डर लगता है कि क्या वह वास्तव में शुद्ध है? 2025–26 के ताज़ा आंकड़े और निरीक्षण रिपोर्ट यह सवाल सिर्फ़ खड़े नहीं करती, बल्कि एक गंभीर चेतावनी की तरह सामने आती है। हाल ही में जब देश भर में खाद्य सुरक्षा विभागों ने मिलावट से जुड़े उत्पादों की जांच की, तो पता चला कि रोज़मर्रा के उपयोग की चीज़ों में, जैसे- पनीर, दूध, घी, मसाले और मिठाइयां खाद्य गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, सूरत में 2025 में नकली और घटिया खाद्य पदार्थों की जब्ती पिछले साल के मुकाबले 13 गुना अधिक दर्ज की गई, जिसमें डेयरी उत्पादों में गंभीर मिलावट पाई गई थी।

यह सिर्फ़ आंकड़ों की बाज़ीगरी नहीं है। इसके पीछे लाखों परिवारों की सेहत का सवाल है। मिलावटी भोजन का असर सबसे पहले हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। जब हम बिना जाने-समझे रसायन, सस्ते तेल या नकली स्वाद बढ़ाने वाले तत्वों से भरे खाद्य पदार्थ खाते हैं, तो उनसे पाचन तंत्र में गड़बड़ियां, पेट दर्द, अपच और दस्त जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लंबे समय तक ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लीवर और किडनी पर दबाव बढ़ता है, जिससे ये जरूरी अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। कई रसायन प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षिका

बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा गहरा होता है। बच्चों का शरीर अभी विकासशील होता है। उनका पाचन, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा तंत्र सभी विकास के दौर से गुजर रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों में मौजूद भारी धातुएं और रसायन उनके सीखने की क्षमता, ध्यान बनाए रखने की शक्ति और सामान्य विकास को प्रभावित कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूषित भोजन से बच्चों में पाचन समस्याओं, बार-बार बीमार पड़ने और विकास में देरी जैसी समस्याएं अधिक देखी गई हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह समस्या गंभीर चिंता का विषय है। गर्भावस्था एक ऐसा समय होता है, जब मां और अजन्मे शिशु दोनों को सुरक्षित, पौष्टिक आहार की बेहद आवश्यकता होती है। मिलावटी अथवा घटिया भोजन से पोषक तत्वों की कमी बढ़ सकती है, जिससे शिशु का वजन कम हो सकता है या जन्म के बाद विकास में समस्या आ सकती है। कुछ मामलों में यह गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। हमारी बीमारी का कारण सिर्फ़ भोजन की शुद्धता नहीं है, बल्कि यह हमारी जागरूकता की कमी भी है।

अक्सर हम रोज़मर्रा की चीज़ों को बिना जांचे-परखे खरीद लेते हैं। चाहे वह पनीर हो, खोया हो या मसाले। मिलावटखोर सस्ते घटकों को मिलाकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं और ऐसा वे खासकर त्योहारों के समय और अधिक करते हैं, जब बाजार में मांग बढ़ जाती है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान विशेष निरीक्षण में कई मिलावटी खाद्य वस्तुएं जब्त की गईं। यह संकेत देता है कि भारी मांग के समय मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं।

समस्या सिर्फ़ निरीक्षण करने से हल नहीं होगी। हमें स्वयं भी जागरूक होना होगा। सबसे पहले, यह समझना ज़रूरी है कि खाद्य गुणवत्ता सिर्फ़ सिलाई की लेबर की तरह दिखाई देने वाली चीज़ नहीं है। यह हमारे शरीर में होने वाली हर प्रक्रिया से जुड़ी है। हमें लाल झंडे की तरह संकेतों को पहचानना सीखना होगा। जैसे- असामान्य रंग, गंध या बनावट। साथ ही, विश्वसनीय स्रोतों से ही खाद्य सामग्री खरीदनी चाहिए, जहां गुणवत्ता मानकों की पालना होता है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


# कला-संस्कृति की मिसाल हैं ये प्रेम की धरोहर

प्यार केवल एहसास नहीं होता, कई बार वह पत्थरों में ढलकर इतिहास बन जाता है। दुनिया के अलग-अलग कोनों में खड़ी कुछ इमारतें इस बात की गवाह हैं कि जब प्रेम गहरा होता है, तो वह समय, दूरी और मृत्यु की सीमाओं को भी पार कर जाता है। कहीं ये महल किसी प्रिय को दिया गया अधूरा उपहार है, तो कहीं टूटे दिल की खामोश पुकार। किसी ने प्रेमिका के लिए पुल बनवाया, तो किसी ने पत्नी की याद में पूरी उम्र एक ही महल तराश दिया। इन स्मारकों की दीवारों में सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि उम्मीद, समर्पण, पीड़ा और अमर मोहब्बत की कहानियां बसती हैं। बोल्ट कैसल से लेकर कोरल कैसल, शैटो डी चेनोन्सो से ताजमहल तक ये सभी स्थान यह बताते हैं कि सच्चा प्यार भले ही अधूरा रह जाए, लेकिन उसकी निशानी हमेशा के लिए जीवित रहती है। ये स्मारक प्रेम में पगे आशिकों के दिलों में व्याप्त गहरी भावनाओं को दर्शाते हैं।



शिखर चंद जैन
लेखक





## शैटो डी चेनोन्सो, फ्रांस

फ्रांस का यह भव्य महल 'महिलाओं का महल' कहलाता है। शैटो डी चेनोन्सो की दीवारों में प्यार और प्रतिद्वंद्विता की निशानियां दफन हैं। 1547 में फ्रांस के राजा हेनरी द्वितीय ने इसे अपनी प्रेमिका डायने डी पोइटियर्स को उपहार में दिया। डायने ने ही शेर नदी पर बना वह प्रसिद्ध मेहराबदार पुल बनवाया, जो आज इस महल की पहचान है। राजा की मृत्यु के बाद, रानी कैथरीन डी मेडीसी ने डायने को महल से निकाल दिया और स्वयं यहां शासन किया। इस तरह यह महल प्रेम और प्रतिद्वंद्विता दोनों का प्रतीक बन गया।



## बोरी कैसल, हंगरी

हंगरी के सेकेसफेहेरवार में स्थित बोरी कैसल प्रेम और समर्पण की जीवंत मूर्ति है। मूर्तिकार और वास्तुकार जेनो बोरी ने इसे अपनी पत्नी इलोना बोरी के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में 1923 से लेकर लगभग 40 वर्षों तक अपने हाथों से बनाया। महल में मौजूद मूर्तियां, चित्रकला और ऊंचा टॉवर उनकी पत्नी को समर्पित हैं। यह स्थान आज दुनियाभर के प्रेमियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

## जूलियट का घर, इटली



वेरोना स्थित कासा डि गिउलिएटा शेक्सपियर के अमर प्रेम रोमियो और जूलियट की याद दिलाता है। 13 वीं सदी की यह ऐतिहासिक इमारत कैप्पेलो स्ट्रीट पर स्थित है, जहां वह प्रसिद्ध बालकनी और जूलियट की कांस्य मूर्ति मौजूद है। हालांकि जूलियट एक काल्पनिक पात्र है, फिर भी यह स्थान प्रेम का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। मान्यता है कि जूलियट की मूर्ति के दाहिने हाथ को छूने से प्रेम में सौभाग्य मिलता है। इसी विश्वास से यहां हर दिन हजारों प्रेमी आते हैं।

## कोरल कैसल, फ्लोरिडा, यूएस



कोरल कैसल शायद दुनिया की सबसे रहस्यमयी प्रेम-रचना है। इसे लातवियाई-अमेरिकी प्रवासी एडवर्ड लीडस्कैलनिन ने 1923 से 1951 के बीच अकेले बनाया। 1100 टन से अधिक कोरल पत्थरों से बना यह ढांचा 'फ्लोरिडा का स्टोनहेंज' कहलाता है। एडवर्ड का कद और शरीर साधारण था, फिर भी उन्होंने बिना आधुनिक मशीनों के यह असंभव कार्य कर दिखाया। शादी से ठीक पहले मंगेतर एग्नेस द्वारा छोड़े जाने के बाद, टूटे दिल से उन्होंने इसे प्रेम-स्मारक के रूप में गढ़ा। वे दावा करते थे कि उन्हें मिस्र के पिरामिडों के निर्माण का रहस्य चुंबकत्व और उत्तोलन आता है।

## बोल्ट कैसल, न्यूयॉर्क



बोल्ट कैसल एलेक्जेंड्रिया बे, न्यूयॉर्क में हार्ट आइलैंड पर स्थित एक शानदार ऐतिहासिक महल और एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। इसे जॉर्ज सी. बोल्ट ने अपनी पत्नी लुईस के लिए प्यार की निशानी के तौर पर बनवाना शुरू किया था, लेकिन उनके निधन के बाद यह अधूरा रह गया। यह एक छह मंजिला, 120 कमरों वाली राइनलैंड-शैली की संरचना है। इसका निर्माण 1900 में शुरू हुआ था, लेकिन जनवरी 1904 में लुईस की अचानक मृत्यु के बाद जॉर्ज बोल्ट का मन टूट गया। फिर उन्होंने इसे अधूरा छोड़ दिया और फिर कभी वापस नहीं लौटे।


## एलेनोर क्रॉसेस, इंग्लैंड



13 वीं सदी में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड प्रथम ने अपनी पत्नी एलेनोर ऑफ कैस्टिले की स्मृति में 12 भव्य पत्थर क्रॉस बनवाए। 1290 में रानी की मृत्यु के बाद, उनके अंतिम संस्कार के जुलूस के दौरान लिंकन से लंदन तक जहां-जहां रात्रि विश्राम हुआ, वहां ये क्रॉस स्थापित किए गए। आज इनमें से केवल तीन गेडिंगटन, हार्डिंगस्टोन और वाल्थम मूल रूप में बचे हैं। ये क्रॉसेस आज भी शाश्वत प्रेम के प्रतीक माने जाते हैं।

## हमारा ताजमहल

मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया ताजमहल दुनिया में प्रेम का सबसे महान प्रतीक माना जाता है। 1631 में शुरू होकर 1653 में पूरा हुआ यह मकबरा लगभग 22,000 कारीगरों की मेहनत का परिणाम है। राजस्थान के मकराना से लाए गए शुद्ध सफेद संगमरमर पर कीमती पत्थरों की पच्चीकारी इसे बेमिसाल बनाती है। ताजमहल न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्यार की सबसे खूबसूरत निशानी है।





## शालीमार बाग, कश्मीर

श्रीनगर में स्थित शालिमार बाग मुगल प्रेम और सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है। इसे मुगल बादशाह जहांगीर ने 1619 में अपनी प्रिय पत्नी नूरजहां के लिए बनवाया था। 'चहार बाग' शैली में निर्मित यह उद्यान तीन छतों में बंटा है, जिनमें फव्वारे, जलधाराएं, चिनार के वृक्ष और दीवान-ए-आम व दीवान-ए-खास जैसे मंडप हैं। डल झील के किनारे स्थित यह बाग यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है।

अनोखी परंपरा

# गर्दन की लंबाई में बंधी खूबसूरती



सुंदरता की परिभाषा हर समाज में अलग-अलग होती है। जहां आधुनिक दुनिया में सुंदरता को चेहरे, पहनावे या स्टाइल से जोड़ा जाता है, वहीं म्यांमार की कयान जनजाति में सुंदरता का पैमाना बिल्कुल अनोखा है। यहां महिलाओं की खूबसूरती उनकी गर्दन की लंबाई से आंकी जाती है। माना जाता है कि जितनी लंबी गर्दन, उतनी ही अधिक सुंदर महिला। कयान जनजाति की लड़कियां महज पांच वर्ष की उम्र से ही गर्दन में पीतल की अंगूठियां पहनना शुरू कर देती हैं। शुरुआत में ये अंगूठियां हल्की होती हैं, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इनकी संख्या और वजन भी बढ़ाया जाता है। यह प्रक्रिया कई घंटों तक चलती है और धीरे-धीरे वर्षों में पूरी होती है। लगातार दबाव के कारण कंधों और पसलियों की हड्डियां नीचे की ओर खिसक जाती हैं, जिससे गर्दन लंबी दिखाई देने लगती है। वास्तव में गर्दन नहीं बढ़ती, बल्कि शरीर की संरचना बदल जाती है। एक पूरा सेट 10 से 20 किलो तक वजनी हो सकता है। इतना भारी वजन पहनकर रोजमर्रा का जीवन आसान नहीं होता। खेतों में काम करना, झुकना, चलना-फिरना सब कुछ कठिन हो जाता है। कई महिलाएं लगातार दर्द, थकान और असहजता के साथ जीवन बिताती हैं। बावजूद इसके, वे इसे अपनी नियति और पहचान मानकर सहन करती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि यह परंपरा शुरुआत में सुंदर दिखने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को कम आकर्षक बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई थी। मान्यता थी कि लंबी गर्दन और भारी गहनों के कारण दूसरी जनजातियों के लोग उन्हें अगवा नहीं करेंगे। समय के साथ यह प्रथा सुरक्षा से निकलकर संस्कृति और पहचान का प्रतीक बन गई। आज की युवा पीढ़ी इस परंपरा को बोझ के रूप में देखने लगी है। कई लड़कियां अब इन अंगूठियों को पहनने से इनकार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर, उत्तरी थाईलैंड में पर्यटन के कारण कयान महिलाओं के ये गहने फिर से चर्चा में आ गए हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह परंपरा अब आजीविका का साधन भी बन चुकी है। कई बुजुर्ग कयान महिलाएं आज भी जीवनभर ये अंगूठियां नहीं उतारतीं और इसे अपनी अस्मिता मानती हैं। यह परंपरा सुंदरता और संस्कृति दोनों का प्रतीक है, लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या यह सच में सुंदरता का पैमाना है या महिलाओं पर थोपी गई एक सामाजिक जिम्मेदारी?

आर्ट गैलरी

# जोहांस वर्मीर की 'द गर्ल विद अ पर्ल इयर रिंग'



जैन वर्मीर की 'गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग' डच रियलिस्ट जॉनर पेंटिंग का एक मास्टरपीस है। इसे 'द हेड ऑफ अ यंग वुमन', 'पोर्ट्रेट ऑफ अ यंग वुमन विद अ टर्बन', 'वुमन इन ओरिएंटल ड्रेस' और 'गर्ल विद अ पर्लबन' भी कहा जाता है। इस कमाल की पेंटिंग में एक काल्पनिक जवान औरत को दिखाया गया है, जो शानदार कपड़े पहने अंधेरे से निकल रही है। यह फिगर सीधे देखने वाले की आंखों में देखती है और उसे अपनी ओर खींचती है। उसकी अनोखी ड्रेस और मोती की इयररिंग रोशनी और अंधेरे में से दिखती है, जिसे वर्मीर ने अपनी जादुई ब्रश से परफेक्ट किया है। वर्मीर ने ध्यान खींचने और इंटेंसिटी बनाने के लिए रंगों पर अपने जबरदस्त कंट्रोल का कुशलता से इस्तेमाल किया। इस रचना में, उन्होंने पेंटिंग के पीछे की कहानी को बताने के लिए रंगों का इस्तेमाल कंट्रास्ट के तौर पर किया। उनके टोन की समझ उनकी सबसे दिलचस्प तस्वीरों में से एक में जान डाल देती है। एक जवान लड़की, जिसने हल्के ओरिएंटल कपड़े पहने हैं और जिसके सिर पर एक मोती की इयररिंग है।

### वर्मीर के बारे में



जोहांस वर्मीर की मशहूर बारोक स्टाइल, रोजमर्रा की जिंदगी की चमकदार कंपोजिशन थीं, जो रोशनी और रंगों पर उनकी महारत को दिखाती हैं। उनके काम में अक्सर रोजमर्रा के घरेलू सीन होते हैं, जो डिटेल पर उनके जबरदस्त ध्यान को दिखाते हैं। उनका जन्म अक्टूबर 1632 में हुआ और निधन 15 दिसंबर 1675 को। वो डच पेंटर थे, उन्हें डच गोल्डन एज के सबसे महान पेंटर में से एक माना जाता है। अपने जीवनकाल में, वे एक सफल प्रांतीय शैली के पेंटर थे, जिन्हें डेल्फ़्ट और द हेग में पहचान मिली। उन्होंने काफी कम पेंटिंग बनाईं, मुख्य रूप से एक आर्ट डीलर के तौर पर अपनी जिंदगी चलाते थे। वे अमीर नहीं थे, उनकी मौत के समय, उनकी पत्नी कर्ज में डूबी हुई थीं। द गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग शायद वर्मीर का सबसे मशहूर आर्टवर्क है। इसमें एक जवान लड़की को एक अनोखी पगड़ी और बड़ी मोती की इयररिंग पहने दिखाया गया है। यह पेंटिंग अपनी शानदार कंपोजिशन, चटकीले रंगों और रहस्यमयी सब्जेक्ट मैटर से देखने वालों का ध्यान खींचती है। हालांकि अक्सर इसकी तुलना 'डच मोना लिसा' से की जाती है, लेकिन यह बहुत कम समझ है कि यह जवान औरत कौन थी या वर्मीर के साथ उसका क्या कनेक्शन था।

लोकायन

# बसोहली चित्रकला: रंग, भक्ति और सौंदर्य का संगम

भारतीय लघु चित्रकला की समृद्ध परंपरा में बसोहली चित्रकला एक ऐसी विशिष्ट शैली है, जिसमें रंगों की तीव्रता, भावों की स्पष्टता और भक्ति की गहराई एक साथ सजीव हो उठती है। इसका विकास जम्मू क्षेत्र के बसोहली इलाके में हुआ, जहां लोक परंपराओं, पौराणिक कथाओं और दरबारी कला ने मिलकर एक अनोखी चित्रभाषा को जन्म दिया। बसोहली शैली वस्तुत: हिंदू, मुगल और पहाड़ी कलात्मक परंपराओं के सुंदर समन्वय का परिणाम है।



बसोहली शैली में मुगल चित्रकला की झीनी पारदर्शी वेशभूषा और दरबारी ठाठ दिखाई देता है, जबकि चेहरों की बनावट, भाव-भंगिमा और आकृतियां स्थानीय लोक कला से प्रेरित हैं। बसोहली चित्रकला पर हिंदू धर्म और परंपरा का गहरा प्रभाव रहा। विष्णु और उनके दशावतार, विशेषकर श्रीकृष्ण, इस कला के प्रमुख नायक हैं। रामायण, महाभारत और जयदेव कृत 'गीत गोविंद' जैसे ग्रंथों पर आधारित चित्र श्रृंखलाएं इस शैली को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं।


बसोहली चित्रकला का स्वर्णकाल संग्राम पाल (1635-1673 ई.) और कृपाल पाल (1678-1693 ई.) के शासनकाल में माना जाता है। संग्राम पाल के समय वैष्णववाद को राजकीय संरक्षण प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप प्रारंभिक बसोहली चित्रों में 'रसमंजरी' श्रृंखला का विशेष महत्व रहा। इन चित्रों में कृष्ण को नायक रूप में चित्रित किया गया है। गाढ़े और चमकीले रंग लाल, पीला और नीला सपाट पृष्ठभूमि के साथ मिलकर चित्रों को तीव्र दृश्य प्रभाव प्रदान करते हैं। चेहरों में उभरी हुई नाक, कमल- सी आंखें और भावपूर्ण दृष्टि बसोहली शैली की पहचान हैं। स्त्री और पुरुष दोनों की वेशभूषा मुगल और राजपूत दरबारों से मेल खाती है। चित्रों में दर्शित भवन, आलिंद, जटिल जड़ाइयां और सुसज्जित भीतरी कक्ष मुगल और राजपुताना स्थापत्य की स्मृति कराते हैं।

आभूषणों का अंकन इस शैली की सबसे विलक्षण विशेषता है। मोतियों के लिए उभरे हुए सफेद रंग और पन्नों की आभा दिखाने हेतु झींगुर के पंखों के आवरणों का प्रयोग कलाकारों की कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। कृपाल सिंह के संरक्षण में बसोहली चित्रकला का उत्तरवर्ती चरण विकसित हुआ, जिसमें प्रकृति के प्रति झुकाव और कलात्मक परिष्कार अधिक दिखाई देता है। इस काल में चित्रकार मनकू द्वारा रचित 'गीत गोविंद श्रृंखला' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। 18 वीं शताब्दी के मध्य तक बसोहली शैली न केवल जीवित रही, बल्कि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों की चित्रकला को भी एक ऐसी विरासत के रूप में, दिशा देती चली गई, जिसमें रंग, भक्ति और सौंदर्य एक साथ सांस लेते हैं।

# ओरिएंटलिज्म, भारतीय कला परंपरा और औपनिवेशिक व्याख्या का सच

पहली बार एडवर्ड वादी सईद (1935–2003) की पुस्तक "ओरिएंटलिज्म" (1978) ने यह स्थापित किया कि 'पूरब' को लेकर पश्चिमी ज्ञान-परंपरा एक तटस्थ बौद्धिक परियोजना नहीं थी, बल्कि सत्ता, उपनिवेशवाद और वर्चस्व से गहराई से जुड़ी हुई थी। सईद के अनुसार ओरिएण्टलिज्मएक ऐसी ज्ञान-प्रणाली है, जो पूर्व को रहस्यमय, स्थिर, पिछड़ा और अपरिवर्तनशील दिखाकर पश्चिमी श्रेष्ठता को वैध ठहराती है। यह अवधारणा अकादमिक अनुशासन, विचारधारात्मक द्वैत (पूरब-पश्चिम) और औपनिवेशिक शासन के औजार तीनों स्तरों पर कार्य करती है।

भारतीय कला-इतिहास के संदर्भ में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या औपनिवेशिक काल में भारतीय कला पर हुआ समस्त पश्चिमी अध्ययन केवल ओरिएंटलिस्ट पूर्वाग्रहों से प्रेरित था या उस दौर में कुछ ऐसे विद्वान भी थे, जिन्होंने भारतीय कला परंपरा को समझने और प्रतिष्ठित करने का गंभीर प्रयास किया। यहीं सईद के निष्कर्षों की आंशिक पुनर्व्याख्या की जरूरत सामने आती है। ई.बी. हैवेल को ऐसे ही अपवादों में गिना जा सकता है। उन्होंने भारतीय कला को यूरोपीय यथार्थवाद के मानकों से मुक्त करके उसके आंतरिक सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक दृष्टि के आधार पर समझने का आग्रह किया। 'इंडियन स्कल्पचर एंड पेंटिंग' (1908) में हैवेल भारतीय कला को 'नकलची' या 'अधूरा' मानने वाली औपनिवेशिक धारणा का खंडन करते हैं। इस अर्थ में हैवेल सईद के ओरिएण्टलिज्ममॉडल में एक महत्वपूर्ण अपवाद प्रतीत होते हैं।



वहीं लॉकवुड किपलिंग का योगदान भारतीय शिल्प परंपराओं के दस्तावेजीकरण में उल्लेखनीय रहा। लाहौर म्यूजियम और मेयो स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय हस्तकला को 'निम्न कला' मानने की मानसिकता का विरोध किया। किंतु उनकी दृष्टि अक्सर भारतीय कला को एक 'एथ्नोग्राफिक वस्तु' के रूप में देखती है, न कि एक जीवित समकालीन सृजन के रूप में यहां सईद की आलोचना आंशिक रूप से लागू होती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

अलेक्जेंडर कनिंघम के कार्य भारतीय पुरातत्व और स्थापत्य की खोज और संरक्षण में ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। सारनाथ, सांची और बोधगया जैसे स्थलों की पहचान उनके प्रयासों से संभव हुई। परंतु सईद की दृष्टि से यह ज्ञान भी औपनिवेशिक प्रशासन के अधीन था, जहां भारतीय अतीत को 'मृत गौरव' के रूप में प्रस्तुत कर समकालीन समाज से काट दिया गया। इस प्रकार यह संरक्षण और नियंत्रण दोनों का उदाहरण बनता है। सईद के विचारों को आगे बढ़ाने वाले उत्तर औपनिवेशिक विद्वानों में होमी के. भाभा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक, रोनाल्ड इंडन और पार्थ चटर्जी प्रमुख हैं। भाभा ने 'हाइब्रिडिटी', 'मिमिक्री' और 'थर्ड स्पेस' की अवधारणाओं के माध्यम से यह दिखाया कि औपनिवेशिक सत्ता स्थिर नहीं होती और उपनिवेशित समाज सांस्कृतिक स्तर पर उसे चुनौती देते हैं। स्पिवाक ने 'सबऑल्टर्न' की आवाज और प्रतिनिधित्व की राजनीति पर सवाल उठाए, यह रेखांकित करते हुए कि ज्ञान के नाम पर बोलना भी सत्ता का रूप हो सकता है।

रोनाल्ड इंडन ने 'इमेजिनिंग इंडिया' में भारत को स्थिर और रहस्यवादी दिखाने वाली औपनिवेशिक कल्पनाओं की आलोचना की और भारतीय समाज की ऐतिहासिक तथा बौद्धिक गतिशीलता पर जोर दिया। पार्थ चटर्जी ने राष्ट्रवाद और उपनिवेशी ज्ञान के संबंध को विश्लेषित करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रवाद एक साथ प्रतिरोधी भी रहा और औपनिवेशिक श्रेणियों से सीमित भी। समकालीन संदर्भ में देखें तो वैश्विक कला बाजार, बिएनाले और म्यूजियम में ओरिएण्टलिज्मके नए रूप दिखाई देते हैं। भारतीय कला को 'एक्सॉटिक' या 'स्पिरिचुअल' लेबल में बांधना, लोक और आदिवासी कलाओं को 'अनाम' बनाकर प्रस्तुत करना तथा कलाकारों से पहचान की राजनीति की अपेक्षा करना। ऐसे में सईद का चिंतन आज भी प्रासंगिक बना हुआ है।

अंततः कहा जा सकता है कि ओरिएण्टलिज्म भारतीय कला-इतिहास के लिए एक शक्तिशाली आलोचनात्मक औजार है, किंतु इसे पूर्ण सत्य के रूप में नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण विवेचना के साथ अपनाने की आवश्यकता है। औपनिवेशिक दौर में जहां भारतीय कला को हेय दृष्टि से देखा गया, वहीं कुछ विद्वानों ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित भी किया। भारतीय कला-इतिहास का न्यायपूर्ण लेखन तभी संभव है, जब इन दोनों प्रवृत्तियों को साथ-साथ समझा जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,273.92 | 25,935.15 |
| बढ़त | 208.17 | 67.85 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.26 |

सोना - 1,60,700 प्रति 10 ग्राम
चांदी- 2,64,500 प्रति किग्रा

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजीनेस ब्रीफ

### एलआईसी म्यूचुअल फंड : देश की पहली महिला केंद्रित शाखा खुली

**नई दिल्ली :** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने दक्षिण दिल्ली में देश की पहली महिला-केंद्रित शाखा का शुभारंभ किया है। इस शाखा का प्रबंधन और संचालन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। कंपनी के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य निवेश के क्षेत्र में स्त्री-पुरुष अंतर को पाटना और महिलाओं को वित्तीय फैसलों के लिए सशक्त बनाना है। गौरतलब है कि दक्षिण दिल्ली एक बड़ा वित्तीय बाजार है, जिसका अनुमानित एयूएम 1.30 लाख करोड़ है। एलआईसी म्यूचुअल फंड का लक्ष्य इस शाखा के माध्यम से महिलाओं को एक सुरक्षित और सुलभ निवेश वातावरण प्रदान करना है।

### इकोफाई और एथर एनर्जी में समझौता

**नई दिल्ली :** हरित ऊर्जा क्षेत्र की एनबीएफसी इकोफाई ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता एथर एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस पहल के तहत इकोफाई एथर के ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों के लिए 100 करोड़ रुपये की पूंजी लगाएगी। यह साझेदारी ग्राहकों को वाहन ऋण और 'बैटरी-एज-ए-सर्विस' जैसे विशेष हरित वित्तपोषण विकल्प प्रदान करेगी। इकोफाई की सीईओ राजश्री नांबियार ने कहा कि इस कदम से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ेगी। एथर एनर्जी के मुख्य व्यापार अधिकारी रवनीत फोकेला के अनुसार, इससे ग्राहकों के लिए लोन के विकल्प और अधिक सुलभ होंगे।

### बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन लाएगी 2,000 करोड़ का आईपीओ

**नई दिल्ली :** इटली के बोनफिग्लियोली समूह की भारतीय इकाई बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन ने आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी (SEBI) के पास दस्तावेज जमा किए हैं। सूत्रों के अनुसार, कंपनी इस इश्यू के जरिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में है। यह आईपीओ पूरी तरह 'बिक्री पेशकश' पर आधारित होगा। इसके तहत प्रमोटर कंपनी 4.7 करोड़ शेयर बेचेगी और कोई भी नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। चूंकि यह ओएफएस है, इसलिए आईपीओ से मिलने वाली पूरी राशि शेयरधारकों के पास जाएगी। कंपनी मुख्य रूप से पावर ट्रांसमिशन और इंडस्ट्रियल ड्राइव समाधान क्षेत्र में काम करती है।

# अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे : व्हाइट हाउस

## दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) संपन्न किया जा सके। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा की।

फैक्ट शीट में समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है। उसके अनुसार भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स,



रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। साथ ही भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। समृद्ध भविष्य की राह शीर्षक वाले खंड में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी जनता के हितों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। साथ ही आर्थिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि भारत ने दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क बनाए रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37 प्रतिशत तक और कुछ वाहनों पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क है। भारत का इतिहास अत्यधिक संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

दस्तावेज के अनुसार आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत इस ढांचे को शीघ्र लागू करेंगे और अमेरिकी श्रमिकों तथा कारोबार के लिए लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए को अंतिम रूप देने की दिशा में अंतरिम समझौते पर काम करेंगे।

इसमें कहा गया कि भारत प्राथमिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। अमेरिका और भारत उत्पत्ति नियमों पर बातचीत करेंगे ताकि सहमत लाभ मुख्य रूप से दोनों देशों को ही मिलें। भारत अपने डिजिटल सेवा कर हटाएगा और मजबूत द्विपक्षीय डिजिटल व्यापार नियमों पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें भेदभावपूर्ण या बोझिल प्रथाओं तथा डिजिटल व्यापार में अन्य बाधाओं से निपटा जाएगा। दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिससे 1.4 अरब से अधिक आबादी वाले देश का बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा।

### अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने एक्स पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित फाइबर से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी : मांडविया



**इंदौर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अमल में आने पर भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और भारतीय उद्यमियों व निर्यातकों को दोगुना फायदा होगा। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा कि व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच सहमति बनने से पहले अमेरिका ने भारतीय सामान पर ऊंचा शुल्क लगा दिया था, भारत का निर्यात बढ़ा क्योंकि निर्यातकों ने इसको अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए नये बाजार ढूंढ लिए। मांडविया ने कहा कि समझौते से भारत के उद्यमियों और निर्यातकों को फायदा होगा, क्योंकि अब उनके पास अमेरिका के साथ ही नये बाजार भी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ भारत के समझौतों पर कहा कि इन समझौतों में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की सामाजिक सुरक्षा को शामिल किया जा रहा है, जबकि पिछली सरकारों में ऐसा नहीं किया जाता था।

## आर्बिट्रेज का खेल : ट्रेप व एसडीएफ दरों के अंतर से बैंक कमा रहे 0.70% मुनाफा

**मुंबई, एजेंसी,** देश के बैंकिंग सेक्टर में इन दिनों 'आर्बिट्रेज' (दरों के अंतर से लाभ) के जरिए कमाई का दिलचस्प रुझान दिख रहा है। नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार से कम ब्याज दर पर फंड जुटा रहे हैं और उसे अधिक रिटर्न के लिए आरबीआई की स्थायी जमा सुविधा (SDF) के तहत जमा कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार, इस रणनीति से बैंक 0.70 प्रतिशत तक का मुनाफा कमा रहे हैं।

- **म्यूचुअल फंड से कम दर पर पैसा जुटाकर आरबीआई के पास जमा कर रहे हैं बैंक**

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में काफी बढ़ा है। यह फासला 30 जनवरी के 0.33% से बढ़कर 4 फरवरी को 0.76% तक पहुंच गया था। सोमवार को भी यह अंतर 0.63% दर्ज किया गया। दरों के बीच बढ़ते इस गैप ने अतिरिक्त नकदी वाले बैंकों के लिए इस शॉर्ट-टर्म रणनीति को बेहद आकर्षक बना दिया है।

**कैसे काम करता है यह चक्र?**

ट्रेप बाजार में दरें नकदी की मांग और आपूर्ति के आधार पर बदलती हैं, जहाँ म्यूचुअल फंड कंपनियां अक्सर कर्ज देने में सक्रिय रहती हैं। दूसरी ओर, आरबीआई की एसडीएफ दरें स्थिर होती हैं। बैंक ट्रेप बाजार से सस्ती दर पर नकदी उठाते हैं और इसे जोखिम मुक्त सरकारी सुविधा (SDF) में डालकर ब्याज के अंतर का लाभ उठा रहे हैं।

## इक्विटी एमएफ निवेश 14% घटकर 24,028 करोड़ रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क, गोल्ड ईटीएफ और डेट फंड्स में बढ़ी चमक**

देश के म्यूचुअल फंड उद्योग में इक्विटी निवेश की रफ्तार धीमी पड़ी है। उद्योग निकाय एम्फी द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश जनवरी में 14 प्रतिशत घटकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी निवेश में गिरावट दर्ज की गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर बाजार स्थितियों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क नजर आ रहे हैं। इससे पहले दिसंबर में निवेश 28,054 करोड़ रुपये और नवंबर में 29,911 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह गिरावट के बावजूद अक्टूबर (24,690 करोड़) के स्तर के करीब बना हुआ है। इक्विटी श्रेणियों में 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स निवेशकों की पहली पसंद रहे, जिनमें 7,672 करोड़ का निवेश आया। इसके बाद मिड-कैप (3,185 करोड़) और स्मॉल-कैप (2,942 करोड़) का स्थान रहा। वहीं, टैक्स सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस (ELSS) से 593.69 करोड़ की निकासी हुई, जो निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली का संकेत है।

## आयकर छापेमारी : अग्रिम नोटिस से साक्ष्य मिटने का खतरा, सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका डिवाइस को नष्ट करना**



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को डिजिटल युग में जांच एजेंसियों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तलाशी और जब्ती से पहले अग्रिम नोटिस देना, जांच शुरू होने से पहले ही उसे निष्प्रभावी बना सकता है।

आयकर अधिनियम की धारा 132 की वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची ने कहा कि यदि छापेमारी के लिए पहले से नोटिस दिया गया, तो साक्ष्य नष्ट होने की पूरी संभावना रहती है। डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका संबंधित उपकरण (डिवाइस) को नष्ट कर देना है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा की दलीलों पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने तर्क दिया कि धारा 132 अधिकारियों को असीमित शक्तियां देती है, जिससे न केवल कर चोरी करने वाले बल्कि तीसरे पक्ष के उत्पीड़न की भी आशंका रहती है।

### क्या है धारा 132?

यह प्रावधान आयकर अधिकारियों को तब तलाशी और जब्ती का अधिकार देता है, जब उनके पास यह मानने का पुख्ता आधार हो कि किसी व्यक्ति ने आय या संपत्ति छिपाई है। शीर्ष अदालत ने मामले पर विचार के लिए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

## बजाज ऑटो ने चैंपियन बेटियों को दिया तोहफा

- **वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की खिलाड़ियों को मिलेगी चेतक सी25 स्कूटर**

**पुणे।** बजाज ऑटो ने वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हर खिलाड़ी को नई चेतक सी25 स्कूटर भेंट करने की घोषणा की है। बजाज ऑटो का कहना है कि टीम ने जिस आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतरता के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वही गुण चेतक ब्रांड की विरासत से मेल खाते हैं। ऐसे में हर खिलाड़ी को सी25 देना उस साझा सोच का प्रतीक है, जिसमें भरोसा, मजबूती और आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा शामिल है।

कंपनी के मुताबिक चेतक सी25 को तेज़ रफ्तार शहरी जीवन के अनुरूप तैयार किया गया है। बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) सुमीत नारंग ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि 2026 की यह ऐतिहासिक जीत खेल के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास की मिसाल है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के आधुनिक शहरी परिवेश और नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार सी25, कंपनी की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ाती है। टीम प्रबंधन ने भी इस पहल को विशेष बताया है। फ्रेंचाइज़ी के सीओओ राजेश मेनन ने कहा कि पूरे सीजन चेतक की भागीदारी ने मैदान के भीतर प्रदर्शन और मैदान के बाहर फैंस से जुड़ाव दोनों को मजबूत किया।



# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत

## यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर लोस में चर्चा के दौरान भाजपा ने कहा- वैश्विक निवेशकों के लिए भारत भरोसेमंद केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **कांग्रेस सांसद ने कहा- पिंग पोंग खेल रहे हैं जयशंकर और गोयल**

भाजपा की सांसद अपराजिता सारंगी ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक और 2047 तक विकसित भारत बनाने की यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि देश वैश्विक निवेशकों के लिए भरोसेमंद गंतव्य की तरह उभर रहा है। भाजपा सांसद ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, यह बजट सरकार की प्रतिबद्धता, संकल्प और निरंतरता को दर्शाता है तथा जन केंद्रित और समावेशी प्रकृति का है।

सारंगी ने कहा, सरकार का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है और यह बजट निश्वित रूप से इस लक्ष्य की यात्रा की ओर बहुत मजबूत कदम है। यह बजट ऐसे समय में आया है जब भारत विकास यात्रा पर तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया भी इसे मानती है। उन्होंने कहा कि आज देश में विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर उच्च बना हुआ है। भाजपा सांसद ने कहा कि दिसंबर 2025 में मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि 2011 से 2014 (संप्रग सरकार) के बीच औसत मुद्रास्फीति 9.8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी की दर हर दिन घट रही है और आज यह 4.8 प्रतिशत है।

सारंगी ने इसे सरकार के अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, संरचनात्मक सुधारों और स्पष्ट नीति का प्रमाण बताते हुए कहा कि बजट से स्पष्ट है कि सरकार ने दीर्घकालिक विकास का मार्ग चुना है और अवसंरचना, संस्थानों एवं औद्योगिक क्षमता निर्माण में सतत निवेश को अपनाया है। 2014 में जहां सार्वजनिक पूंजी व्यय दो लाख करोड़ था, जो बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ पहुंच गया है।

### व्यापार समझौता पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पहले से तय खरीद समझौते की तरह अधिक प्रतीत होता है जो पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और पीयूष गोयल पर पिंग पोंग खेलने का आरोप लगाया। लोकसभा में बजट पर चर्चा की शुरूआत करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार का यह दावा कि भारत ने चीन, वियतनाम या अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर सौदा हासिल किया है, ठीक नहीं है। किसी भी पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्था ने गारंटीकृत खरीद प्रतिबद्धताओं से अमेरिका के साथ अपने व्यापार सरप्लस को जानबूझकर कम करने पर सहमति नहीं जताई है। थरूर ने कहा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री तथा विदेश मंत्री दोनों ने इनके पैमाने, समयसीमा या वित्तीय प्रभावों के बारे में स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

### ये डील नहीं ढील, अब स्वदेशी जैसे शब्द न बोले भाजपा : अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है तथा जब इसी तरह का व्यापार समझौता करना था तो फिर 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया। अखिलेश ने लोकसभा में यह कटाक्ष भी किया कि भाजपा को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द बोलना छोड़ देना चाहिए। बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ समझौते पर बात हो रही थी। अखिलेश ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे। यह बजट दिशाहीन है और कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 27 पर आरोप तय

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है।

विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या, मकोका, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आपराधिक सुनवाई में आरोप तय करना पहला चरण होता है, जहां अदालत सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप देती है। सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर, 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा (पूर्व) इलाके में उनके बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार किए गए 27 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

## भाजपा की महिला सांसदों ने की विपक्ष पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **चार फरवरी के हंगामे पर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र**

भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में चार फरवरी को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इन महिला सांसदों का कहना है कि चार फरवरी को कुछ विपक्षी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंचों की ओर गए, मेज पर चढ़े और प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा कर घोर अपराध किया था।

भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा परिसर में चार फरवरी को घटनाक्रम ने चिंताजनक मोड़ ले लिया था और हालात गंभीर व अप्रिय परिणामों की ओर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बन सकता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके थे।

अपने पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने चार फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिस तरह सदन की गरिमा, मर्यादा और पवित्रता बनाए रखी, उसके लिए वे लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करना और उनकी सराहना दर्ज कराना चाहती हैं। पत्र में कहा गया कि उस दिन पूरे सदन और देश ने लोकसभा कक्ष के भीतर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक घटनाओं में से एक को देखा। सांसदों ने कहा, हमने देखा कि विपक्षी दलों के सदस्य न केवल सदन में आसन के करीब आए, बल्कि वे मेज पर चढ़ गए, कागजात फाड़े और उन्हें आसन की ओर फेंका।

## नरवणे ने 2023 में साझा किया था अपनी किताब का लिंक : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **कांग्रेस नेता ने कहा- पूर्व सेना प्रमुख पर उन्हें पूरा भरोसा**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे की पुस्तक को लेकर एक प्रकाशक ने इसके प्रकाशित नहीं होने की बात की है, लेकिन खुद नरवणे ने 2023 में एक टवीट् करके अपनी पुस्तक को खरीदने की अपील करते हुए एक लिंक साझा किया था। राहुल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें नरवणे की बात पर भरोसा है तथा उनकी किताब में कुछ ऐसी बाते हैं जो सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असहज कर सकती हैं।

दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उसने सोमवार को एक बयान में कहा था, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच और ऑनलाइन समाचार मंचों पर प्रसारित हो रही उन सूचनाओं का संज्ञान लिया है जिनमें दावा किया गया है कि ''फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'' नामक पुस्तक की एक प्रति सक्षम अधिकारियों से अनिवार्य मंजूरी के बिना प्रसारित की जा रही है।

## निकाय चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ने की खुदकुशी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में नगर निकाय का चुनाव लड़ रहे भाजपा के एक प्रत्याशी ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे महादेवप्पा (45) ने मक्तल स्थित अपने घर में सुबह करीब साढ़े चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल, उन्हें उकसाने का कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से कोई विशिष्ट आरोप नहीं लगाया गया है।

## मोदी की डिग्री मामले में डीयू को सुप्रीम कोर्ट से मिला समय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आदेश को चुनौती देने में देरी पर की जानी है आपत्ति दाखिल**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के विवरण को सार्वजनिक किए जाने से इन्कार करने वाले आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को मंगलवार को तीन हफ्ते का समय दिया। डीयू की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में कोई दम नहीं है और इसका मकसद केवल सनसनी फैलाना है।

उन्होंने एकल पीठ के अगस्त 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील दाखिल करने में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष के पहलू पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। मुख्य न्यायाशीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा, जैसा कि आग्रह किया गया है, देरी के लिए माफी के अनुरोध वाले आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाता है। इसी के साथ पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

## ईडी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट में धनशोधन का प्रकरण किया दर्ज

**अमरावती/नई दिल्ली, एजेंसी**

- **देवस्थानम के नौ अधिकारियों व 5 डेयरी विशेषज्ञों समेत 36 लोग आरोपी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में ''लड्डु प्रसादम'' बनाने के लिए कथित रूप से मिलावटी घी के इस्तेमाल से जुड़े मामले की जांच के लिए धन शोधन का प्रकरण दर्ज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने कुछ समय पहले आरोपी द्वारा कथित रूप से अर्जित अपराध की आय या अवैध धन की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। अधिकारियों ने बताया कि ईडी सीबीआई के नेतृत्व वाली विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी, दस्तावेजों और हाल में दायर आरोपपत्र को देख रही है। एसआईटी ने इस मामले में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नौ अधिकारियों और पांच डेयरी विशेषज्ञों सहित 36 लोगों को आरोपी बनाया है। एसआईटी की जांच के निष्कर्षों के अनुसार, श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर निकाय को घी के रूप में बेची गई मूल सामग्री रासायनिक रूप से संसाधित पामोलिन तेल और अन्य अवयवों से बनी थी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में बस के नदी में गिरने से 12 की मौत

**काठमांडू।** मध्य नेपाल में मंगलवार को एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही बस बागमती प्रांत के रामेछाप नगरपालिका में तामाकोशी नदी में गिर गई। यह स्थान काठमांडू से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक, मृत 12 यात्रियों में से 10 की पहचान कर ली गई है। स्थानीय निवासियों, सुरक्षाकर्मियों और बचाव दलों ने दुर्घटनास्थल से घायलों को विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया।

### अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, हिरासत में लिया गया संदिग्ध

**रॉकविले।** अमेरिका के मैरीलैंड स्थित एक हाई स्कूल में एक व्यक्ति को सोमवार को गोली मारे जाने के बाद इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और इस घटना के मद्देनजर स्कूल परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया गया। स्कूल परिसर में 'लॉकडाउन' की स्थिति हैं जहां से कोई बाहर भी नहीं निकल सकता।मॉन्टगोमरी काउंटी पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि गोलीबारी के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। रॉकविले सिटी पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि आमजन को अब कोई खतरा नहीं है।

### वकील को इमरान से मुलाकात की अनुमति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक वकील को जेल में बंद पीटीआई प्रमुख इमरान खान से मिलने की मंगलवार को अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने वकील को जेल में इमरान की रहने की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को भी कहा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान पांच अगस्त 2023 से सलाखों के पीछे हैं, जब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषसिद्धि के बाद लाहौर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था।

# केन्या में सूखे से हालात गंभीर 20 लाख भुखमरी की चपेट में

- जलवायु परिवर्तन के भीषण दुष्प्रभावों से जूझ रहे हैं 20 जिले

**कंपाला (युगांडा)।** केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और दूसरे संगठनों की ओर से यह जानकारी दी गई है।

केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं।

हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

## 30 साल बाद भी ठोस कदम नहीं

सुप्रीम कोर्ट की ओर से बड़े पैमाने पर बच्चों की गुमशुदगी के पीछे देशव्यापी गिरोह की आशंका जताए जाने से साफ है कि लंबे समय से अनदेखी के कारण देश में यह समस्या कितनी गंभीर हो चुकी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के ताजा आंकड़े और मीडिया रिपोर्ट्स भी इस भयावह तस्वीर को सामने रखती हैं। देश में यह संकट कोई साल दो साल पुराना नहीं है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1993 में ही इस पर चिंता जताई थी। इसके बाद 2007 में इस पर समितियां भी गठित की गईं। नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी के संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' ने दिसंबर 2011 में एक महत्वपूर्ण शोध रिपोर्ट जारी की जिसमें खुलासा किया गया था कि देश भर में हर घंटे लगभग 11 बच्चे लापता होते हैं। इस रिपोर्ट ने पूरे देश में हलचल मचाई लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके।

# बच्चों की गुमशुदगी



### सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने ट्रैक चाइल्ड पोर्टल जैसा राष्ट्रीय डेटाबेस और खोया-पाया सिटीजन पोर्टल शुरू किया। ताजा मीडिया रिपोर्ट के बाद हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फिर राज्यों से विस्तृत डेटा मांगा है।

### देश में बच्चों की गुमशुदगी

- वर्ष 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत में 1.4 लाख से ज्यादा बच्चे लापता बताए गए थे।
- रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 47,000 से अधिक बच्चे गुमशुदा हुए जिनमें 71.4% लड़कियां थीं।
- पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में बच्चों के लापता होने की दर सबसे ज्यादा।
- आंकड़ों के अनुसार जिन बच्चों का पता नहीं लगा, उनमें 12-18 वर्ष आयु के बच्चे सर्वाधिक हैं।

### इन शहरों में सर्वाधिक गुमशुदगी

- दिल्ली में हर दिन औसतन 13 बच्चे लापता होते हैं। 2016 से जनवरी 2026 के बीच दिल्ली में कुल 60,694 बच्चे लापता हुए। जनवरी 2026 में ही 807 बच्चों की गुमशुदगी रिपोर्ट हुई है।
- कर्नाटक में 2020 और 2024 के बीच लगभग 14,878 बच्चों की गुमशुदगी रिकॉर्ड में दर्ज है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा बेंगलुरु शहर का था। यहां लापता बच्चों में 72% लड़कियां हैं।
- मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा बच्चों की गुमशुदगी वाले राज्यों में एक है और इंदौर में यह संख्या सर्वाधिक है। इंदौर के बाणगंगा और लसूडिया शहर राज्य में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं।
- भोपाल में भी बच्चों के लापता होने के आंकड़े काफी भयावह हैं। मध्य प्रदेश में चार वर्षों में लगभग 59,000 बच्चे लापता हुए, जिनमें भोपाल और इंदौर के आंकड़े सबसे अधिक थे।

### लापता बच्चों में 71% लड़कियां

- एनसीआरबी के मुताबिक औसतन लापता बच्चों में लगभग 70% से 71% लड़कियां होती हैं, लड़कों का हिस्सा लगभग 29% से 30% रहता है।
- वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट के अनुसार जहां लगभग 17,000 लड़के लापता हुए, वहीं लापता होने वाली लड़कियों की संख्या 45,000 से अधिक थी।
- लड़कियों की गुमशुदगी के मामलों में मानव तस्करी, जबरन विवाह और घरेलू काम के लिए शोषण जैसे कारण प्रमुख रूप से चिह्नित किए गए हैं।
- लापता होने वाले बच्चों में 80% से अधिक 12 से 18 साल उम्र के होते हैं। इनमें 15 से 18 वर्ष आयु की किशोरियों की संख्या सबसे अधिक है।

### सरकार के कदम

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सके ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर पुलिस और नागरिक लापता बच्चों का डेटा साझा करते हैं।
- ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अभियान चलाकर रेलवे स्टेशनों व शेल्टर होम में मौजूद बच्चों को परिजनों से मिलाती है।
- पुलिस लापता बच्चों की फोटो का मिलान शेल्टर होम के बच्चों से करने को फेसियल रिकगनीशन सिस्टम अपना रही है।

# दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल

## अमेरिकी कानून को अपनी ढाल बनाकर संसद की समिति के सवालों के जवाब देने से किया इन्कार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी ऑन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहाँ वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है।

वह जेल के ही बंद कमरे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया। कोमर ने कहा, यह स्पष्ट रूप से बहुत निराशाजनक है। हमारे पास उन अपराधों के बारे में पूछने के लिए कई सवाल थे जो उसने और एप्स्टीन ने किए थे, साथ ही संभावित सह-साजिशकर्ताओं के बारे में भी सवाल थे। उन्होंने कहा कि जीवित बचे लोगों के लिए न्याय ही इस जांच का मकसद है।



- कुख्यात यौन अपराधी के सहयोगियों का पता लगाने को पूछताछ करना चाहती थी समिति

दरअसल, अमेरिकी संविधान का पांचवां संशोधन अमेरिकियों को सवालों का जवाब देने से इन्कार करके खुद के खिलाफ सबूत देने से बचने का अधिकार देता है। सोमवार को हुई सुनवाई के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि मेलानी स्टैंसबरी ने बताया कि मैक्सवेल ने इस अवसर का उपयोग क्षमादान के लिए अभियान चलाने के तौर पर किया। उन्होंने कहा कि एप्स्टीन के पीड़ितों से बात करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि मैक्सवेल एक बहुत बुरी महिला है जो किसी भी प्रकार की छूट दिए जाने की जरा भी हकदार नहीं है।

### वकील ने कहा- ट्रंप क्षमादान दें तभी सच बताएगी मैक्सवेल

मैक्सवेल के वकील डेविड ऑस्कर मार्कस ने इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से क्षमादान दिया जाता है तभी मैक्सवेल पूरी तरह और ईमानदारी से बोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, केवल वही पूरा विवरण दे सकती है। कुछ लोगों को शायद वह पसंद न आए जो वे सुनेंगे, लेकिन सच्चाई मायने रखती है। मैक्सवेल की पेशी से पहले हाउस ओवरसाइट कमेटी को भेजे गए एक पत्र में एप्स्टीन पीड़ितों के एक समूह ने सांसदों से मैक्सवेल द्वारा दी गई किसी भी जानकारी पर संदेह करने का आग्रह किया। उन्होंने एप्स्टीन के तस्करी अभियान में शामिल कई शक्तिशाली लोगों की पहचान करने से इन्कार करने और कानून प्रवर्तन के साथ सार्थक सहयोग न करने के लिए उसकी आलोचना की। मैक्सवेल को 2021 में अपने पूर्व प्रेमी एप्स्टीन के लिए नाबालिग लड़कियों को शोषण के लिए फंसाने में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था। एप्स्टीन की 2019 में जेल में मृत्यु हो गई थी।

## बढ़ते दबाव के बीच स्टार्मर का इस्तीफा देने से इन्कार

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद बढ़ते दबाव के बीच प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने पद छोड़ने से इन्कार कर दिया है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा, मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।

स्टार्मर लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने को कहा है।स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के नेता अनस सरवर ने भी प्रधानमंत्री स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है।

सरवर ने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए। ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही प्रधानमंत्री आवास है। सरवर लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने स्टार्मर से इस्तीफा देने का आह्वान किया है।

## लावरोव ने कहा- तनाव बढ़ाने की ओर पहला कदम नहीं उठाएगा रूस अमेरिका के कदमों पर रखेगा नजर

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को कहा कि नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (न्यू स्टार्ट) की अवधि समाप्त होने के बाद अब रूस इस बात पर बारीकी से नजर रखेगा कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। लावरोव ने रूस के राष्ट्रीय टीवी चैनल एनटीवी के साथ साक्षात्कार में कहा, हम इस स्थिति को पूरी जिम्मेदारी के साथ संभालेंगे और तनाव बढ़ाने की दिशा में पहल करने वाले पहले पक्ष नहीं बनेंगे। लावरोव ने स्पष्ट किया कि रूस तनाव बढ़ाने की दिशा में पहला कदम नहीं उठाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस की क्षमताओं को ध्यान में रखे बिना भविष्य में किसी बहुपक्षीय हथियार नियंत्रण समझौते की कल्पना करना कठिन है। लावरोव ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से कहा है कि अब चीनियों के साथ समझौता करना आवश्यक है। चीन ने कई बार अपना रुख स्पष्ट किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन अगर इस प्रक्रिया का ध्यान इस तरह के त्रिपक्षीय मोड की ओर स्थानांतरित किया जाता है तो यह केवल मुद्दे के मूल सार को किनारे करने की इच्छा हो सकती है।



- न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद रूसी विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया

## ट्रंप की कनाडा को धमकी, गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल का न करे उद्घाटन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले पुल का उद्घाटन तब तक न करने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमेरिका को पूरा मुआवजा नहीं मिल जाता। गॉर्डी होवे नाम का यह अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने के बाद अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विंडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाले 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं। परियोजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इस पुल का वित्तपोषण कनाडाई सरकार कर रही है, लेकिन पूर्ण होने पर इसका सार्वजनिक स्वामित्व कनाडा और मिशिगन दोनों के पास होगा। ट्रंप गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल के उद्घाटन को कैसे रोक सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं है।

- कहा- पहले अमेरिका से मिली सुविधाओं का पूरा मुआवजा दे कनाडा

## जनमत संग्रह पर यूनुस ने लोगों से की 'हां' में वोट करने की अपील

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अपने देश के लोगों से 12 फरवरी को आम चुनावों के साथ होने वाले जनमत संग्रह में 'हां' में वोट देने और उनके प्रस्तावित सुधार पैकेज का समर्थन करने की जोरदार अपील की। यूनुस ने सोमवार देर रात वरिष्ठ सचिवों और शीर्ष नौकरशाहों को संबोधित करते हुए कहा, यदि जनमत संग्रह के दौरान 'हां' में अधिक वोट मिलते हैं तो बांग्लादेश के भविष्य का निर्माण अधिक सकारात्मक तरीके से होगा। यूनुस ने कहा कि जनमत संग्रह के दौरान यदि लोग 'हां' में वोट करते है तो इससे कुशासन दूर करने में मदद मिलेगी। यूनुस का प्रशासन जटिल 84-सूत्रीय सुधार पैकेज को लेकर जनता का समर्थन हासिल करने के लिए अभियान चला रहा है। कई कानूनी विशेषज्ञों ने अंतरिम सरकार से अपेक्षा की है कि वह निष्पक्ष रुख बनाए रखे। कुछ न्यायविदों ने जनमत संग्रह की वैधता पर भी सवाल उठाया, क्योंकि बांग्लादेश के संविधान में इस तरह के जनमत संग्रह का कोई प्रावधान नहीं है।

- न्यायविदों ने बांग्लादेश में जनमत संग्रह की वैधता पर उठाए सवाल

# वीडियो मामले में असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वामपंथी नेताओं की उस याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें भाजपा के आधिकारिक 'एक्स' खाते पर पोस्ट किए गए एक वीडियो को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। इस वीडियो में शर्मा एक विशेष समुदाय के लोगों की ओर राइफल से निशाना साधते हुए नजर आ रहे हैं।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अगुवाई वाली पीठ ने वकील निजाम पाशा की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी। पाशा भाकपा और माकपा के कुछ नेताओं की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने कहा, हम इस अदालत से असम के मुख्यमंत्री के चिंताजनक बयानों और हाल में पोस्ट किए एक वीडियो को लेकर तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं। इस संबंध में शिकायतें देने के बाद भी अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।



- सीजेआई बोले- चुनाव से पहले कोर्ट में लड़ी जाती है राजनीतिक लड़ाई

सीजेआई ने कहा, समस्या यह है कि जैसे ही चुनाव आते हैं, चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाता है। हम मामले को देखेंगे और तारीख देंगे। शर्मा का एक वीडियो भाजपा की असम इकाई ने सात फरवरी को अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते से साझा किया था जिसमें में शर्मा को राइफल से दो लोगों की ओर निशाना साधते हुए देखा जा सकता है -जिनमें से एक ने टोपी पहनी है और दूसरे ने दाढ़ी रखी है। इस वीडियो को लेकर व्यापक आक्रोश जताया गया और इसकी निंदा हुई थी। हिंसा और सांप्रदायिक नफरत भड़काने के आरोपों के बाद भाजपा ने पोस्ट को हटा लिया था।

## बुर्किना फासो में सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध

**औगाडोगू।** बुर्किना फासो की अस्थाई संसद ने सोमवार को एक विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विश्लेषकों के मुताबिक यह कदम कैप्टन इब्राहिम तरोरे के नेतृत्व वाले सैन्य शासन को अपनी पकड़ को और मजबूत करेगा।

विधेयक को सांसदों के किसी भी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। यह विधेयक राजनीतिक दलों के चार्टर और दलों के वित्तपोषण, चुनावी अभियानों और राजनीतिक विपक्ष की स्थिति से संबंधित कानून को रद्द करता है। वर्ष 2022 में सेना के सत्ता संभालने के बाद से इस 'साहेल' देश में राजनीतिक दलों की गतिविधियां पहले से ही रुकी हुई हैं।

# अमेरिकी संसद में लाया गया एच-1 बी वीजा कार्यक्रम खत्म करने का प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

- अमेरिकी सांसद ने कहा- इस कार्यक्रम से अधिकारविहीन हो रहे हैं हमारे लोग

अमेरिका के एक सांसद ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। उनका कहना है कि कंपनियों ने बार-बार इस प्रणाली का दुरुपयोग किया है और सस्ते विदेशी श्रमिकों को अमेरिका में आयात किया है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के रिपब्लिकन प्रतिनिधि ग्रेग स्ट्यूब ने 'एक्साइल' अधिनियम पेश किया, जिसमें आव्रजन और नागरिकता कानून में संशोधन करके एच-1बी वीजा खत्म करने का प्रस्ताव है। स्ट्यूब ने कहा, अमेरिकी नागरिकों के कल्याण और समृद्धि की तुलना में विदेशी श्रमिकों को प्राथमिकता देना हमारे राष्ट्रीय हितों को कमजोर करता है। हमारे कामगार और युवा एच-1बी वीजा कार्यक्रम के कारण लगातार विस्थापित और अधिकारहीन हो रहे हैं, जो हमारे कार्यबल की कीमत पर कंपनियों और विदेशी प्रतिस्पर्धियों को लाभ पहुंचाता है। हम अपने बच्चों के सपने को तब तक बरकरार नहीं रख सकते जब तक हम उनका हिस्सा गैर-नागरिकों को सौंपते रहेंगे। इसीलिए मैं 'निर्वासन अधिनियम' पेश कर रहा हूं, ताकि मेहनतकश अमेरिकियों को फिर प्राथमिकता दी जा सके।

बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर अमेरिका में रहने और काम करने के लिए एच-1बी वीजा का उपयोग करते हैं। ट्रंप प्रशासन ने कानूनी और अवैध दोनों तरह के आव्रजन पर कार्रवाई तेज कर दी है और एच-1बी जैसे वीजा पर नए और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप ने एच-1बी कार्यक्रम के दुरुपयोग को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

## इजराइली हमलों में गाजा में तीन लोगों की और मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा सिटी के पश्चिम में इजराइल के सैन्य हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। गाजा स्थित शिफा अस्पताल ने बताया कि इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायलों को अस्पताल लाया गया।

ये हमले युद्धविराम समझौता लागू होने के बीच हुए हैं। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसने दक्षिणी शहर रफाह में उसके सैनिकों पर गोलीबारी के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए ये हमले किए। उसने अपने सैनिकों पर हुए हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया। सेना ने कहा कि वह सटीक तरीके से अपने लक्ष्यों को निशाना बना रही है।

# सिडनी में इजराइली राष्ट्रपति की यात्रा का विरोध, हिंसक झड़प

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग की यात्रा के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। सिडनी में सोमवार रात हुए इस विरोध प्रदर्शन में पुलिस की ओर से बल प्रयोग किए जाने के वीडियो सामने आने के बाद विवाद गहराता जा रहा है।

- पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी, 27 लोग गिरफ्तार, कई पुलिसकर्मी घायल

न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस के अनुसार, इस प्रदर्शन में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से नौ पर आरोप तय किए गए हैं। पुलिस ने यह भी दावा किया कि झड़प के दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनएसडब्ल्यू पुलिस आयुक्त माल लेनन ने कहा कि अधिकारियों ने असाधारण संयम बरता और जो आवश्यक था, वही किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शन सिडनी टाउन हॉल के बाहर आयोजित किया गया था। पुलिस के अनुसार करीब 6,000 लोग मौजूद थे, जबकि आयोजकों ने संख्या 50,000 बताई। वीडियो फुटेज में पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों को धक्का देते, मुक्के मारते और कुछ मुस्लिम प्रदर्शनकारियों को नमाज़ के दौरान खींचकर ले जाते देखा गया, जिससे विवाद और बढ़ गया।


बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने उन्हें टाउन हॉल से संसद भवन तक मार्च की अनुमति दी होती तो स्थिति टाली जा सकती थी।

## आज का भविष्यफल

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 09 .58 तक तत्पश्चात दशमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-अनुराधा 10 .53 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज दूसरों के मामलों में बिल्कुल हस्तक्षेप न करें। पारिवारिक हितों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। किसी पुरानी नकारात्मक घटना के कारण आप व्यथित हो सकते हैं, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव आपके आत्मविश्वास पर पड़ेगा।

**वृष** — आज शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। घर में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक संतुलित रहेगी। समयानुसार अपने स्वभाव में बदलाव लायें। दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करें। अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान हो सकता है। किसी गंभीर समस्या का समाधान आपको मिल जाएगा।

**कर्क** — आज अपना काम स्वयं करें तथा दूसरों पर बिल्कुल भी न छोड़ें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। नए कार्यों की शुरुआत को टालना बेहतर होगा। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के व्यवहार से समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज आपको धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। गृहकार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। भाई-बहनों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे।

**कन्या** — आज दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा। आप सस्ते दामों पर महंगी वस्तु खरीद सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चिंता दूर होगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**तुला** — आज आपकी योग्यता और कार्यशैली की प्रशंसा होगी। परिवार के वातावरण को लेकर थोड़े अशांत रहेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। किसी भी काम को हल्के में न लें। धन को लेकर परेशानी दूर होगी।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत में आंतरिक ऊर्जा में कमी महसूस कर सकते हैं। आर्थिक परेशानियों से काफी हद तक निकल पाएंगे। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत आशावादी रहेंगे। पिछले कुछ समय से यदि स्वास्थ्य समस्या थी तो दूर हो सकती है।

**धनु** — आज समाज में हो रहे परिवर्तन को लेकर चिंतित रहेंगे। यात्रा के दौरान परेशानी होगी अपने व्यवहार में अधिक परिवर्तन न करें। संवेदनशीलता के कारण आपका मूड स्विंग होता रहेगा। मित्रों की सलाह लेने से लाभ होगा।

**मकर** — आज दैनिक दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। विद्यार्थी अपने करियर और अध्ययन को लेकर सचेत रहेंगे। किसी विशेष बड़े कार्य में सफलता मिल सकती है। मित्र आपका सहयोग करेंगे। घर की सजावट में आप विशेष रुचि लेंगे।

**कुंभ** — आज अधिकारियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे। घर में अतिथि आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान मिलेगा। साझेदारी में किए गए कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। पुराने ऋण को चुकाने का बेहतरीन समय है।

**मीन** — आज आपका समय बच्चों के साथ बीतेगा। राजनीतिक लोगों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। नौकरी में स्थानांतरण होने की संभावना है।

## सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | | | 4 | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 3 | 5 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| | | 3 | | | 8 | 9 | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| | | 6 | | | | | 7 | 9 |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| 5 | | | 9 | | | | | 6 |

### सुडोकू - 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 |



"अनुभव और संयम से द. अफ्रीका को पहला टी20 विश्व कप जीतने में मदद मिल सकती है। अनुभव के साथ धैर्य बहुत अहम है। टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं। मेरी कोशिश है कि वे खुद को जितना हो सके उतना सहज महसूस करें।
डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका


# स्टेडियम

कानपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| द. अफ्रीका-अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड-ऑस्ट्रेलिया | दोपहर 3 बजे |
| वेस्टइंडीज-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट पीछे : बटलर

**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में पीछे है। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप के दौरान ड्रिंक्स ब्रेक में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी से बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो से रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं। फुटबॉल में भी मैनेजर साइडलाइन से खिलाड़ियों से संवाद कर सकते हैं।

### द. अफ्रीका में मेरे अनुभव से होगा फायदा : राशिद

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में खेलने के अनुभव से उन्हें वहां के खिलाड़ियों को अच्छी तरह समझने का मौका मिला है। उनकी इस जानकारी का टीम के युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा। राशिद चार सत्र से एसए20 खेल रहे हैं। वह आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले दक्षिण अफ्रीका में एक महीना बिताकर आ रहे हैं। उन्होंने एसए20 में एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले राशिद ने कहा कि इस तरह का अनुभव टीम के साथ जानकारी साझा करने में मदद करता है।

# फरहान का अर्धशतक, पाकिस्तान ने अमेरिका को दिया 191 रनों का लक्ष्य


## आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच : अमेरिका के गेंदबाज शाल्कविक ने चार विकेट झटके

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक की मदद से मंगलवार को अमेरिका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फरहान के अलावा पाकिस्तान के लिए केवल तीन और बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें बाबर आजम ने 46 रन और शादाब खान ने 30 रन का योगदान दिया। सईम अयूब ने 19 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवाए। अमेरिका के लिए तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके।

शाल्कविक ने भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। बाबर (32 गेंद) और फरहान (41 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े जिससे पाकिस्तान ने पावरप्ले में दो विकेट पर 56 रन के स्कोर से अच्छी वापसी की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पाकिस्तान ने पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए थे। लेकिन शाल्कविक ने छठे ओवर में पांच गेंद के अंदर अयूब और कप्तान सलमान आगा (01) दोनों को आउट करके पाकिस्तान की रन गति पर लगाम लगा दी। फरहान इच्छानुसार गेंदबाजों पर छक्के जड़ रहे थे। उन्होंने स्पिनर मिलिंद कुमार पर जबरदस्त छक्का लगाया।

फरहान की फॉर्म ने बाबर को क्रीज पर जमने और सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में पहली बार दूधिया रोशनी पर खेलने जाने पहले मैच में अपने शॉट्स खेलने का मौका दिया। बाबर ने अपना पहला छक्का लगाने में 20 गेंदें खेलीं। लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद अच्छी फॉर्म में दिखे। उन्होंने क्रॉस-बैटेड शॉट्स का इस्तेमाल करके कुछ बाउंड्री लगाईं। बाबर ने 12वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह पर एक छक्का और दो चौके मारे जिससे पाकिस्तान का रन-रेट धीरे-धीरे 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया। इस बीच फरहान ने 27 गेंद में अपना नौंवा टी20 अर्धशतक जड़ा और यह आईसीसी टूर्नामेंट में उनका पहला पचासा था। लेकिन बाबर की पारी ऑफ स्पिनर मोहम्मद मोहसिन की गेंद पर समापत हुई और मिलिंद ने डाइव करते हुए उनका कैच लपका। फिर फरहान भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और हरमीत की गेंद पर आउट हो गए। संजय कृष्णमूर्ति ने लांग ऑफ के पास भागते हुए उनका कैच लपका। लेकिन ऑलराउंडर शादाब ने 12 गेंद में 30 रन जोड़कर स्कोर में योगदान दिया। उन्होंने कुछ जबरदस्त शॉट खेले। पर टीम ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवा दिए।



श्रीलंका में खेले जा रहे मैच के दौरान विकेट गंवाने के बाद बल्ला हवा में उछालते पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान।



पाकिस्तान के साइम अयूब का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जशन मनाते संयुक्त राज्य अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक (बाएं से दूसरे)।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा



रन के लिए विकेटों पर दौड़ते न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट।

**चेन्नई, एजेंसी**

- 28 गेंद शेष रहते यूएई को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और पहले विकेट के लिए 175 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को 6 विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच सिफर्ट ने 42 गेंदों की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंदों की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए।

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारूप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को दो चौके से खत्म किया।

# अभिषेक अस्वस्थ, बुमराह ने किया अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात

भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है।

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा कि वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट की परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी खबर मिली। वह पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया। डोएशे ने कहा, बुमराह ने 10 दिन तक गेंदबाजी नहीं की थी, लेकिन अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका मूवमेंट अच्छा है। हम शुक्रवार को अभ्यास के बाद टीम को अंतिम रूप देंगे। अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यकुमार और तिलक वर्मा पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। दोनों ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को सहजता से खेला। चोट वापसी कर रहे ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर संभल कर क्षेत्ररक्षण अभ्यास करते हुए दिखे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। वाशिंगटन ने बाद में तिलक वर्मा को गेंदबाजी की। अभिषेक बीमारी से उबर रहे हैं, वॉशिंगटन धीरे-धीरे वापसी की ओर है और बुमराह के पूरी लय में लौटने के साथ भारतीय टीम प्रबंधन के सामने मैच से पहले कुछ अहम चयन फैसले लेने की चुनौती है।

# भारत का डेविस कप का नया नायक सुरेश



**हाशिये से लेकर मुख्य भूमिका तक**

**नई दिल्ली।** कड़े अनुशासन और अथक मेहनत से करियर को नए मुकाम पर पहुंचाने वाले भारतीय डेविस कप टीम के नए नायक दक्षिणेश्वर सुरेश का उदय व्यवस्थित तरीके से हुआ है। सुरेश का भारतीय टेनिस में हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचने तक का सफर चकाचौंध से दूर रहा और वह धैर्यपूर्वक आगे बढ़ते रहे। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक है। उनके पिता सुरेश एक्का डिंडीगुल के क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। उनके इन्हीं शुरुआती संपर्कों से सुरेश के लिए चेन्नई में लक्ष्मण चक्रवर्ती के रूप में कोच ढूंढने में मदद मिली। उन शुरुआती दिनों से ही कड़ी मेहनत जारी रही। इस दौरान 2010 और 2016 के बीच दक्षिणेश्वर चेन्नई में प्रतिदिन 16 किलोमीटर की यात्रा बस से करते थे। चक्रवर्ती ने अपने शिष्य के शुरुआती संघर्षों के बारे में कहा, तब वह सिर्फ नौ साल का था। उसके लिए कोई शॉर्टकट नहीं था। उसे सुरपेट से मोगाप्पैर, फिर मोगाप्पैर से अन्ना नगर और अन्ना नगर से लोयोला कॉलेज, नुंगमबक्का जाना पड़ता था।

# पीसीबी को आईसीसी से मिलीं रियायतें विश्व कप के बाद होंगी सार्वजनिक

**कराची, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को समाप्त करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट के समापन के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।

पीसीबी सूत्र ने मंगलवार को बताया कि बहिष्कार समाप्त करने पर आईसीसी से पीसीबी को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में आईसीसी टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 पुरुष विश्व कप) की मेजबानी भी दी जाएगी।

### विवाद के समाधान के लिए आईसीसी को धन्यवाद: राजीव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को आईसीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने बहुत अच्छा समाधान निकाला, जिससे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया। बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का जताया आभार

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीसीबी को 15 फरवरी को भारत के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आभार जताया। दिसानायके ने एक्स कहा, यह जानकर बेहद खुशी हुई कि मौजूदा टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का कोलंबो में आयोजन किया जाएगा। श्रीलंका ने पीसीबी को लिखे पत्र में निर्णय बदलने का अनुरोध किया था।

# डि लीडे के प्रदर्शन से नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

- बास डि लीडे ने और लोगान वान बीक ने दो दो विकेट झटके

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को नामीबिया को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड ने अपने गेंदबाजों के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिए।

जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाए। डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32 ) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की। उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया। टी20 विश्व कप का अरुण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा।



नीदरलैंड के बास डी लीडे को रन आउट करने को दौड़ते नामीबिया के रुबेन ट्रम्पेलमैन।

इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी। नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा। माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले नामीबिया के लिये लोफ्टी इटोन (42 रन) और सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक (30 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। जेजे स्मिट ने 15 गेंद में 22 रन बनाये।

वहीं नीदरलैंड के लिए डि लीडे के अलावा वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो और स्पिनर आर्यन दत्त ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। दत्त ने नयी गेंद से शुरूआत करते हुए बेहद किफायती पहला ओवर डाला जिसमें सिर्फ चार रन बने। दूसरे ओवर में लॉरेन स्टीनकेम्प ने वान बीक को चौका जड़कर हाथ खोलने की कोशिश की लेकिन अगले ओवर में दत्त ने उन्हें पवेलियन भेजकर नीदरलैंड को पहली सफलता दिलाई। बाहर की ओर जाती गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर खेलने के प्रयास में स्टीनकेम्प चूके लेकिन विकेट के पीछे स्कॉट एडवडर्स ने मुस्तैदी से स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। इस समय स्कोर बोर्ड पर सिर्फ दस रन टंगे थे।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# आकृति ने रजत, अंजुम ने कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक किया अपने नाम

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में मंगलवार को क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नये रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किये। जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था।

## एफआईएच प्रो लीग

## अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के मिश्रण वाली भारतीय टीम

# बेल्जियम-अर्जेंटीना के खिलाफ शुरुआत करने उतरेगा भारत

**राउरकेला, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत करने को प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।



भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे। पूरी टीम फिट, प्रेरित और उत्साहित है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत को दर्शकों का अपार समर्थन मिलेगा और टीम इसका फायदा उठाना चाहेगी। अर्जेंटीना और भारत के मैचों से पहले बेल्जियम के कप्तान आर्थर वैन डोरेन ने कहा, यहां समय बिताने से आपको परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलती है। हमने अच्छा अभ्यास किया है।

# आंध्र को पारी से हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

## रणजी ट्रॉफी

- सुदीप घरामी ने खेली 299 रन की बड़ी पारी, बंगाल ने पहली पारी में ही बनाए 629 रन

सुदीप घरामी के 299 रन की बड़ी पारी की मदद से पहली पारी में विशाल स्कोर बनाने वाले बंगाल ने मंगलवार को आंध्र को पारी और 90 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आंध्र की पहली पारी के 295 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आंध्र दूसरी पारी में केवल 244 रन ही बना सकी।

बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच होगा। आंध्र ने खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 64 रन से आगे बढ़ाई। यह पहले तय हो चुका था कि वह सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगा लेकिन उसका लक्ष्य सीधी हार से बचना था जिसमें वह नाकाम रहा। बंगाल के गेंदबाजों ने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद की अगुवाई में आंध्र के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। शाहबाज ने 72 रन देकर चार विकेट जबकि सूरज सिंधु जायसवाल ने दो विकेट लिए। आकाश दीप, सुमंता गुप्ता और अनुस्तुप मजूमदार ने एक-एक विकेट हासिल किया। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आंध्र की दूसरी पारी में केवल तीन ओवर ही किए। शमी ने 53 रन बनाकर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था। आंध्र के लिए नीतीश रेड्डी ही उम्मीद की किरण थे, क्योंकि उन्होंने 90 रन बनाए।